प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

वर्ष - 17 | अंक 249 | दैनिक | रांची | मंगलवार 23 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00





**सुविचार**

अकेले रहना तुम्हें यह भी
सिखाता है कि वास्तव मे तुम्हारे
पास स्वयं के अलावा और कुछ भी नही

श्रीमद् भगवद् गीता

हनुमान जयंती पर




## राजस्थान-भीलवाड़ा में मारुति नंदन को लगेगा 3100 किलो काजू कतली का भोग

### 1800 किलो काजू और 1300 किलो शक्कर से तैयार, 21 हजार पैकेट में बाटेंगे नुकती प्रसाद

**भीलवाड़ा (एजेंसी)।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं। भगवान श्री राम के दूत हनुमान का जन्मोत्सव मंगलवार को पूर्णिमा के दिन मनाया जाएगा। इसके लिए भीलवाड़ा के हनुमान मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना व आराधना की जाएगी। प्रमुख मंदिरों में बालाजी को स्वर्ण चोला चढ़ाया जाएगा। भीलवाड़ा के प्रमुख मंदिरों में शामिल बालाजी मार्केट स्थित बालाजी मंदिर 31 बोरी शक्कर से मीठी नुकती का प्रसाद तैयार किया जा रहा है, जिसे 21 हजार पैकेट में श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। वहीं संकट मोचन मंदिर में मंदिर प्रशासन की ओर से 3100 किलो काजू कतली भी तैयार की जा रही है। दोनों के लिए बीते 48 घंटों से तैयारी जारी है।

# राजस्थान लोकसभा चुनाव प्रचार के तीन दिन शेष

## बीजेपी लगा रही पूरा जोर, कांग्रेस में प्रियंका-राहुल की जगह अब गहलोत-पायलट और डोटासरा



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान किया जाना है। ऐसे में प्रचार करने के लिए अब तीन दिन का ही समय बचा है। एक तरफ बीजेपी के दिग्गज नेता एक के बाद एक ताबड़तोड़ रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस में सोनिया, राहुल, प्रियंका और खरगे की अब कोई सभा प्रस्तावित नजर नहीं आ रही। ऐसे में कमान गहलोत-पायलट और डोटासरा संभाल रहे हैं।

राजस्थान में पहले चरण का मतदान संपन्न होने के बाद अब दूसरे चरण के चुनाव की प्रक्रिया जारी है। दूसरे चरण के तहत 13 लोकसभा क्षेत्रों अजमेर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जालौर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, झालावाड़-बारां, राजसमंद, टोंक-सवाई माधोपुर, जोधपुर, कोटा, पाली और उदयपुर में 26 अप्रैल को मतदान होना है। कांग्रेस और भाजपा सहित सभी दलों के प्रत्याशी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पूरा जोर लगा रखा है। दूसरे चरण के चुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के नेता ज्यादा जोर लगा रहे हैं जबकि कांग्रेस और अन्य दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में होने वाली चुनाव सभाओं में केंद्रीय नेता गायब हैं।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## 30 हफ्ते की प्रेग्नेंट 14 साल की रेप पीड़िता को दी गर्भ गिराने की इजाजत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता की 30 सप्ताह की गर्भावस्था को तत्काल चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने का आदेश दिया। इसने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसने लड़की की गर्भावस्था के चिकित्सीय समापन की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और फैसला सुनाया था कि लड़की के लिए हर घंटा महत्वपूर्ण था। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल को गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन करने के लिए एक टीम गठित करने का आदेश दिया।



पीठ ने अस्पताल को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि नाबालिग को सुरक्षित रूप से चिकित्सा सुविधा तक ले जाया जाए और महाराष्ट्र सरकार प्रक्रिया का खर्च वहन करने के लिए सहमत हो। बलात्कार पीड़िता की मां ने बॉम्बे हाई कोर्ट के 2023 के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिसमें उन्नत चरण के कारण गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। बलात्कार पीड़िता की मां के अनुसार, उनकी बेटी फरवरी 2023 में लापता हो गई थी और तीन महीने बाद राजस्थान में एक व्यक्ति द्वारा यौन उत्पीड़न के बाद गर्भवती पाई गई थी।

उसके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और लड़की अपने परिवार के पास लौट आई। 19 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने रेप पीड़िता की मेडिकल जांच का आदेश दिया।

अलीगढ़ में पीएम मोदी बोले-

# अब इनकी नजर हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर है...

## ये सत्ता में आए तो लोगों के घर, गाड़ियां, सोना कब्जे में लेकर बांट देंगे



**अलीगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ में जनसभा की। उन्होंने कहा, पिछली बार जब अलीगढ़ आया था, तब अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्ट्री में अलीगढ़ का ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिल रही।

पीएम ने कहा, इंडी गठबंधन की नजर आपकी संपत्ति पर है। नौकरी-पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है, वे लोग उसकी भी जांच कराने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी संपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है, तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे।

कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टों की है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है।

आपका स्त्री धन लूटना चाहती है। माताओं-बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। यही कांग्रेस ने कहा है। इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है कि देश को कुछ नहीं दिया है। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है। जनता के धन को लूटना, देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है।

### मेरा गरीब भाई ही परिवार

पीएम ने कहा, मेरा गरीब भाई ही परिवार है। मेरा पिछड़ा भाई ही परिवार है। सभी गारंटी का लाभ मध्यम वर्ग के लोगों को भी होता है। इस क्षेत्र को गंगा-यमुना दोनों का आशीर्वाद प्राप्त है। यहां खेती की ताकत कैसे बढ़े इसके लिए भाजपा काम कर रही है। हमने किसानों के खातों में पैसे भेजे हैं। अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि आलू-प्याज-टमाटर के लिए विशेष क्लस्टर बनाएंगे। इसका सीधा लाभ अलीगढ़ और हाथरस के लोगों को होगा। यह क्षेत्र बृज की दहलीज है। 84 कोस परिक्रमा की धरती है। यहां खेरेश्वर महाराज और नौ देवी सिद्ध पीठ जैसे आस्था स्थल है। यहां तीर्थ यात्रा और पर्यटन के लिए अद्भुत संभावनाएं हैं।

## उप्र, बिहार में हीटवेव चलेगी, राजस्थान के 6 जिलों में यलो अलर्ट

### म.प्र.- छत्तीसगढ़ में तापमान 42 डिग्री के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने देश के 4 राज्यों के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों के साथ छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना, राजस्थान,आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कई जिलों में रविवार को तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचा।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम स्थित बहरागोड़ा में सबसे ज्यादा 46.0 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर रिकॉर्ड किया गया। उधर, ओडिशा के कुछ जिलों में तापमान 43 डिग्री के करीब बना हुआ है। यहां हीटवेव चलने के कारण स्कूलों का समय बदला गया है। वहीं राजस्थान के 6 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। आज से 24 अप्रैल तक ओडिशा के सभी स्कूल सुबह 6.30 से 10.30 तक ही लग रहे हैं। वहीं, 25 अप्रैल से गर्मियों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के भी सभी स्कूलों में आज से 15 जून तक छुट्टियों का ऐलान किया गया है। मौसम विभाग ने दिल्ली में आज बूंदाबांदी की संभावना भी जताई है। वहीं, कुछ जगह धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं। ऐसे में तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा। देश में गर्मी के दौर के साथ-साथ 23 राज्यों में बारिश का अनुमान जताया गया है। इनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रधेश और तेलंगाना शामिल हैं।



# मम्मी-पापा... काश आप दोनों झगड़ा नहीं करते

## 12 साल की बच्ची के सुसाइड के लिए कौन जिम्मेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न जाने कब से यह बात सुनते आ रहे हैं कि बच्चे का दिल किस बात से दुखी हो जाए पता नहीं। बच्चों के सामने कोई बात कहने से पहले भी सोचने की बात बड़े बुजुर्ग की ओर से कही जाती है। बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। दस-बारह साल की उम्र में कोई बच्चा तनाव नहीं झेल सकता। वह नहीं जानता कि यह क्या चीज है लेकिन इससे वह परेशान बहुत हो जाता है। एक सवाल से इस उम्र के बच्चों के मन में न जाने कितने सवाल पैदा होते हैं। उन सवालों को कई बार बच्चे जाहिर करते हैं और कई बार खुद ही उनका जवाब खोजने की कोशिश करते हैं। इन सवालों के बीच कई बार वह कुछ ऐसा कदम उठा लेते हैं जिसकी जिम्मेदारी सिर्फ उनकी नहीं होती। जो बच्चे हमारे लिए जान से अधिक प्यारे होते हैं, उनके लिए हम क्यों नहीं सोचते कि हमारा एक गलत कदम बहुत कुछ बिगाड़ सकता है। 12 साल की एक मासूम बच्ची के सुसाइड का ऐसा मामला सामने आया जिसके बाद कई सवाल हैं। महज 12 साल की एक मासूम बच्ची के सुसाइड करने का मामला पुलिस के पास आया है। मामला राजधानी दिल्ली के बवाना इलाके का है। दावा किया जा रहा है कि उसने फांसी लगाकर खुदकुशी की है।



## एचईसी सुपरवाइजर्स एंड एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन ने की यशस्विनी सहाय को समर्थन देने की अपील

विशेष संवाददाता





**रांची।** एचईसी सुपरवाइजर्स एंड एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के महासचिव ब्रजेश कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को समर्थन देने की अपील की है। श्री सिंह ने सोमवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सुश्री सहाय युवा, कर्मठ एवं योग्य उम्मीदवार हैं। आत्मविश्वास से लबरेज सुश्री सहाय में जनसेवा करने का जज्बा और जुनून है। सामाजिक कार्यों के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि यशस्विनी अपने पिता सुबोधकांत सहाय (पूर्व केंद्रीय मंत्री) व माता रेखा सहाय (प्रख्यात टीवी कलाकार) के कुशल मार्गदर्शन में सामाजिक कार्यों एवं पीड़ित मानवता की सेवा के प्रति समर्पित रही हैं। अब राजनीतिक क्षेत्र में भी सुश्री सहाय अपनी प्रतिभा का परचम लहराएगी। एक जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की आवाज को संसद में बुलंद करने में वह सक्षम होंगी। श्री सिंह ने एसोसिएशन के तमाम सदस्यों एवं एचईसी आवासीय परिसर के सभी मतदाताओं से सुश्री सहाय को व्यापक जन समर्थन देने की अपील की है।

## मालदीव में भारत विरोधी मुइज्जू जीते संसदीय चुनाव

- 86 सीटों के नतीजे आए, इनमें 66 सीटें चीन समर्थक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस को

**माले (एजेंसी)।** मालदीव में इंडिया आउट कैंपेन चलाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी संसदीय चुनाव में जीत की तरफ बढ़ रही है। शुरुआती रुझानों में कल (21 अप्रैल) 93 सीटों पर हुए चुनाव में अब तक 86 सीटों के नतीजे आ गए हैं। इनमें से 66 सीटों पर मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस जीती है। किसी भी पार्टी को बहुमत के लिए 47 से ज्यादा सीटों की जरूरत थी। नतीजों की आधिकारिक घोषणा में एक हफ्ते का समय लगेगा। मालदीव की संसद का कार्यकाल मई में शुरू होगा।

# कर्नाटक में जबरन धर्म परिवर्तन के लिए महिला से रेप

## *तस्वीरों के जरिए ब्लैकमेल करता था मुस्लिम दंपति; बुर्का पहनने, नमाज पढ़ने को मजबूर किया*



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में धर्म परिवर्तन करने को मजबूर करने के लिए रेप का मामला सामने आया है। 28 साल की एक महिला ने पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक मुस्लिम व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया और उसकी तस्वीरें लीं।

इसके बाद इन तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर उसे इस्लाम कबूल करने के लिए ब्लैकमेल किया। महिला ने कहा कि दंपति ने उसे बुर्का पहनने और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दंपति समेत 7 लोगों पर एफआईआर की है।

- 2023 में दंपति के साथ रहने आई थी महिला, तब रेप हुआ

पुलिस ने कहा कि रफीक और उसकी पत्नी के कहने पर महिला 2023 में उनके घर में रहने आई। तब दोनों ने उससे कहा कि वे जो भी कहेंगे उसे करना होगा। जब तीनों साथ रहते थे, तो पिछले साल रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने बताया कि इस साल अप्रैल में दंपति ने महिला को बुर्का पहनने, कुमकुम न लगाने और दिन में पांच वक्त की नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। महिला का कहना है कि दंपति ने उसके लिए जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया और कहा कि वह पिछड़ी जाति से है इसलिए उसे इस्लाम कबूल करना होगा।

छत्तीसगढ़-कांकेर में अमित शाह बोले-

## मठ-मंदिरों और संपत्ति पर कांग्रेस की नजर

- मनमोहन सिंह ने कहा था संसाधन पर पहला हक माइनॉरिटी का

**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के मठ मंदिरों पर कांग्रेस की नजर है। यहां का पैसा कहां जाने वाला है? मनमोहन सिंह की बात याद करो, उन्होंने कहा था कि संसाधन, रेवेन्यू पर पहला अधिकार माइनॉरिटी का है। हम कहते हैं कि पहला हक गरीबों, दलितों और आदिवासियों का है। शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को मिर्ची लगी है। मोदी जी ने उनके घोषणा पत्र में से सबकी संपत्ति का सर्वे कराने का निर्देश दिया तो प्रधानमंत्री पर सवाल उठा रही है। राहुल गांधी इसे स्पष्ट करें। क्यों करना है इस सर्वे को? अमित शाह ने ये बातें कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के प्रचार के दौरान कही।



# पूरे प्रांत में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन आज ~ चंद्रकांत रायपत

## 31हजार स्थानों पर हनुमान चालीसा का होगा सामूहिक पाठ



**वरीय संवाददाता, रांची।** विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत द्वारा होटल ग्रीन एकर्स में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। वार्ता में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने बताया पूरे प्रांत में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ तथा साथ ही विश्व हिंदू परिषद का केंद्रीय कार्यक्रम रामोत्सव जो 9 अप्रैल से प्रांत के सभी जिलों के प्रखंडों एवं पंचायतों में लगभग 11000 स्थान पर आयोजित किए गए। श्री रामोत्सव के बाद 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव विहिप द्वारा पूरे प्रांत में मनाया जाएगा। इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव का तैयारी कर रहे हैं। इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है।

प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र ने बताया कि प्रांत के लगभग 31000 स्थान में मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। जिसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे।

प्रेस वार्ता में एकल अभियान से रेखा जैन ने बताया हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा सभी कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई हैं

विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने बताया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूल में इसकी तैयारी कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

प्रेस वार्ता में प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत,प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, विशेष संपर्क प्रांत सहप्रमुख प्रिंस आजमानी , प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन ,कैलाश केसरी, रांची महानगर अध्यक्ष सतीश गुप्ता, वीके गढ्यान (चिन्मया मिशन), मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने हिरण के बच्चे को वन विभाग को सौंपा

**मिथिलेश कुमार ,केरेडारी ।** बेंगवरी गांव के ग्रामीणों ने हिरण के बच्चे को पकड़कर वन विभाग, बड़कागांव के कर्मियों को सौंप दिया। इस संदर्भ में ग्रामीण सह वन सुरक्षा समिति बेंगवरी के अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि चार हिरणों का झुंड बेंगवारी गांव पानी की तलाश में आ पहुंचा। तीन हिरण पानी की खोजबीन के लिए खेत में लगे फसलों की ओर विचरण करने लगे। वहीं हिरण का एक बच्चा झुंड से भटक कर गांव में प्रवेश कर गया। काफी मशक्कत के बाद एक घर में हिरण घुस गया। तब जा कर ग्रामीणों के सहयोग से हिरण पकड़ में आया। हिरण को सुरक्षित रखते हुए वन विभाग, बड़कागांव के अधिकारियों को सूचना दिया। जिसपर वन विभाग के कर्मी आकर हिरण को अपने साथ ले गए। वहीं क्षेत्र के ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि जंगली जीव जंतुओं के सुरक्षित आश्रय और खाना पानी की पर्याप्त व्यवस्था करनी चाहिए।



ताकि जंगली जीव जंतु सुरक्षित रहे। उपरोक्त प्रकरण पर बड़कागांव वन विभाग के फॉरेस्टर बिनोद बेसरा ने बताया कि जंगली पशु का आबादी वाले क्षेत्र में आने और ग्रामीणों के पकड़ में आने से हिरण भयभीत हो कर बीमार हालत में हो गया है। अभी इलाज चल रहा है। उचित स्थिति के आधार पर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा।

# सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू में अर्थ डे पर संगोष्टी आयोजित

**प्रतिनिधि,रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर की ओर से पृथ्वी दिवस के अवसर पर सोमवार को सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू रोड में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें युवा पर्यावरणविद डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे,सेंट्रल एकेडमी स्कूल बरियातू स्कूल की प्राचार्या सुतापा भट्टाचार्य , भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने अपने विचार बच्चों से साझा किए। सभी ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ साथ पौधों की देखभाल भी जरूरी है।

यदि हर एक बच्चा एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो कुछ हद तक हम प्रदूषण से मुक्ति पा सकते हैं है। अगर हमें स्वस्थ्य रहना है तो पेड़ पौधों की रक्षा करनी होगी।हम पृथ्वी का जन्म दिवस मना रहे हैं। हमारा उद्देश्य हरियाली को वापस लाना होना चाहिए। जंगलों को काट कर वहां इमारतें बनाई जा रही हैं। पेड़ो की कमी से प्रदूषण बढ़ रहा है। हम सिर्फ शहरों को स्मार्ट कर रहें हैं, गावों पर ध्यान नहीं देते हैं। सभी नदियां प्रदूषित हो रही है। सभी ने बच्चों को हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी दिलाया साथ ही साथ धरती माता की रक्षा के लिए पौधारोपण, जैविक खेती को बढावा, वर्षा जल संग्रहण, परंपरागत जल स्रोतों को पुर्नजीवित करने की अपील भी की। इस अवसर पर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति पेंटिंग बनाकर सभी रांची वासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपील भी किया। इस अवसर पर पल्लवी कुमारी, स्वेता परिधा, आमिर सोहेल, अंकिता चौरसिया सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के समक्ष दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**प्रतिनिधि,दुमका।** भारतीय जनता पार्टी के दुमका लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन के समक्ष सोमवार को दुमका के गिलान पाड़ा स्थित बैंकट हाल में शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के रानेश्वर प्रखंड के आजसू एवं अन्य दलों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। इस दौरान विभिन्न दलों से आगुंतक दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने पार्टी का अंग वस्त्र देकर भाजपा की सदस्यता दिलाई और परिचयात्मक बैठक किया। सदस्यता समारोह के दौरान भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। वह महिलाओं को पूरा सम्मान दे रहे हैं इसी का नतीजा है कि लोग दूसरे पार्टियों को छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। प्रत्येक दिन नये लोगों का स्नेह वह साथ मिल रहा है इससे हमें नई मिल रही है। दुमका लोकसभा को अग्रणी लोकसभा बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। आज आजसू के केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य दिलीप दत्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का योगदान कराया गया। योगदान ले रहे कार्यकर्ता में श्याम लाल गुप्ता, तापस मंडल, पिरू दे, विक्की अंबष्ट, संजु राय, लखन राय, जय प्रकाश सिंह, दिनेश मिर्धा, वर्णवास हांसदा, प्रदीप कुमार गुप्ता, जोसेफ मुर्मू, साइमन बास्की, रसिक सोरेन, प्रितम राय, राकेश महतो, जयदेव राय, नयन पाल, नरेश सिंह चंद्रवंशी आदि ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# यशस्विनी सहाय ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

- रांची संसदीय क्षेत्र के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टीकर ग्राम में किया जनसभा को संबोधित
- कहा, जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करना प्राथमिकता





**विशेष संवाददाता**

**ईचागढ़/रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए रांची संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टीकर ग्राम से जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया।

अपनी पहली जनसभा में सुश्री सहाय ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में अपनी पूरी ताकत झोंक देंगी। सुश्री सहाय ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति वह सदैव तत्पर रहेंगी। महिलाओं, किसानों, युवक-युवतियों व आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति सक्रियता से जुटी रहेंगी।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी जनता से सुश्री यशस्विनी को व्यापक जन समर्थन देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

इस अवसर पर कपाली नगर परिषद अध्यक्ष सरवर आलम, मोहसिन, संजय दास, राजू चौधरी, उपेंद्र गिरी, मनमोहन सिंह, बाल गोविंद सिंह, दुर्योधन, हनी सिंह मुंडा, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अजमल भाई, महिला कार्यकर्ता रजिया सुल्तान, अष्टमी रविदास सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

### यशस्विनी सहाय ने पिता सुबोधकांत सहाय संग देउड़ी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**रांची।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने देवड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मौके पर उनके साथ पिता सुबोधकांत सहाय (पूर्व केंद्रीय मंत्री) भी साथ थे। सुश्री सहाय ने मातारानी से आशीर्वाद मांगा और अपने सफल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

मौके पर काफी संख्या में कांग्रेस समर्थक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पृथ्वी का संरक्षण-संवर्द्धन नैतिक जिम्मेदारी ~ डॉ राजकुमार शर्मा




## जलवायु परिवर्तन विश्व के लिए गम्भीर चुनौती ~ डॉ.ब्रजेश कुमार

**वरीय संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना(एन एस एस) इकाई के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इस वर्ष का थीम ÷प्लानेट वर्सेज प्लास्टिक÷ विषय पर संगोष्ठी सह युवा संवाद कार्यक्रम प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि पृथ्वी का संरक्षण एवं संवर्धन करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से लगातार छेड़ छाड़ करने से पृथ्वी के साथ ही साथ मानव जीवन भी संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास जरूरी है लेकिन विकास के इस दौड़ में पर्यावरण को असन्तुलित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से जल, जंगल, जमीन के संरक्षण हेतु सकारात्मक पहल करने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर यू के एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती है।उन्होंने कहा आज सभी को संकल्प करना चाहिए कि प्रत्येक शुभ कार्यों में एक - एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करेंगे।उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने में सभी को महत्वपूर्ण योगदान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को बी एड विभाग के डॉ सीमा सिंह, डॉ मनोज कुमार ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ एमलीन केरकेट्टा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कंचन मुंडा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डोरण्डा कॉलेज के एन एस एस के टीम लीडर्स क्रमशः अमन, संकल्प, शशांक, गोलू, कंचन, खुशी , खुशबू आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में पृथ्वी संरक्षण पर कॉलेज के प्राचार्य द्वारा शपथ भी कराया गया।

# जस्टडायल रांची के व्यवसायों को विकसित होने में कर रहा सपोर्ट

**प्रतिनिधि,रांची।** 'झरनों का शहर' कहलाने वाला रांची पूर्वी भारत के प्रमुख ओद्योगिक शहरों में से एक है। तेज़ी से विकसित होती अर्थव्यवस्था, विभिन्न ओद्योगिक सेक्टरों तथा सरकारी एवं निजी कंपनियों की मौजूदगी के चलते रांची व्यवसाय एवं इनोवेशन के वाइब्रेन्ट हब के रूप में उभरा है। एमएसएमई (छोटे, लघु एवं मध्यम उद्यम) सेक्टर रोज़गार के अवसर प्रदान कर ओद्योगिकीकरण और क्षेत्र के विकास में योगदान दे रहा है। शहर में 71,489 रजिस्टर्ड एमएसएमई हैं जो अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

झारखण्ड एमएसएमई प्रोमोशन पॉलिसी 2023 जो राज्य में एमएसएमई के विकास और रोज़गार की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करती है, के अनुरूप जस्टडायल व्यवसायों को अपना विस्तार करने और सफलता हासिल करने में सक्षम बना रहा है। अपने प्लेटफॉर्म और रिसोर्सेज़ का उपयोग कर जस्टडायल रांची के व्यवसायों को बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के साथ जोड़ता है, और उनके विकास को गति प्रदान करता है। स्मार्ट पावर सोल्युशन्स के मालिक जमीअुर रहमान जस्टडायल के प्रभाव पर बात करते हुए कहते हैं कि 2020 के बाद से जस्टडायल ने हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्लेटफॉर्म के ज़रिए हमें प्रीमियम कस्टमर्स की लीड्स मिलती हैं। साथ ही यह प्लेटफॉर्म डिजिटल एवं ऑनलाईन मार्केटिंग में सहयोग प्रदान कर हमारे व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करता है।''

इसी तरह एक्सेल एंटरप्राइज़ेज़ से राहुल रंजन दिवाकर कहते हैं, ''जस्टडायल के साथ जुड़ने के बाद पिछले नौ महीनों के दौरान हमें बेहतरीन परिणाम मिले हैं, इस प्लेटफॉर्म की वजह से हमारा बिज़नेस काफी बढ़ गया है।

डॉ शिवास्मी नागल, चेयरमैन एवं एमडी, मां राम प्यारी ऑर्थो हॉस्पिटल रीसर्च सेंटर प्रा. लिमिटेड ने अपने पेशेंट बेस को बढ़ाने में जस्टडायल की भूमिका पर बात करते हुए कहा, ''आज के डिजिटल दौर में मरीज़, डॉक्टर या अस्पताल ढूंटने के लिए ऑनलाईन रिसोर्सेज़ पर भरोसा करते हैं। जस्टडायल उनके लिए इस प्रक्रिया को आसान बनाता है और मरीज़ों को हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के साथ जोड़ता है।

रोशन प्रिंटिंग प्रेस के मालिक रोशन कुमार बताते हैं कि जस्टडायल ने उनके व्यवसाय को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुसार, ''पिछले साल के दौरान हमें जस्टडायल से काफी फायदा हुआ है। पहले, हम रु 15 हज़ार सालाना के पैकेज के लिए सब्सक्राइब करते थे, जिससे रु 1500 प्रति माह का व्यवसाय मिलता था। 6-7 महीनों के अंदर हमें जस्टडायल से 60 से 70 हज़ार का काम मिलने लगा।

जस्टडायल रांची के एमएसएमई को सशक्त बनाने और उनके व्यवसाय के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। रांची उद्योग जगत के पावरहाउस के रूप में विकसित हो रहा है, इस बीच यह प्लेटफॉर्म शहर के व्यवसायों के लिए भरोसेमंद पार्टनर की भूमिका निभा रहा है। शहर के वाइब्रेन्ट मार्केट में उनकी पहुंच और क्षमता बढ़ाने में योगदान दे रहा है।

# झारखंड आंदोलनकारी स्टीफन किंडो ने भरा नामांकन पत्र

## क्षेत्र को विकास मॉडल बनाने का लिया संकल्प



**वरीय संवाददाता ,रांची/गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, गुमला जिला के तत्वावधान में सोमवार को लोहरदगा संसदीय सीट से झारखंड आंदोलनकारी स्टीफन किंडो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व जशपुर रोड स्थित करैन्धी बगीचा से बड़ी संख्या में परंपरागत वाद्य यंत्रों के साथ झारखंड आंदोलनकारियों ने जुलूस में शामिल हुए। इस मौके पर आंदोलनकारियों ने बेहतर झारखंड राज्य बनाने , लोहरदगा गुमला जिला को विकास का मॉडल बनाने, क्षेत्र से पलायन विस्थापन को रोकने के लिए खनिज आधारित एवं कृषि आधारित उद्योग लगाने का संकल्प लिया। राज्य में समता जजमेंट लागू करने के प्रति आंदोलनकारी ने अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। नामांकन के दौरान झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, दक्षिण छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की, केंद्रीय संयोजक सरोजिनी कच्छप, गुमला जिला अध्यक्ष सीताराम उरांव, जिदन कोल, सोमारी उरांव, विजय इसाक तोप्पो, सुजात टोप्पो, प्रतिमा कुजूर, छेदी अंसारी, अश्रीता कुजुर, महेंद्र उरांव, जुबैर अंसारी, सुधीर उरांव, दिलमोहन मुंडा, पंचस उरांव सहित काफी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी गण उपस्थित थे।

# अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान कराने हेतु बैठक आयोजित

## मीडियाकर्मियों के समक्ष वीडियो डेमोन्स्ट्रेशन कर पोस्टल बैलट से मतदान की दी गयी जानकारी

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थान के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे। बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग श्री संजय कुमार भगत ने डाक मतपत्र संबंधित सभी बारिकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।

### मीडियाकर्मियों के समक्ष वीडियो डेमोन्स्ट्रेशन

वैसे मीडियाकर्मी जिन्होंने लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान कवरेज हेतु प्राधिकार पत्र प्राप्त किया है और वो पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान के इच्छुक हैं। उन्हें बैठक के दौरान बैलेट के माध्यम से मतदान के मार्गदर्शन हेतु वीडियो दिखाया गया।

### पोस्टल बैलेट से कब कर सकते हैं मतदान

चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त तीन दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे। आपको बतायें कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल 16 श्रेणी के कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है।

# एफजेसीसीआई ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस




**वरीय संवाददाता, रांची।** झारखंड चैंबर की स्वच्छ भारत व पौधरोपण उप समिति की बैठक चेंबर भवन में उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। विश्व धरती दिवस के अवसर पर कहा गया कि यह धरती माता हम सब की पोषक हैं ।हम सबको इसकी रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और वृक्षों के कटने के कारण धरती लगातार गर्म होती जा रही है और यही वजह है कि हमेशा प्राकृतिक आपदा आती रहती है। कभी बाढ़ व कभी सूखा तो कभी गर्मी का बढ़ना तूफान, भूकंप इसका प्रमुख कारण है। लोगों की जान माल को क्षति पहुंच रही है। धरती का शोषण, दोहन, अत्याचार करना बंद करना होगा, तभी सभी धरती पर सुरक्षित रह सकते हैं। हम सभी धरती के पुत्र समान हैं तभी हम इसे धरती माता कहते हैं और प्रणाम करते हैं। धरती माता लोगों के सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण एक गंभीर समस्या बना हुआ है, इससे बचने हेतु अधिक से अधिक मात्रा में पौधरोपण करना चाहिए, ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके, पौधरोपण द्वारा ही पर्यावरण की रक्षा संभव है। बैठक में चेंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल, सदस्य आनंद जालान, परमजीत सिंह चाना, मनोज कुमार मिश्रा, स्वामी दिव्यज्ञान, मोनल श्रीवास्तव, कुमार शिवम सहित अन्य उपस्थित थे।

# दया शंकर झा बने आजसू पार्टी के रांची जिला सचिव

**वरीय संवाददाता ,रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े दया शंकर झा को आजसू पार्टी का रांची जिला का सचिव नियुक्त किया गया है। आजसू पार्टी का रांची जिला सचिव बनाए जाने पर दया शंकर झा ने कहा पार्टी ने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है उस पर मैं शत प्रतिशत खरा उतरूंगा साथ ही पार्टी हित में हर कार्य जिम्मेवारी पूर्वक करूंगा। मौके पर छात्र ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा दया शंकर झा क्लब के वरीय संरक्षक हैं वे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं उन्हें आजसू पार्टी का रांची जिला सचिव बनाए जाने पर क्लब परिवार में खुशी की लहर दौड़ आई है।इस अवसर पर क्लब परिवार ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो,मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ.देवशरण भगत,केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस,डॉक्टर के अशोक कुमार नाग एवं अन्य पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया और दया शंकर झा को बधाई दी।



# शादी की शहनाइयों की गूंज पल भर में मातम में बदली

## गांव से निकल रही बारात गाड़ी ने दर्जनों लोगो को कुलचा, 3 वर्षीय बालक की मौत

**प्रतिनिधि,बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंदगी गांव में रविवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। शादी की शहनाइयों की मीठी धुन पल पर में चीखों और मातम में तब्दील हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेंदगी निवासी सिकंदर रविदास पिता रेवल रविदास का रविवार को शादी होनी थी, वह दूल्हा बनकर गाजे बाजे के साथ अपनी दुल्हन को लाने बारात लेकर निकलने की तैयारी में था, बारात का हिस्सा सैकड़ों लोग थे। साथ ही दर्जनों लोग बारात देखने सड़क पर खड़े थे। इसी बीच बारातियों की गाड़ी में से एक आल्टो वाहन संख्या डब्लू बी 02 एके 3155 अनियंत्रित हो गई और अपने चपेट में 3 वर्षीय बालक शानवी कुमार पिता शंकर रविदास, राधिका देवी पति शंकर रविदास, मंजू कुमारी, सुम देवी, सुरेश रविदास, कुलेशर रविदास, मधु देवी, मंजू देवी सहित 12 लोगों को अपने चपेट में ले दिया। आनन फानन में सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बरही लाया गया, जहां चिकित्सको ने शानवी कुमार को मृत घोषित कर दिया। कई लोगो को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया और कई लोगो का उपचार अनुमंडलीय अस्पताल बरही में चल रहा है। बारात बरही से बरकट्ठा जाने वाली थी और यह घटना करीब साढ़े बारह बजे की है। घटना की खबर सुनकर सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, दिनेश साव, मनोज रविदास सहित कई लोग अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और घायलों का बेहतर उपचार करवाने में सहयोग की।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की घटना पर ही हुई मौत, खड़ी ट्रक में मारी टक्कर

**प्रतिनिधि, बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड स्थित गंगटियाही मोड़ ( सकरेज ) के समीप बाईक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौके पर मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह करीब 9-30 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह बगोदर की ओर जा रही बाईक संख्या डब्लूबी 40एएक्स 8065 ने खड़ी ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त रणविजय शाह 45 वर्ष ,पिता उमाशंकर शाह ओरंगाबाद निवासी के रुप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही बरकट्ठा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

## लड़कियों को शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है-कुंज बिहारी साहू



**पुसू प्रतिनिधि , बड़कागांव** लोकहित अधिकार पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी कुंज बिहारी साहू ने बड़कागांव विधानसभा के विभिन्न गांवों में अपने जन जागरूकता अभियान चलाया इसी कड़ी में सोमवार को ग्राम चेपा खुर्द पहुंचे जहां शंम्भू साहू की सुपुत्री सुरभि कुमारी एवं स्वर्गीय बालेश्वर साहू एवं मो0 माधो देवी की सुपुत्री काजल कुमारी की शादी समारोह में शामिल होकर आशीर्वचनों से अलंकृत किया द्य उन्होंने आगे कहा लड़कियों को शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत हैद्य विवाह होने के बाद भी पढ़ाई जारी रखते हुए संवैधानिक हक अधिकार पानें का प्रयत्न करें।

रामविलास साव ने कहा कि कुंज बिहारी साहू गरीब जरूर है पर गरीब, वंचित, शोषित,उपेक्षित कमजोर, पीड़ित,विस्थापित लोगों के लिए दरियादिली दिखाते हैं। सभी के सुख-दुख में शामिल रहते हैं। मौके पर कृष्ण कुमार, राजन कुमार, शम्भू कुमार साहू, कुलदीप कुमार, जुगेश्वर साहू, धनेश्वर साहू, शिव साहू,परमेश्वर साहू, उर्मिला कुमारी, शीला देवी, शांति कुमारी, माधव देवी, बालमती देवी,तेतरी देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## कृषि उत्पादन बाज़ार समिति,हजारीबाग लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतगणना स्थल/स्ट्रांग रूम के रूम में चिन्हित, चुनाव आयोग की मिली स्वीकृति

**प्रतिनिधि,हज़ारीबाग।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त 14 हजारीबाग के संसदीय क्षेत्र (21 बरही,22 बड़कागांव,23 रामगढ़, 24 मांडू एवं 25 हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र) के लिए कृषि उत्पादन बाज़ार समिति,हजारीबाग को मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम के रुप में चिन्हित किया गया है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

## स्थानीय सांसद बनाकर टेकलाल बाबू का सपना पूरा करेगी जनता - कांग्रेस प्रत्याशी



**पुसू प्रतिनिधि,हजारीबाग।** हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने लोकसभा चुनाव हेतु जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को उन्होंने पांच पंचायतों के विभिन्न गांवों का दौरा कर गठबंधन को वोट करने की अपील की।

जनसंपर्क के क्रम में उन्होंने सबसे पहले विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चानो पंचायत का दौरा किया। इसके बाद सारुकूदर, गोविंदपुर, खरना फिर भेलवारा पंचायत के गावों का दौरा किया। इस दौरान जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में बदलाव आज देश की मांग है। श्री पटेल ने लोगों से कहा कि आपके सपने तभी पूरे होंगे जब आप बदलाव लाएंगे। उन्होंने सभी से बिना किसी बहकावे के मतदान करने को आग्रह किया।

जनसंपर्क के दौरान गठबंधन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जेपी पटेल का विभिन्न जगहों पर स्वागत किया। ग्रामीणों ने भी फूल माला पहना कर जेपी पटेल के प्रति स्नेह जताते हुए आशीर्वाद दिया।

जनसंपर्क में मुख्य रूप से टेकोचंद महतो, बेलाल अंसारी, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, खिरिया देवी, महेश महतो, उत्तम महतो, परमेश्वर महतो, हेमलाल महतो,अनिल राय, बालेश्वर महतो, राहुल कुमार, शेख कल्लू, फिरोज अंसारी, अनिल पटेल, डॉक्टर इम्तियाज अहमद, कैला राय आदि मौजूद रहे।

## चित्रांश महापरिवार गोला की हुई मासिक बैठक, दिवंगत पूर्व सचिव को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रतिनिधि,गोला(रामगढ़)।** गोला बक्शी टोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में चित्रगुप्त महापरिवार गोला की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमोद कुमार बक्शी ने की। बैठक में सर्वप्रथम महापरिवार के पूर्व सचिव स्व.ज्योति कुमार सिन्हा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। ज्ञात हो कि दिवंगत ज्योति कुमार सिन्हा का निधन 03अप्रैल को धनबाद से गोला आने के क्रम में दामोदर रेस्टोरेंट के समीप सड़क दुर्घटना में हो गई थी। अपने सचिव के पद पर रहते हुए उन्होंने समाज के लिए काफी सराहनीय कार्य किया। सभी चित्रांश बन्धुओं ने उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं समाज के प्रति उनकी सोंच की भूरी भूरी प्रशंसा की। मौके पर सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, धीरेन्द्र नारायण बक्शी, दीपक कुमार सिन्हा, कुँवर कुमार बक्शी, सुनील कुमार सिन्हा, सुमन कुमार सिनेमा, सुजीत सिन्हा, सुचीत कुमार सिन्हा, जीवन बक्शी, अमित कुमार, प्रवीण बक्शी, संजीव कुमार सिन्हा, प्रदीप चन्द्र लाला, संजय बक्शी, संदीप बक्शी, आनंद बक्शी, अभिषेक सिन्हा, प्रीतेश बक्शी सहित अन्य चित्रांश बंधु शामिल हुए।

# खंडोली डैम में मतदाता हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**इस दौरान खंडोली डैम में नौका विहार कर सभी लोगों से मतदान करने का संकल्प लिया गया। साथ ही नैतिक मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई**

पुसू प्रतिनिधि




**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप एक्टिविटी के तहत व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि आमजनों को मतदान के महत्व की जानकारी तथा सभी को जागरूक व प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को स्वीप कोषांग द्वारा नोडल पदाधिकारी, (स्वीप कोषांग) सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में बेंगाबाद प्रखंड के खंडोली डैम में मतदाता हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही वहां मौजूद सभी लोगों को लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन की तिथि, मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950, सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, सक्षम ऐप आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान खंडोली में नौका विहार कर सभी लोगों से मतदान करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेंगाबाद, सहयोगी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, डीसीपीयू काउन्सलर, हेल्प डेस्क मैनेजर श्री दिवाकर पाठक समेत स्वीप कोषांग की टीम व प्रखंड के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें और अपना फर्ज निभाएं, एक वोट से हार होती है और एक वोट से जीत। यह संदेश सोमवार को स्वीप कोषांग द्वारा आयोजित बेंगाबाद प्रखंड स्थित खंडोली डैम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिया गया। इस दौरान नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने सभी लोगों को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की, वहीं चुनाव में कैसे उम्मीदवार का चयन करना है, चुनाव कैसे होता है, मतदान की तिथि समेत अन्य जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यहां के युवा जागरूक मतदाता होने का फर्ज अदा करते हैं, उन्होंने कहा कि हमारे देश का प्रजातंत्र तभी मजबूत होगा जब मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ेगी। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक किया गया कि वे स्वयं तथा उनके क्षेत्र के मतदान करें यह सुनिश्चित करें। प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को मतदाता प्रतिज्ञा हेतु शपथ दिलाई गई। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## 20 मई को कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधानसभा उपचुनाव व 25 मई को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मतदान

- गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया
- वैन के माध्यम से आमजनों को चुनाव संबंधी दी जायेगी जानकारी



**पुसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 20 मई और 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा एलईडी वैन के माध्यम से सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई।

# लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त कोषांगो के कार्यों की समीक्षा

**सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें-- जिला निर्वाचन पदाधिकारी**

पुसू प्रतिनिधि




**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए कार्मिक सेल/वाहन सेल/लॉजिस्टिक सेल/प्रशिक्षण सेल/ईवीएम वीवीपैट सेल/एएमएफ सेल के कार्यो के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी कोषांगों के कार्यो की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उक्त सभी कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली गई। तथा उन्हें बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा गया कि सभी कोषांग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इस दौरान सभी को बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराना हमारी जिम्मेवारी है। साथ ही कंप्यूटर कोषांग, सामग्री कोषांग, लॉजिस्टिक कोषांग को दिशा- निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कंट्रोल रूम को 24 म 7 उचित संचालन एवं रजिस्टर संधारण को लेकर निर्देश दिए।

इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने महुआ शराब भट्ठी में की छापामारी



**पूसू प्रतिनिधि,डुमरी।** डुमरी थाना पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के कल्हाबार गांव के एक महुआ शराब भटठी पर छापेमारी कर कई किलो जावा महुआ और शराब बरामद किया। पुलिस की छापेमारी से पहले भटठी संचालक फरार हो गया। इस संबंध में बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर महुआ शराब भटठी का संचालन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी प्रिनन के नेतृत्व में पुलिस बल उक्त भटठी में छापेमारी कर लगभग एक क्विंटल जावा महुआ और 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने मौके पर ही बरामद जावा महुआ, महुआ शराब सहित भटठी को नष्ट कर दिया गया।

## शादी से लौट रही महिलाओं से करने लगे अश्लील हरकत, विरोध करने पर पत्थर से हमला

**नवादा।** झारखंड के गावां प्रखंड के भेलवा में कुछ मनचलों की दबंगई सामने आई है। यहां एक शादी समारोह से लौट रहे परिवार को बीच सड़क पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। मनचलों ने ऑटो पर सवार महिलाओं और बच्चियों के ऊपर जमकर पत्थर और ईंट बरसाए हैं। इस घटना में 3 महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी हैं। जिसमें एक महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए परिजन नवादा ले गए हैं। घटना के समय एक आर्मी के जवान ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों की जान बचाई व अस्पताल पहुंचाया।


**क्या है पूरा मामला :** नवादा जिला स्थित अकबरपुर प्रखंड के एक गांव से एक परिवार के लोग विवाह समारोह में भाग लेने बिरनी थाना क्षेत्र के बरमसिया गये थे। शनिवार को विवाह कार्य संपन्न होने के बाद पटना-बल्हारा पथ के द्वारा ऑटो से लौट रहे थे। बादीडीह गांव के पास दो बाइक पर सवार तीन युवक ऑटो पर बैठी महिलाओं व युवतियों के साथ अश्लील हरकते करने लगे।

# सड़क दुर्घटना में युवा व्यवसायी मनीष सिंह उर्फ मंटू सिंह की दर्दनाक मौत, शोक में डूबा शहर

**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो, चतरा।** हजारीबाग से लौट रही बारातियों से भरी स्विफ्ट कार पेड़ से टकरायी। इस दुर्घटना में स्विफ्ट कार के परखच्चे उड़ गये। इस दुर्घटना में दुर्घटना में युवा व्यवसायी मनीष सिंह उर्फ मंटू सिंह की दर्दनाक मौत हो गई, दो अन्य कार सवार हुए घायल। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती। मनीष सिंह अपने दो साथियों के साथ हजारीबाग जिले के डंडय गांव से बारात से वापस चतरा लौट रहे थे । सोमवार को तड़के सुबह चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित गिद्धौर थाना क्षेत्र के इंदरा गांव में सड़क किनारे पेड़ अनियंत्रित होकर कार पेड़ से जा टकराई। चतरा शहर के नगवां मोहल्ला इलाके में संचालित पफेक्स मॉल बिल्डिंग के मालिक व्यवसायी मनीष सिंह उर्फ मंटू सिंह की इस दुर्घटना में जान चली गई। मनीष तपेज निवासी भाजपा नेता अरुण सिंह के पुत्र व पूर्व मुखिया कुमार विवेक के भतीजे थे। घायल अवस्था में हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में मनीष ने तोड़ा दम। दुर्घटना में मौत की खबर के बाद घर मे मचा कोहराम, शोक में डूबा शहर। मनीष अपने दोस्तों के साथ दारियातु पंचायत की पूर्व मुखिया पूनम देवी के बेटे की शादी से लौट रहे थे। समाज सेवा के क्षेत्र में मनीष ने बनाई थी शहर में अपनी अलग पहचान। स्वभाव से मृदु भाषी मनीष के निधन से चतरा शहर शोकाकुल है। निधन की खबर जिसने भी सुनी अफसोस जताया।

## चतरा कॉलेज चतरा परीक्षा केंद्र पर यूजी सेमेस्टर वन की पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो



**चतरा।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा यूजी सेमेस्टर 1 की परीक्षा आज से प्रारंभ हुई। चतरा जिला में दो परीक्षा केंद्रों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के तहत विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार इस परीक्षा का आयोजन किया गया है। चतरा कॉलेज और लाला प्रीतम बीएड कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केदो पर सिमरिया कॉलेज,आर एन एम कॉलेज हंटरगंज, भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी, टंडवा कॉलेज और मॉडल कॉलेज चतरा का परीक्षा केंद्र चतरा कॉलेज चतरा में है और लाला प्रीतम बीएड कॉलेज में चतरा कॉलेज चतरा एवं महिला कॉलेज चतरा का परीक्षा केंद्र है। सोमवार को परीक्षा में चतरा कॉलेज केंद्र पर पहली पाली में 552 परीक्षार्थी एवं दूसरी पाली में 987 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए इस आशय की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य सह केंद्र अधीक्षक डॉक्टर एमके झा ने दी। लाला प्रीतम बीएड कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली की परीक्षा में 375 एवं दूसरी पाली की परीक्षा में 574 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस आशय की जानकारी लाला प्रीतम बीएड कॉलेज परीक्षा केंद्र के केंद्र अधीक्षक डॉक्टर एल्विन बाखला ने दी। दोनों परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा सदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।

आवश्यक सूचना

महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा, झारखण्ड राँची का ज्ञापांक-753/OTD, दिनांक-04/04/2024 के आलोक में राँची जिला अन्तर्गत प्रभावित बल के सभी शहरी/ग्रामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव ड्यिुटी में लगाया जाना है। प्रभावित बल के सभी गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि चुनाव कार्य हेतु (दिनांक-06.05.2024 से 04.06.204 तक) 02 सेट वर्दी, बेडिंग एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ तैयारी हालत में रहेंगे।

राँची जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो विभिन्न कार्यालयों/संस्थानों/आवासीय कार्यालय/निदेशालय/सचिवालय/मंत्रालय में प्रतिनियुक्त है और अपना मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति (वोटर कार्ड) जमा नहीं किये है, वे दिनांक-15/04/2024 तक निश्चित रूप से कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। इस आशय की सूचना पूर्व में भी दूरभाष, विभिन्न वॉटस अप ग्रुप, कार्यालय सूचना एवं दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से बार-बार सूचित किया जा रहा है। इसके बावजूद भी आपके द्वारा आदेश को अनदेखी किया जा रहा है। निर्धारित तिथि तक मतदाता पहचान पत्र पर अपना मोबाईल नम्बर अंकित कर कार्यालय में जमा नहीं करने पर आपके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

वैसे गृह रक्षक जिनका फार्म-12 चुनाव कोषांग से जेनरेट हो गया है और वे अबतक कार्यालय आकर उक्त फार्म पर हस्ताक्षर कर जमा नहीं किये है, को आदेशित किया जाता है कि आप यथाशीघ्र जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हरमू राँची आकर फॉर्म-12 पर हस्ताक्षर कर जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा आप आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
राँची।

PR 323974 Police(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### अहियापुर में सात घर जले, लाखों का नुकसान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर थाना क्षेत्र के विजय छपरा में रविवार की दोपहर आग लगने से सात घर जलकर राख हो गये। घटना में लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते-ही-देखते कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अग्निशमन विभाग के दो गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में सात परिवार महेश सहनी, सुरेश सहनी, मनोज सहनी, रिंकू देवी, पवन सहनी, राकेश सहनी, हरेंद्र सहनी का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। राकेश सहनी ने बताया कि उसका टेंट हाउस चलता है। आग लगने से टेंट हाउस के सामान जलकर राख हो गये। महेश सहनी ने बताया की सीएनजी ऑटो कल ही बेचे थे। उसका पैसा भी जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि घर में रखे गहना, कपड़ा, खाने पीने के सामान, बिस्तर आदि जल गये। इनलोगों ने मुआवजे की मांग की है।

### शिविर में 21 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मारवाड़ी युवा मंच मुजफ्फरपुर शाखा और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति द्वारा रविवार को जूरन छपरा स्थित केजरीवाल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर सह रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में 21 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मौके पर संयोजक सूरज कन्दोई, युवा मंच के हरीश जिंदल, संजय जागनानी, आयुष चौधरी, आलोक माखरिया, आभास अग्रवाल, श्वेता हिसारिया, अर्चना बंका व शाखा सह सचिव गोपाल भरतिया मौजूद थे।

### 20 दिन के बच्चे को मां से छीनने का आरोप

**मुजफ्फरपुर/औराई, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के रामखेतारी गांव में विवाहिता से 20 दिन के बच्चे को छीनकर सास एवं पति द्वारा मारपीट कर भगा देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सीतामढ़ी जिला अंतर्गत सोनबरसा थाना क्षेत्र के दलकावा गांव निवासी पुष्पा कुमारी ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उसने आवेदन में बताया है कि उसकी शादी रामखेतारी गांव के सिकंदर कुमार से अगस्त 2020 में हुई थी। गुरुवार को हमारी सास झरोखा देवी एवं पति ने उससे उसके 20 दिन के बेटे रुस्तम कुमार को छीन लिया और मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। आवेदन मिलने के बाद थानाध्यक्ष रूपक कुमार ने 112 की टीम को रामखेतारी गांव भेजकर नवजात को उसकी मां के हवाले करवाया।

### अंकित के शतक से मुजफ्फरपुर की शानदार जीत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कांटी प्रखंड के एनआईसीए (कपरपुरा) मैदान में रविवार को खेले गए अंतर जिला हेमन कप के बी जोन के लीग मैच में मेजबान मुजफ्फरपुर ने पश्चिम चंपारण को 218 रनों से हरा शानदार जीत हासिल की। इस जीत से मेजबान टीम के दो अंक हो गए। मैन ऑफ द मैच मुजफ्फरपुर के अंकित कुमार सिंह दिया गया। मैच में मुजफ्फरपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर के में 303 रन बनाये। अंकित कुमार सिंह ने 118 रनों की शतकीय पारी खेली। चिरंजीवी ठाकुर ने 67 रन बनाये। जवाब में पश्चिम चंपारण की पूरी टीम 21 ओवर 85 रन बनाकर आउट हो गई। मुजफ्फरपुर के देवाशीष ने चार व नमन ने तीन विकेट झटके। इससे पहले समाजसेवी संजीव कुमार शर्मा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। एमडीसीए के सचिव अंशू वर्मा ने अतिथि का स्वागत किया।

### बिजली चोरी करते चार धराए, केस दर्ज

**मुजफ्फरपुर/औराई, एजेंसी।** औराई थाना क्षेत्र के प्रेम नगर भलूरा गांव में चार लोगों के खिलाफ बिजली चोरी करने का मामला दर्ज किया गया है। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा रामपुर के कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने सूचना के आधार पर छापेमारी की। इसमें चार लोग बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए। इनके खिलाफ जुर्माना लगाते हुए केस दर्ज कराया गया है। इसमें प्रेम नगर भलूरा गांव के संतोष राय, अजय कुमार राय, योगेंद्र पासवान एवं जोंकी खुर्द के बठु सहनी शामिल हैं।

# बिहार की सियासत में दंपतियों का जलवा, अब तक आठ पति-पत्नी जीत चुके हैं लोकसभा चुनाव

**पटना, एजेंसी।** बिहार की सियासत में कई ऐसे सियासी दिग्गज हुए, जो खुद तो सांसद हुए ही उनकी पत्नी भी सांसद हुईं। ऐसे दंपतियों की संख्या आठ है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा और उनकी पत्नी किशोरी सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर सिंह और उनकी पत्नी मनोरमा सिंह, निखिल कुमार और उनकी पत्नी श्यामा सिंह, दिग्विजय सिंह व उनकी पत्नी पुतुल देवी, अजीत सिंह व उनकी पत्नी मीना सिंह, आनंद मोहन व उनकी पत्नी लवली आनंद, सूरजभान व उनकी पत्नी वीणा सिंह और पप्पू यादव व उनकी पत्नी रंजीत रंजन शामिल हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा ने 1952 में औरंगाबाद से जीत हासिल की। वे इस सीट से 1952, 1957, 1971, 1977, 1980 व 1984 में विजयी हुए। पत्नी किशोरी सिन्हा ने वैशाली से 1980 में और 1984 में जीत दर्ज की। पूर्व मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर सिंह ने 1980 और 1985 में बांका से चुनाव जीता। उनकी पत्नी मनोरमा सिंह 1984 और 1986 में यहां से चुनाव जीता। सत्येन्द्र नारायण सिन्हा के पुत्र निखिल कुमार को भी 2004 में औरंगाबाद से सांसद बनने का अवसर मिला। यहां से उनकी





पत्नी श्यामा सिंह पहले ही 1999 में जीत मिली थी। औरंगाबाद में सत्येन्द्र नारायण सिन्हा और उनके पुत्र दोनों को ही जीत मिली। अजीत सिंह ने 2004 के आम चुनाव में बिक्रमगंज से चुनाव जीता। इसके बाद उनकी पत्नी मीना सिंह ने आरा लोकसभा सीट से 2009 में जीत हासिल की।

बाहुबली सूरजभान ने 2004 में बलिया लोकसभा सीट से चुनाव जीता। परिसीमन के बाद यह सीट खत्म हो गयी। फिर उनकी पत्नी वीणा सिंह ने मुंगेर लोकसभा सीट पर 2014 में जीत का परचम लहराया। बाहुबली आनंद मोहन 1996 में शिवहर से तो उनकी पत्नी लवली आनंद 1994 में वैशाली से जीतीं। बाहुबली पप्पू यादव पांच बार संसद पहुंचे तो उनकी पत्नी रंजीत रंजन दो बार विजयी हुईं। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह व उनकी पत्नी पुतुल देवी दोनों ने बांका क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। दोनों ने ही इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता। दिग्विजय सिंह समता पार्टी के टिकट पर 1998 और 1999 में चुने गए। 2009 बांका से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में सफलता प्राप्त की। 2010 में उनके निधन के बाद उनकी पत्नी पुतुल कुमारी ने बांका सीट पर निर्दलीय उपचुनाव जीता। दो मौके ऐसे आए जब पति और पत्नी एक साथ संसद पहुंचे। 1984 में औरंगाबाद से सत्येन्द्र नारायण सिन्हा और वैशाली से उनकी पत्नी किशोरी सिन्हा संसद पहुंची। 2014 में पप्पू यादव ने मधेपुरा और उनकी पत्नी रंजीत रंजन ने सुपौल जीत हासिल की।

**रात के अंधेरे में किसान जला रहे पराली: 9 विभागों पर लगाम लगाने की जवाबदेही**

# सख्ती के बाद भी नहीं मान रहे किसान

**नालंदा, एजेंसी।** गेहूं की कटनी शुरू होते ही पराली जलाने की शिकायतें भी तेज हो गई हैं। किसान खेतों में फसल अवशेष जलाने से नहीं मान रहे हैं। नौ विभागों को आपस में समन्वय बनाकर पराली जलाने पर लगाम लगाने की जवाबदेही दी गई है, लेकिन सारे विभाग किसानों को जागरूक करने में फेल हो रहे हैं। वहीं नियमों को ताख पर रखकर कम्बाइन हार्वेस्टर संचालक कृषि विभाग से बिना अनुमति लिए ही फसल की कटनी कर रहे हैं। विभागों की अनदेखी और किसानों की मनमानी का खामियाजा पर्यावरण को भुगतना पड़ रहा है। गिरियक, नगरनौसा, नूरसराय, चंडी, हरनौत समेत कई स्थानों पर फसल अवशेष जलाये गए हैं। हरनौत-चंडी रोड में मिल्कीपर खंधे में एक-दो नहीं, कई बीघे खेत में पराली जलाई गयी है। रात के अंधेरे में नजारा ऐसा था कि खंधे में जिधर देखो, उधर आग ही आग नजर आ रही थी। विडंबना यह कि कई घंटे तक खाली पड़े खेत में फसल अवशेष जलते रहे। लेकिन, नौ विभागों में से किसी को भी इसकी भनक तक नहीं लगी। सच्चाई यह भी कि कृषि विभाग के समन्वयक और सलाहकार पंचायत स्तर पर ही तैनात रहते हैं।

**दो दिन पहले डीएम ने दिया था निर्देश :** दो दिन पहले ही डीएम शशांक शुभंकर ने कृषि,



वन्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पशुपालन, सहकारिता, पंचायती राज, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। स्पष्ट निर्देश दिया था कि पराली जलाने पर हर हाल में फुल स्टॉप लगायें।

किसानों को जागरूक करें। होने वाले नुकसान से उन्हें अवगत कराएं। जरूरत पड़े तो कार्रवाई भी करें। इधर, कृषि अभियंत्रण के सहायक निदेशक अजय कुमार बताते हैं कि सेटेलाइट लोकेशन के आधार पर अबतक पांच जगहों पर पराली जलाने के मामले में संबंधित पंचायत स्तर पर तैनात कर्मियों को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। दोषी पाये जाने पर संबंधित किसानों का डीबीटी पोर्टल से निबंधन रद्द कर दिया जाएगा। तीन साल तक कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

# दीप जलाने के दौरान झुलसी बुजुर्ग महिला :गंभीर हालत में पटना रेफर

**80 फीसदी तक जल चुकी थी महिला**

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाने के पतैलिया गांव में रविवार देर शाम घर में दीप जलाने के दौरान एक बुजुर्ग महिला के शरीर में आग लग गई, जिससे महिला गंभीर रूप झुलस गई। बुजुर्ग महिला गांव के स्व. कल्लर साह की पत्नी वोढनी देवी (70) वर्ष बताई गई है। महिला को परिवार के लोगों को विभूतिपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में उसकी गंभीर स्थिति को देख डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। परिवार के लोग रात में ही महिला को उपचार के लिए पटना ले गए।

### प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर

घटना के संबंध में बुजुर्ग महिला बहू सुनीता देवी ने बताया कि उनकी सांस देर शाम घर की सांझ बत्ति देने के लिए दीप जलाने के लिए गई थी। इसी दौरान उनके शहीर में अचानक आग लग गई। जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस



गई। महिला के चिखने चिल्लाने पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तो आग बुझा कर बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिकी उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### 80 फीसदी तक जल चुकी थी महिला

बुजुर्ग की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल के ऑल ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें पटना रेफर कर दिया। डॉक्टर के अनुसार महिला करीब 80 फीसदी तक जल चुकी थी। महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है।



# अगलगी की घटना को लेकर अलर्ट मोड पर फायर ब्रिगेड

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में बढ़ती गर्मी के साथ लगातार आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं। इसको लेकर है जिला अग्निशमन टीम अलर्ट मोड पर काम कर रही है। इस दौरान ऐसे स्थान जहां दो से तीन वर्ष में अधिक अगलगी की घटना घटी है। उसे चिन्हित कर लिया गया है। अगलगी में कम से कम क्षति हो, इसको लेकर छोटी दमकल के साथ अग्निशमन की टीम को अलग-अलग इलाकों में तैनात किया गया है।इस दौरान लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

### जागरूता को लेकर लगातार काम रही है टीम

जिला अग्निशमन विभाग के समादेष्टा त्रिलोक नाथ झा ने बताया इन दिनों गर्मी काफी बढ़ गई है साथ ही गर्म हवा चल रहा है। इससे अगलगी की घटना में वृद्धि हो रही है। टीम ने पहले भी जागरुता को लेकर लगातार काम रही है इस वजह से पिछले साल की तुलना में इस बार कम अगलगी की घटनाएं हुई है, जिसको लेकर हम लोग आगे भी काम कर रहे हैं।

# छज्जा निकाले जाने के विवाद में हिंसक झड़प:पड़ोसी ने मारा चाकू, रॉड से हमला कर पैर भी तोड़ा, आरोपी फरार

**गया, एजेंसी।** जिले के बेलागंज प्रखंड के समसपुर गांव के अशरफपुर टोला में दो पड़ोसी के बीच हुए विवाद में एक ने दूसरे को चाकू से मार कर जख्मी कर दिया। जख्मी युवक के बदन पर चाकू के कई जगह गहरे निशान पड़े हैं। घायल शकील अली को बेलागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घटना देर रात की बताई जा रही है। दो पड़ोसियों के बीच खूनी संघर्ष का कारण मकान का छज्जा निकला जाना है। इस घटना के बाद से चाकू मारने वाला आरोपी फरार बताया जा रहा है।

### रॉड से मारकर पैर भी तोड़ा

बेलागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती शकील अली ने बताया कि वह नया घर बना रहा है। पड़ोस में रहने वाले का घर पहले से बना है। उसने पहले से अपने घर का छज्जा निकाल रखा है, लेकिन जब हमने छज्जा निकला तो पड़ोसी को यह बात नागवार गुजरने लगी। इस बात को लेकर पड़ोसी शमशाद की मां बीते दो दिनों से गाली गलौज कर रही थी। उसकी बातों की हमारा परिवार अनदेखी कर रहा था। रविवार की देर रात मकान पर पटवन कर रहा था। इस बीच पड़ोसी शमशाद मौके पर आया और छज्जा निकाले जाने के मसले पर बहस करने लगा। उसकी बातों का विरोध किया तो वह हाथापाई करने लगा। इसी बीच उसने चाकू से हमला कर दिया। शमशाद ने चार जगह ताबतोड़ चाकू से हमला किया। इससे शरीर पर गहरे जख्म हैं। यही नहीं रॉड से मारकर उसके पैर भी तोड़ दिया है।



### छानबीन में जुटी पुलिस

इधर बेलागंज थाना पुलिस अस्पताल पहुंच कर जख्मी शकील अली का बयान लिया है। थानाध्यक्ष विनय कृष्ण से बताया कि पीड़ित पक्ष अभी अपना इलाज करवा रहा है। उसकी ओर से कोई आवेदन थाने को नहीं मिला है। आवेदन आते ही पुलिस सम्बन्धित मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। हालांकि इस मामले में पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए गांव गई थी, लेकिन वह फरार पाया गया।

# भोजपुर में दुल्हन के चाचा को मारी गोली, आरोपी की पिटाई

**अपनी जाति का गाना बजा रहे थे लोग;बदमाश ने अपना गाना बजाने को कहा था**



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में शादी के दौरान जातिसूचक गाना बजाने के विवाद में बदमाशों ने दुल्हन के चाचा संतोष राम (40) को गोली मार दी। उन्हें बाईं जांघ में गोली लगी है। वहीं घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी और पुलिस को सौंप दिया। घायल शख्स को आननफानन में इलाज के लिए सहार [illegible] ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना जिले के सहार थाना क्षेत्र के बरूही गांव की है।

### अपनी नहीं, मेरी जाति का गाना बजाओ

घायल सहार थाना क्षेत्र के बरूही गांव निवासी वकील राम के बेटे संतोष राम हैं। उन्होंने बताया कि उनके चचेरे भाई अंतू राम की बेटी टुन्नी कुमारी की बारात सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव से आई हुए थी। बारात आने के बाद द्वार-पुजाई और जयमाला होने के बाद बारातियों की स्वागत के लिए समियाना में नाच प्रोग्राम का कार्यक्रम रखा गया था। उस कार्यक्रम में हमारे जाति का गाना बज रहा था। इसी बीच एक युवक आया और कहने लगा कि अपनी जाति का गाना बंद करो और मेरी जाति का गाना बजाओ।

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी:** संतोष ने कहा कि वो पिस्टल के बल पर गाना बंद कराकर दूसरा गाना बजवाना चाहता था, जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो उसने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकी देने लगा। इसके बाद उसने फायरिंग कर दी, जिसमें गोली मेरी जांघ में लगी है। गोली लगते ही ग्रामीणों ने आरोपी को दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद सहार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आई है। पकड़ा गया आरोपी अगिआंव गांव निवासी गजेंद्र यादव का बेटा सूरज कुमार उर्फ सूरज कांत है। घटना के बाद पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# कहलगांव में आग से चार घर जले, नौ बकरियां जली

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग से चार घर जलकर राख हो गये। जब तक लोग आग पर काबू पाते नौ बकरियां समेत चारों घरों के सामान जल गये। घटना



रात में करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। कैलाश पासवान के घर से आग की लपटें उठने पर सोये लोग गर्मी से जान बचाने बाहर निकले। तब तक घर में भीषण आग लग गई चुकी थी। कैलाश पासवान की नौ बकरियां जल कर मर गयी। वहीं उसकी पत्नी भी आग से आंशिक रूप से झुलस गई। चीख पुकार मचने पर लोग आग बुझाने में जुटे थे। तब तक पारन पासवान, पलटू पासवान और नरेश उर्फ सनकी पासवान का भी घर जल गया। सूचना पर अग्निशमन दस्ता ने आग पर काबू पाया। पीड़ित कैलाश पासवान ने बताया कि आग से मवेशी समेत घर का सभी सामान जलने से लाखों का नुकसान हुआ है। अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी ने नुकसान का जायजा लिया। देर शाम तक किसी संगठन तथा अंचल कार्यालय से अग्नि पीड़ित को पॉलिथीन आदि का वितरण नहीं किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा को झटका, विधायक अभय सिंह पत्नी और पिता सहित भाजपा में हुए शामिल

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में समाजवादी पार्टी को झटका लगा है। गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह अपने पिता भगवान बख्श सिंह व पत्नी सरिता सिंह सहित भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। अभय सिंह ने राज्यसभा चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में मतदान किया था।

इसके अलावा करुणाकर पांडे, पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, चौधरी सरदार सिंह, पूर्व विधायक अशोक सिंह, पूर्व विधायक पहलवान सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी, बसपा के वरिष्ठ नेता कुंवर वकील चंद्र भी भाजपा में शामिल हो गए।

### अपने ही जाल में फंसा अल्ट्रासाउंड संचालक, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अलीगढ़ , एजेंसी।** विवाद पर दुकान मालिक को फंसाने के लिए अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक ने स्वयं से अपने शरीर पर तमंचे से गोली चलाई और दुकान मालिक व उसके पुत्रों सहित अन्य पर आरोप मढ़ दिया। पुलिस की जांच में उसका झूठ पकड़ में आ गया। इस पर अल्ट्रासाउंड संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे दबोच लिया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

करवन नदी के समीप किराये की दुकान पर अल्ट्रासाउंड संचालक महेश शर्मा का दुकान मालिक से विवाद चल रहा है। 20 अप्रैल को भी दुकान खाली करने की बात पर महेश शर्मा का दुकान मालिक से विवाद हुआ था। सीओ राजीव द्विवेदी के अनुसार दुकान मालिक और उसके पुत्रों को फंसाने के लिए अल्ट्रासाउंड संचालक ने तमंचे से अपने ऊपर गोली चलाई और आरोप दुकान मालिक व उसके बेटों पर लगा दिया।पुलिस ने तत्काल दुकान मालिक और उसके पुत्र को हिरासत में ले लिया, लेकिन सीसीटीवी फुटेज खंगालने सहित जांच में अल्ट्रासाउंड संचालक की पोल खुल गई।

बाद में दुकान मालिक रामजीलाल पुत्र तुलाराम निवासी आईटीआई रोड अलीगढ़ की तहरीर पर महेश शर्मा सहित तीन-चार अज्ञात के विरुद्ध झूठे साक्ष्य देने, जबरन वसूली, जान से मारने की धमकी देने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई।

### कंप्यूटर सेंटर संचालक ने भेजे अश्लील मैसेज, छात्रा ने बीच क्लास जड़े थप्पड़

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में कंप्यूटर सेंटर के संचालक ने कंप्यूटर कोर्स कर रही छात्रा को अश्लील मैसेज भेज दिए। छात्रा ने अपनी सहेली के साथ सेंटर पर पहुंचकर हंगामा किया। संचालक की पिटाई लगा दी। लोगों ने हंगामे का वीडियो वायरल कर दिया। हालांकि मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है।

मामला रकाबगंज क्षेत्र के एक कंप्यूटर सेंटर का है। इलाके की एक छात्रा सेंटर पर कोर्स कर रही है। आरोप है कि सेंटर के संचालक ने उसके मोबाइल पर अश्लील संदेश भेजना शुरू कर दिया। छात्रा के विरोध करने पर धमकाने लगा। इस पर छात्रा ने शनिवार को अपनी सहेली और उसके पति के साथ सेंटर पर पहुंचकर संचालक की पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें आरोपी माफी मांगता दिखाई दे रहा है। घटना के संबंध में पीड़िता ने कोई तहरीर नहीं दी है।

### मुना एक्सप्रेसवे पर हादसा: आगे जा रहे वाहन में घुसी रोडवेज बस, चालक की मौत

**मथुरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में सोमवार की आधी रात करीब 2 बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा हो गया। यहां रोडवेज बस आगे जा रहे वाहन में पीछे से घुस गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। करीब आधा दर्जन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। बस लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुरीर थाना क्षेत्र में हुआ। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसा देख राहगीर रुक गए। आसपास के लोग भी भागकर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

# युवक की पिटाई मामले में पीएसी के तीन जवान निलंबित, बैरक में मिलीं शक्तिवर्धक दवाओं व इंजेक्शन की खेप



**लखनऊ, एजेंसी।** चारबाग से युवक को अगवा कर 35वीं वाहिनी पीएसी परिसर की बैरक में बंधक बनाकर पीटने के मामले में अब पीएसी के तीन जवानों को निलंबित किया गया है। ये सभी उस रात अलग-अलग गेट पर ड्यूटी पर थे। वहीं, तलाशी के दौरान बैरकों (जहां खिलाड़ी ठहरे हुए हैं) से भारी मात्रा में दवाएं व इंजेक्शन बरामद हुए हैं। इन्हें जब्त कर पीएसी के अस्पताल में रखा गया है।

मेरठ पुलिस के दो सिपाही विशाल चौहान व विशांत राणा एथलीट हैं। वह खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 35वीं वाहिनी पीएसी में आए थे। यहीं पर दोनों ठहरे थे। 13 अप्रैल की रात दोनों चारबाग गए थे। यहां पर कैंट निवासी फैज नाम के युवक से मामूली विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों सिपाही उसे अगवा कर पीएसी परिसर में ले आए थे। यहां बैरक में जमकर पीटा था और उसके बाल काट दिए थे। मामले में दोनों सिपाहियों व अन्य 15 अज्ञात पर महानगर थाने में केस दर्ज किया गया था। सिपाहियों पर शांतिभंग के तहत कार्रवाई की गई थी। प्रकरण में पीएसी के तीन जवान अभिषेक यादव, शुभम कुमार और कार्तिकेय सिंह को निलंबित किया गया है। तीनों 2021 बैच के सिपाही हैं।

**इसलिए नपे तीनों जवान–** दरअसल, 13 अप्रैल की रात को अभिषेक यादव की गेट नंबर 2 पर रात 12 से 3 बजे तक ड्यूटी थी। वहीं, शुभम की गेट नंबर तीन व कार्तिकेय की गेट नंबर चार रात 10 से 2 बजे तक ड्यूटी थी। आरोपी सिपाही पीएसी परिसर से बाहर गए। युवक को उठाकर भीतर आए और फिर उसको बंधे तक छोड़ने गए, लेकिन किसी भी गेट पर उनकी इंट्री नहीं की गई। इस लापरवाही के लिए इन पर कार्रवाई की गई।

**करीब छह घंटे तक चली थी तलाशी–** सूत्रों के मुताबिक वारदात के बाद 14 अप्रैल को आईजी पीएस ने उन बैरकों की तलाशी कराई जहां पर खिलाड़ी रुके हैं। बैरकों से शक्तिवर्धक दवाओं के अलावा ऐसे इंजेक्शन बरामद हुए जिनको खिलाड़ी खेल से पहले लेते हैं। सूत्रों का दावा है कि कुछ ड्रग्स भी बरामद हुईं। दवाओं की मात्रा इतनी अधिक थी कि एक छोटा डाला भर गया। तलाशी शाम करीब पांच से रात 11 बजे तक चली थी।

**कोच समेत एक दर्जन लोग भी जांच के दायरे में आए–** आरोपी सिपाही 13 अप्रैल की रात करीब दो बजे से महानगर पुलिस की हिरासत में थे। पुलिस ने 14 अप्रैल की दोपहर पीएसी के अफसरों को इसकी जानकारी दी। हैरानी की बात ये है कि इस बीच हुई गणना में आरोपी दोनों सिपाहियों की उपस्थिति दर्ज कर दी गई। यदि ऐसा न हुआ होता तो उसी वक्त पकड़ में आ जाता कि दो सिपाही गैर हाजिर हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक कोच समेत करीब एक दर्जन जिम्मेदार जांच के दायरे में हैं।

**बयान देने से कतराते रहे अफसर–** प्रकरण में बातचीत के लिए आईजी पीएस अपर्णा कुमार से संपर्क किया गया। उनका कहना था कि मामले में 35वीं वाहिनी पीएसी के कमांडेंट बयान दें। कई बार कॉल करने के बाद कमांडेंट अतुल शर्मा ने जब कॉल रिसीव की तो उन्होंने कुछ देर में जानकारी देने की बात कही। बाद में कॉल रिसीव नहीं की। कुल मिलाकर अफसर प्रकरण में बयान देने से कतराते रहे।

## पुराने दिग्गज इस बार नदारद, अज्ञातवास में विनय कटियार तो गठबंधन ने किया निर्मल खत्री को उपेक्षित!

**अयोध्या, एजेंसी।** कभी चुनाव मैदान में कप्तान की भूमिका में रहे राजनीति के दिग्गज इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान दर्शक दीर्घा में आराम कर रहे हैं। पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व सांसद निर्मल खत्री और पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू जैसे दिग्गज इस बार अयोध्या के रण से नदारद हैं। ऐसे में इनके समर्थक असमंजस में हैं।



पहले बात शुरू करते हैं भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कटियार की। एक समय अयोध्या की राजनीति की धूरी रहे कटियार आजकल अज्ञातवास में हैं। विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उन्हें देश भर में अलग पहचान मिली। राममंदिर आंदोलन के समय कटियार फायर ब्रांड नेता के तौर पर चर्चित हुए। भाजपा में उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव तक का दायित्व संभाला। वर्ष 1991 व 1999 में वे दो बार फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से चुने भी गए।

पार्टी में उनके योगदान और बड़े कद को देखते हुए वर्ष 2012 व 2018 में दो बार राज्यसभा में भेजा गया। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव तक कटियार अयोध्या की राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने इस विधानसभा चुनाव में रुदौली के पार्टी प्रत्याशी रामचंद्र यादव के समर्थन में चुनावी सभाएं भी कीं। इसके बाद से वे राजनीति से कटते गए। इस आम चुनाव में अभी तक भाजपा की ओर से उनकी कोई भूमिका तय नहीं की गई है।

इसी तरह कांग्रेस के कद्दावर नेता निर्मल खत्री भी इस बार पर्दे के पीछे हैं। गठबंधन में फैजाबाद सीट सपा के हिस्से में चली गई। सपा ने यहां से अवधेश प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। निर्मल पहली बार वर्ष 1980 में यहां से विधायक चुने गए। इसके बाद वर्ष 1984 व 2009 में सांसद निर्वाचित हुए। वर्ष 2012 से 2016 तक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। उन्होंने वर्ष 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से लड़ा और 1,29,917 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे। वर्ष 2019 के चुनाव में 53,386 मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। इस चुनाव में कांग्रेस का सपा से गठबंधन है और निर्मल चुनाव मैदान से बाहर हैं।

कभी बसपा सुप्रीमो मायावती के करीबी नेताओं में शुमार जितेंद्र सिंह बबलू इस लोकसभा चुनाव में राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं। बबलू वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर बीकापुर से विधायक चुने गए थे। वर्ष 2014 में बसपा से ही लोकसभा चुनाव लड़े और 1,41,827 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। तब कांग्रेस यहां चौथे स्थान पर सिमट गई थी। वर्ष 2021 में पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गए। यह अलग बात रही कि वर्ष 2009 में तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीता बहुगुणा जोशी का घर जलाने के आरोप में घिरे बबलू की सदस्यता बाद में निरस्त कर दी गई। वर्ष 2022 में निषाद पार्टी का दामन थामा। इसके बाद से वे राजनीति के रण मे दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख, कई दुकानें चपेट में आईं




**दोस्तपुर (सुल्तानपुर) , एजेंसी।** सुल्तानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत स्थित बहबल टोला पश्चिम शाही पुल के पास भूषण मशीनरी स्टोर में सोमवार की सुबह सात बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने बगल की जायसवाल मशीनरी स्टोर पाइप एवं वाटर टैंक को भी अपनी चपेट में ले लिया।

भूषण मशीनरी स्टोर की दुकान के नीचे बने लंबे चौड़े बेसमेंट में रखी पलास्टिक की पाइपें, सैकड़ो की संख्या में वाटर टैंक, दर्जनों जनरेटर, दर्जनों पंपिंग सेट, कई कुंतल डिलीवरी पाइप, सैकड़ों लीटर मोबिल, एक पिकप गाड़ी, एक बोलेरो गाड़ी और दुकान में रखा पूरा सामान धूं धूं कर जल गया। बेसमेंट की छत को तोड़कर पानी की बौछार की गई। जेसीबी बुलाकर दुकान को तोड़कर पानी की बौछार की गई।

सूचना पर सुल्तानपुर जिले से एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मंगवाई गई पर जब आग पर काबू न पाया जा सका तो अधिकारियों को फोन किया गया। अंबेडकरनगर से चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और मोर्चा संभाला जिससे आग पर काबू पा लिया गया।

## भतीजा लेकर आया दलाल, नौकरी का दिया झांसा

### दिवंगत पूर्व दरोगा की विधवा से लाखों ठगे... अब दे रहा धमकी

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में दिवंगत पूर्व दरोगा की पत्नी के साथ धोखाधड़ी की गई। आरोपी ने बेटी की सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 4.50 लाख रुपये ले लिए। नौकरी नहीं लगने पर पीड़िता ने रकम वापस मांगी। इस पर आरोपी धमकी देने लगे। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज हुआ है। आरोपियों में एक लखनऊ सचिवालय का समीक्षा अधिकारी भी बताया गया है।

मामला एत्माद्दौला थाना क्षेत्र का है। पालिका नगर, नवलगंज निवासी उर्मिला देवी ने बताया कि पति महाराम सिंह सेवानिवृत्त दरोगा थे। दिसंबर 2022 में उनका देहांत हो गया। रिश्ते का भतीजा सुभाष नगर निवासी सुनील लखनऊ सचिवालय में समीक्षा अधिकारी है। वह पांच फरवरी 2023 को दोस्त कलाल खेरिया निवासी नीरज के साथ घर आया। उसने नीरज की कई विभागों में अच्छी सेटिंग बताई।

बताया कि वह लखनऊ और दिल्ली में संविदा पर कई लोगों की नौकरी लगवा चुके हैं। कुछ साल में स्थायी कर्मचारी बनवा देते हैं। उनकी बेटी की भी नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। इसके लिए 4.50 लाख रुपये ले लिए। मगर, 23 महीने बाद भी नौकरी नहीं लगवाई। रुपये वापस मांगने पर धमकी दी जा रही है। मामले में सुनील कुमार, अमर सिंह, उमेंद्र, नीरज और कुंवरपाल सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## पारे में मामूली गिरावट, लू की चेतावनी बरकरार

**लखनऊ, एजेंसी।** दिन कुछ राहत भरा रहा। गर्म हवा और लू से राहत मिली। वहीं पारे में भी कुछ गिरावट दर्ज हुई। वाराणसी में 43 तक पहुंचा पारा 40.3 डिग्री दर्ज हुआ। प्रयागराज में भी 42 पार पारा 41 डिग्री रहा। शनिवार को प्रदेश में ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान 40 से अधिक ही था लेकिन रविवार को इसके उलट स्थिति रही। पारे में गिरावट रही और ज्यादातर जगह ये 40 से नीचे दर्ज हुआ।

मौसम विभाग के मुताबिक, रात के तापमान में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं हैं। रविवार को पारा समान्य से अधिक बना रहा और 20.6 से 29 डिग्री के बीच रहा। जबकि अधिकतम तापमान कई जगह सामान्य से कम हुआ।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह व मो. दानिश के मुताबिक, सोमवार को कुछ राहत रहेगी, लेकिन मंगलवार से फिर लू चलने के आसार बन रहे हैं। पारे में भी दो डिग्री से अधिक की गिरावट आ सकती है। सोमवार को पश्चिमी यूपी के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है।



**अगले दो दिनों के लू को लेकर येलो अलर्ट** – प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदासनगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, अंबेडकरनगर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, बलरामपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, उन्नाव, रायबरेली, कानपुर और आसपास।

## बरेली में गरमाई सियासत: आंवला से बसपा प्रत्याशी ने सपा उम्मीदवार पर दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस ने शुरू की जांच

**बरेली , एजेंसी।** आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी आबिद अली ने सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य और बसपा से ही टिकट होने का दावा करके नामांकन करने वाले सत्यवीर सिंह पर धोखाधड़ी व जालसाजी जैसी गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सत्यवीर पार्टी के प्रत्याशी नहीं हैं, इसकी पुष्टि एक दिन पहले बसपा प्रमुख मायावती ने की थी और उसके बाद उनका नामांकन निरस्त किया गया था। इसके बाद बसपा उम्मीदवार आबिद अली ने अपने साथ हुई साजिश में सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य को भी शामिल बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। हालांकि नीरज मौर्य ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

आबिद अली ने रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही बताया कि बहुजन समाज पार्टी ने आंवला लोकसभा से उन्हें प्रत्याशी बनाया है, जबकि रिटर्निंग कार्यालय से जारी प्रत्याशियों की अंतिम सूची में





शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी सत्यवीर सिंह को बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी दर्शाया गया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्यवीर ने नकली मोहर और फर्जी दस्तावेज तैयार कर फार्म ए और बी सिंबल अथॉरिटी के रूप में नामांकन के साथ लगाया। बसपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार ने भी रिटर्निंग अधिकारी को लिखित में अवगत कराया कि सत्यवीर को ए और बी फार्म जारी नहीं किया गया था। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी इसकी पुष्टि की। इसके बाद सत्यवीर का परचा खारिज हुआ।

### बसपा कार्यकर्ताओं ने पकड़ी थी कार

आबिद का आरोप है कि सत्यवीर के नामांकन के दौरान फर्जी दस्तावेजों की फाइल श्यामलाल नाम का शख्स कार में लेकर बैठा था। कलक्ट्रेट गेट पर बसपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कार पकड़ी तो कार के ड्राइवर अशोक मौर्य ने पुलिस को बताया कि उसे सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य के करीबी नरेंद्र कुमार ठेकेदार ने श्यामलाल को लेने भेजा था। आबिद का आरोप है कि सत्यवीर और सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य मिले हुए हैं और फर्जी दस्तावेज तैयार करने में दोनों की मिलीभगत है।

आबिद अली की शिकायत पर कोतवाली में दोनों प्रत्याशियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आबिद का आरोप है कि नीरज मौर्य और सत्यवीर दोनों ही शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद से ताल्लुक रखते हैं और सत्यवीर को फर्जी तरीके से प्रत्याशी बनवाने की साजिश में नीरज मौर्य भी बराबर के साझीदार हैं। इसका प्रमाण वह पुलिस को दे चुके हैं।

### पुलिस ने सीज की कार, मिलीं दो लाल टोपियां

बसपा कार्यकर्ताओं ने सपा प्रत्याशी पर साजिश का आरोप लगाकर कार कोतवाली पुलिस को दी है। उसमें सपा की बताई जा रहीं दो लाल टोपियों के अलावा कुछ नहीं मिला। बसपाइयों का कहना था कि इसी कार से सत्यवीर के फर्जी कागजात नीरज मौर्य के करीबी लेकर आए हैं तो इसे सीज कर मुकदमे का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। वहीं आरोपों की पुष्टि न देखकर इंस्पेक्टर कोतवाली डीके शर्मा ने कार को बिना कागजात मानकर सीज कर दिया। इधर, कार ड्राइवर अशोक का भी वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह नीरज मौर्य से तो जुड़ाव बता रहा है लेकिन सत्यवीर को जानने से इन्कार कर रहा है।

### आरोप निराधार: नीरज मौर्य

बसपा प्रत्याशी के आरोपों पर सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य का कहना है कि शनिवार के घटनाक्रम को लेकर उन्हें वीडियो आदि से जानकारी हो रही है। वह जो समझ रहे हैं उसके मुताबिक कार चलाने वाला अशोक उनका समर्थक है। उसे रास्ते में जलालाबाद के ही एक वकील मिल गए थे, जिन्होंने खुद को कलक्ट्रेट की तरफ छोड़ने का अनुरोध किया था। ड्राइवर ने उन्हें वहां छोड़ दिया होगा। वकील के पास किसके कागजात थे और सत्यवीर सिंह से उनका क्या जुड़ाव है, ये वह नहीं जानते। रिपोर्ट राजनैतिक कारणों से लिखवाई गई है। पुलिस सही से जांच करेगी तो सच्चाई सामने आ जाएगी। पुलिस को सीसीटीवी, सर्विलांस आदि का प्रयोग कर निष्पक्ष विवेचना करनी चाहिए।

# युद्ध की भड़कती आग

**संपादकीय**

ईरान और इजरायल जिस राह पर निकल पड़े हैं, वह युद्ध और विनाश की ओर ही जाता है। इस महीने की शुरुआत से ही दोनों देशों से 'हमला' और 'बदला' जैसे शब्द सुनाई दे रहे हैं। एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला हुआ, तो इसका आरोप इजरायल के मत्थे मढ़ा गया। दो हफ्ते बीतने से पहले ही ईरान ने उसका बदला लेने के लिए हमला बोल दिया। उसने इजरायल पर करीब 300 मिसाइलें दागीं। हालांकि, इजरायल ने दावा किया कि उसने ज्यादातर मिसाइलें लक्ष्य तक पहुंचने से बहुत पहले ही नष्ट कर दीं। नुकसान शायद बहुत ज्यादा नहीं था, लेकिन यह उसके सम्मान पर बहुत बड़ी चोट थी। पिछले तीन दशक में किसी देश ने पहली बार इजरायल की धरती पर इस तरह से बमबारी की जुर्रत की थी। इस शुक्रवार को इजरायल ने इसका बदला ले लिया। इजरायल के वमवर्षक ड्रोन ईरान की ओर उड़े और उसके सैन्य शहर इशफाहान पर बम बरसाए। इशफाहान के बारे में कहा जाता है कि इसी जगह पर ईरान अपना परमाणु बम विकसित कर रहा है। इसके अलावा, यह ईरानी फौज का सबसे बड़ा बेस भी है। यह हमला कितना बड़ा था, इसके बारे में फिलहाल बहुत कुछ नहीं कहा जा सकता। कुछ खबरों में तीन बड़े धमाकों की आवाज सुनाई देने की बात कही गई है। हालांकि, ईरान और इजरायल, दोनों ने ही इसे कमतर दिखाने की कोशिश की है। तेहरान ने कहा है कि कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ, जबकि इजरायल ने आश्वस्त किया है कि यह हमला ईरान के परमाणु केंद्र पर नहीं था। वैसे मामला हमले के बड़े या छोटे होने का नहीं है, मामला पश्चिम एशिया में और खासकर इन दोनों देशों के बीच उस तनाव का है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। अतीत में भी इजरायल एक बार ईरान के इसी शहर पर हमला कर चुका है, लेकिन इस बार तनाव बहुत ज्यादा है, इसलिए आशंकाओं की भरमार भी दुनिया को सिहरन दे रही है। अभी ईरान की तरफ से एक बयान यह भी आया है कि फिलहाल इस हमले का बदला लेने का उसका कोई इरादा नहीं है, लेकिन आम धारणा यही है कि बदला देर–सवेर लिया ही जाएगा। अगर इसी तरह से बदला–दर–बदला बात चलती रही, तो पश्चिम एशिया का यह तनाव कब पूर्ण युद्ध में बदल जाएगा, कहा नहीं जा सकता। पिछले चंद रोज में गाजा में जिस तरह का मानवीय संकट खड़ा हुआ है, इजरायल इन झड़पों के चलते उससे दुनिया का ध्यान हटाने में जरूर कामयाब रहा है। पिछले कुछ महीनों से पश्चिम एशिया में जैसे तनाव दिख रहे हैं और जिस तरह के खतरे खड़े हो रहे हैं, उसके सामने पूरी दुनिया महज तमाशबीन बनी दिख रही है। खासकर जिनको हम महाशक्तियां कहते हैं, वे मौन हैं। रूस यूक्रेन के साथ लड़ाई में उलझा हुआ है। चीन अपनी सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव है और ऐसे मौके पर कोई यह मानने को तैयार नहीं कि वह पश्चिम एशिया में निष्पक्ष भूमिका निभा सकेगा।

# इतना मीठा बन के मत रहिए शकर हो जाएगी

**बड़ी कंपनियों और छोटे बच्चों की बात को एक किनारे भी रखें तो आप देखेंगे कि हमारे देश में चीनी या शक्कर खाने को लेकर लोगों में कतई जागरूकता नहीं है। तीस पार के लोगों के थुलथुले पेट और चालीस पार वालों में हाइपरटेंशन, शुगर और दिल के रोगों के लिए चीनी वाली चाय, मिठाइयां, जलेबी, रसगुल्ले और शराब सबसे बड़ी जिम्मेदार हैं।**

**(सुधीर मिश्र)**

चुनाव का मौसम और नेताओं की मिठास देखने लायक है। वोटर जब मुकद्दर तय करने को सामने खड़ा हो तो तीखा आखिर बोल भी कौन सकता है, हालांकि सियासत कई बार अजब रंग दिखाती है। हाल यह है कि कोर्ट को यह तक तय करने के लिए बोर्ड बनाना पड़ रहा है कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री क्या खुद को ज्यादा बीमार करने के लिए आम और मीठा खा रहे हैं?

खान-पान और उस पर सवाल आजकल सुर्खियों में हैं। नवरात्र में नॉनवेज से लेकर शुगर में आम तक पर सियासत हो रही है, पर मिठाई या चीनी पर इस चर्चा को आम लोगों के नजरिए से देखा जाए तो बढ़िया ही है। सियासी चुटकियों से इंटरटेन होने वाले हमारे समाज को कम से कम इसी बहाने सेहत से जुड़ी कुछ बेहतर जानकारियां तो मिल ही रही हैं। इंटरनैशनल और नैशनल एजेंसी भी बहुत सक्रिय हैं। हाल ही में एक स्विस एनजीओ 'पब्लिक आई ऐंड इंटरनैशनल फूड ऐक्शन नेटवर्क' ने बड़ा खुलासा किया है। इसमें कहा गया है कि खासतौर पर छोटे बच्चों के लिए बनाए जा रहे नेस्ले जैसी बड़ी कंपनी के प्रॉडक्ट में ज्यादा चीनी है। भारत के बाल आयोग ने भी इस बारे में एफएसएसएआई को लिखा है कि इस खुलासे की जांच की जाए। अगर सेरेलैक जैसे उत्पादों में ज्यादा चीनी है तो यह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं। इससे पहले 2015 में भी इसी कंपनी के मैगी जैसे उत्पाद पर बैन लगा था।

बड़ी कंपनियों और छोटे बच्चों की बात को एक किनारे भी रखें तो आप देखेंगे कि हमारे देश में चीनी या शक्कर खाने को लेकर लोगों में कतई जागरूकता नहीं है। तीस पार के लोगों के थुलथुले पेट और चालीस पार वालों में हाइपरटेंशन, शुगर और दिल के रोगों के लिए चीनी वाली चाय, मिठाइयां, जलेबी, रसगुल्ले और शराब सबसे बड़ी जिम्मेदार हैं। लोगों को पता ही नहीं हैं कि उनके खाने की किस चीज में कितनी ज्यादा चीनी की मात्रा है और इसका सेहत पर कैसा असर होता है। लोग चाशनी जैसी मीठी चाय दिन में 10-10 बार पीते हैं तो सोचते हैं कि वे सेहतमंद रहेंगे। यह ठीक है कि दुनिया में भारत का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है और उत्तर प्रदेश में गन्ने की सबसे ज्यादा खेती होती है पर इसका मतलब यह नहीं कि हम खुद इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल भी करें। ज्यादा चीनी हमारे शरीर पर कितना नकारात्मक असर डालती है, इसकी अगर जांच करनी हो तो इस महीने सिर्फ चीनी छोड़कर देख लीजिए। मोटापे के शिकार लोगों का वजन



कम होने लगेगा। आप त्वचा चमकदार होने लगेंगी और अगर दांतों में तकलीफ हैं तो कम होने लगेंगी। हमारे देश में अगर दुनिया के सबसे ज्यादा मधुमेह रोगी हैं तो इसकी वजह हमारी खानपान की आदतें हैं। कोल्ड ड्रिंक को हेल्थ ड्रिंक समझकर पीने वालों को सबसे ज्यादा समझने की जरूरत है। कुछ समय के लिए तो इसको पीने के बाद अच्छा लगता है, लेकिन बाद में इससे नुकसान ही नुकसान है। बड़े बुजुर्ग कहते हैं तीनों सफेद चीजें यानी चीनी, नमक और मैदा सेहत के लिए ठीक नहीं। कभी-कभी कम मात्रा में कुछ नुकसान नहीं करता, लेकिन इसे लगातार लेने वाले ही अस्पतालों और क्लीनिक की लाइन में लगते हैं। अगर वक्त रहते इन आदतों पर कंट्रोल नहीं किया जाता तो आखिर में लोगों का हाल अकबर इलाहाबादी के इस शेर जैसा ही होता है-

सिवय्याँ दूध शकर सब मुहय्या है
मगर ये सब है मुझे नागवार ईद के दिन।

# हमें राजनेताओं को जगाना होगा

**दुनिया भर की बात किए बिना मैं सिर्फ अपने देश का उदाहरण देना चाहूंगा। संयुक्त राष्ट्र संघ ने पेयजल की कमी को लेकर चेताया है। उसने संसार के जिन सर्वाधिक संकटग्रस्त शहरों की सूची जारी की है, बेंगलुरु उनमें से एक है। यूएन के दावे के अनुसार, यदि वहां पानी की मौजूदा मात्रा में सन् 2030 तक 40 फीसदी की गिरावट आ जाती है, तो हमारी 'आईटी सिटी' का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। अभी ही वहां के हालात इतने बदतर हैं कि 13,900 सार्वजनिक बोरवेल में से 6,900 सूख चुके हैं। खुद उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने इस खौफनाक तथ्य को जगजाहिर किया था। मजबूरन, कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कह दिया है। 1.4 करोड़ की आबादी वाला यह महानगर सिर्फ 'आईटी सेक्टर' से सालाना 50 बिलियन डॉलर की कमाई करता है। जाहिर है, इसे इस शानदार मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी कोशिशें की गई होंगी, पर हिंदी की पुरानी कहावत है- बिन पानी सब सून।**


**(शशि शेखर)**

चुनावी कवरेज के सिलसिले में पिछले दिनों विदर्भ और उत्तराखंड जाना हुआ। दिल्ली से नागपुर की उड़ान भरते वक्त लग रहा था कि वहां शुष्क और गर्म मौसम हमारा इंतजार कर रहा होगा। हुआ उल्टा। विमान जब शहर के ऊपर चक्कर लगा रहा था, हमारी खिड़की के शीशे पर बूंदें थाप दे रही थीं। इसके विपरीत उत्तराखंड में दिन में पारा 30 डिग्री पार कर रहा था।

यह विलाप पुराना हो चुका है कि हमारा पर्यावरण बदल रहा है और हमें सम्हल जाना चाहिए। किसे सम्हल जाना चाहिए? क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ साधारण नागरिकों की है? हमारी हुकूमतें क्या कर रही हैं? अपने देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, पर क्या आपने किसी नामचीन नेता के श्रीमुख से पर्यावरण संबंधी दो शब्द सुने? यह दर्दनाक है कि हमारे सियासी विमर्श से जनता के असली मुद्दे कहीं गुम हो चुके हैं। अब हम महज कुछ घिसे-पिटे जुमलों, आरोपों और प्रवंचनाओं को सुनने के लिए अभिशप्त हैं, जिनका आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी से कोई वास्ता नहीं। इंसान के सर्वाधिक जरूरी मुद्दों पर राजनेताओं की यह चुप्पी असंवेदनशील आत्मघाती प्रवृत्ति को उजागर करती है।

दुनिया भर की बात किए बिना मैं सिर्फ अपने देश का उदाहरण देना चाहूंगा। संयुक्त राष्ट्र संघ ने पेयजल की कमी को लेकर चेताया है। उसने संसार के जिन सर्वाधिक संकटग्रस्त शहरों की सूची जारी की है, बेंगलुरु उनमें से एक है। यूएन के दावे के अनुसार, यदि वहां पानी की मौजूदा मात्रा में सन् 2030 तक 40 फीसदी की गिरावट आ जाती है, तो हमारी 'आईटी सिटी' का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। अभी ही वहां के हालात इतने बदतर हैं कि 13,900 सार्वजनिक बोरवेल में से 6,900 सूख चुके हैं। खुद उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने इस खौफनाक तथ्य को जगजाहिर किया था। मजबूरन, कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कह दिया है। 1.4 करोड़ की आबादी वाला यह महानगर सिर्फ 'आईटी सेक्टर' से सालाना 50 बिलियन डॉलर की कमाई करता है। जाहिर है, इसे इस शानदार मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी कोशिशें की गई होंगी, पर हिंदी की पुरानी कहावत है- बिन पानी सब सून।

देश की राजधानी दिल्ली का हाल भी बेंगलुरु के मुकाबले कोई खास अच्छा नहीं है। बहुत बड़ी आबादी को यहां हर रोज अपनी जरूरत के जल के लिए घंटों जूझना पड़ता है। उनकी बसाहटों में टैंकरों से पानी पहुंचता है और कभी-कभी उसे लेकर खूनी झगड़े भी हो जाते हैं। पिछले दिनों एक ऐसा ही हतभागी हादसा सामने आया, जब जल को लेकर दो पक्ष एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस हिंसा में एक महिला को जान से हाथ धोना पड़ा। अब सत्तारूढ़ पार्टी और उप-राज्यपाल इस मुद्दे पर गुत्थमगुत्था हैं। इससे न तो जान गंवाने वाली सोनी की सांसें वापस आएंगी और न ही प्यासे लोगों के हलक तर होंगे। किसी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए लड़ा जाएगा। हम उसे अपने ईद-गिर्द आकार लेता हुआ देख रहे हैं।



बेंगलुरु और दिल्ली ऐतिहासिक नगर हैं। उनके विकास की लंबी और सुविचारित दास्तां है, लेकिन गुरुग्राम पिछले चार दशकों में पनपा है। दिल्ली के नजदीक बसा यह छोटा-सा कस्बा इतनी तेजी से व्यावसायिक केंद्र के तौर पर विकसित होगा, ऐसा बहुतों ने सोचा तक नहीं था। आज वहां देशी-विदेशी कंपनियों के सैकड़ों कार्यालय हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सबसे महंगी रिहायशी संपत्तियां यहीं पर हैं, लेकिन पानी यहां भी लोगों को बेपानी कर रहा है। एक महीना पहले गुरुग्राम मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) ने चेताया था कि शहर की पेयजल मांग 675 एमएलडी (रोजाना मेगालीटर) है, जबकि आपूर्ति किसी भी स्थिति में 570 एमएलडी से ज्यादा नहीं हो सकती। बेंगलुरु और गुरुग्राम किसी सदानीरा के किनारे नहीं बसे हैं, पर दिल्ली को देश की महानतम नदियों में से एक, यमुना के किनारे बसाया गया था। सदियों की उपेक्षा और ताड़ना ने यमुना को गंदे नाले में तब्दील कर दिया है। उसे खुद मदद की जरूरत है। कुछ साल पहले हरियाणा के एक सीमावर्ती शहर से दारूण खबर आई थी। वहां भारतीय संस्कृति को रचने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली यह नदी गरमियों में इतनी सूख गई थी कि उसमें लोग अपने परिजनों की अस्थियां भी नहीं प्रवाहित कर सकते थे। मजबूरी में वे गड्ढे खोदकर उनमें अस्थियां दबा देते थे, इस उम्मीद के साथ कि बारिश पड़ने के बाद जब फिर धारा जोर पकड़ेगी, तो इन अस्थियों को मुकाम हासिल हो जाएगा। इसी तरह, वाराणसी में भी अक्सर जल की इतनी कमी हो जाती है कि गंगा के बीचोबीच टापू उभर आते हैं। मैंने अपने बचपन में वाराणसी, मिर्जापुर और इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में इसे एक विशाल वेगवती महानदी के तौर पर देखा है। आजादी के 77 सालों में अगर हम अपना लोकतंत्र बचाने में सफल रहे हैं, तो सभ्यता के इन अनिवार्य कारकों पर भी हमारी नजर होनी चाहिए।

इसी से जुड़ा मामला स्वच्छ हवा का है। जैसे-जैसे दिवाली पास आती है, दमा रोगियों के साथ एलर्जी के मरीजों की दिल की धड़कनें अव्यवस्थित होने लगती हैं। समूचा उत्तर भारत इस दौरान भयंकर कोहरे और वायु प्रदूषण की जद में आ जाता है। हालात इस कदर बिगड़ जाते हैं कि बच्चों के स्कूलों की छुट्टी तक करनी पड़ती है। पहले पंजाब और हरियाणा के पराली-दहन को इसके लिए जिम्मेदार बताकर राजनीतिक दल गेंद एक-दूसरे के पाले में डालने की कोशिश करते थे, लेकिन तमाम शोध साबित कर चुके हैं कि वायु पदूषण के लिए सिर्फ पराली जिम्मेदार नहीं है। अगर किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए जरूरी साधन मुहैया कराने हैं, तो प्रदूषण के अन्य कारकों पर भी साथ ही साथ ध्यान देना होगा।

कमीज की एक आस्तीन फटी नजर आती हो, तो उसे सुधारने के लिए अगर हम दूसरी आस्तीन को भी उधेड़ डालेंगे, तो विरूपता और बढ़ जाएगी। हमारी सरकारें अब तक ऐसा ही करती रही हैं।

यकीनन यह स्थिति बदलनी चाहिए, पर बदलेगी कैसे? मौजूदा चुनाव इस संबंध में सार्थक विमर्श का सशक्त जरिया हो सकता था, लेकिन हमारे राजनेताओं और राजनीतिक दलों ने इस पर तवज्जो देने की जरूरत नहीं समझी। चुनाव का पहला चरण इस पर फैसलाकुन चर्चा के बिना गुजर चुका है। अगर आपके यहां अगले किसी दौर में मतदान है, तो उसका लाभ उठाइए। जब भी कोई प्रत्याशी आपके इलाके में आए, तो उससे पूछिए कि पर्यावरण के मुद्दे पर आपका एजेंडा क्या है? नेता कुछ भी कहें या करें, पर यह सच है कि लोकतंत्र में आज भी लोकवाणी का महत्व कायम है। हमें अपनी इस अहमियत को पहचानना चाहिए।

# हिंदू हारे क्यों और अब हिंदू उत्कर्ष के कारण क्या हैं ?

**ये पांच सौ वर्ष कैसे बीते हमारे ? इन वर्षों में लाखों हिन्दुओं का वध हुआ, उनकी स्त्रियों का अपमान हुआ, बच्चे नर नारी गुलाम बनाकर काबुल और बग़दाद के बाज़ारों में बेचे गए, हमारे मंदिरों का ध्वंस हुआ और उनका अपमान हुआ, हमारे पूर्वजों को डरा धमका कर, संहार के भय से इस्लाम में लाया गया। आज उन मतांतरित हिन्दुओं के वंशज ही आक्रमणकारी विदेशियों की भांति हिन्दू धर्म, एवं आस्था स्थलों के प्रति घृणा का भाव रखते हैं, क्यों ? पांच सौ वर्षों के संघर्ष की निरंतरता के बाद हिन्दुओं के असीम धैर्य के बावजूद उनके प्रति मतांतरित जिहाद-अनुयायियों की शत्रुता काम क्यों नहीं हुयी ? हिन्दू इन विषयों पर सोचना भी नहीं चाहता।**

**(तरुण विजय)**

हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता।

वर्तमान हिंदू उदय का काल सनातन हिन्दुओं की वीरता और उनके असीम धैर्य के साथ विश्व में दुर्लभ संघर्ष की अद्भुत निरंतरता बताता है तो उसके साथ ही स्मरण रखना होगा पिछले कई सौ वर्षों में हिन्दू द्वारा हिन्दू से विद्वेष, हिंदू की हिंदू से शत्रुता, असंगठन, शत्रु के साथ अपने स्वार्थ के लिए जा मिलना और सामूहिक शत्रु के विरुद्ध अपने ईर्ष्या भाव ख़त्म कर संगठित बल से उस शत्रु का हनन करने की भावना का ना होना जिसने हिंदुओं को विदेशी क्षुद्र शक्तियों का दास बनाया।

हिन्दुओं ने आत्म मुग्धता के साथ केवल अपने बारे में महानता की बातें कीं लेकिन जो सावरकर और हेडगेवार को जानते हैं वे समझते हैं कि अपनी दुर्बलताओं की और ध्यान दिए बिना शक्ति अर्जन का पथ प्रशस्त करना संभव नहीं होता।

ये पांच सौ वर्ष कैसे बीते हमारे ? इन वर्षों में लाखों हिन्दुओं का वध हुआ, उनकी स्त्रियों का अपमान हुआ, बच्चे नर नारी गुलाम बनाकर काबुल और बग़दाद के बाज़ारों में बेचे गए, हमारे मंदिरों का ध्वंस हुआ और उनका अपमान हुआ, हमारे पूर्वजों को डरा धमका कर, संहार के भय से इस्लाम में लाया गया। आज उन मतांतरित हिन्दुओं के वंशज ही आक्रमणकारी विदेशियों की भांति हिन्दू धर्म, एवं आस्था स्थलों के प्रति घृणा का भाव रखते हैं, क्यों ? पांच सौ वर्षों के संघर्ष की निरंतरता के बाद हिन्दुओं के असीम धैर्य के बावजूद उनके प्रति मतांतरित जिहाद-अनुयायियों की शत्रुता काम क्यों नहीं हुयी ? हिन्दू इन विषयों पर सोचना भी नहीं चाहता। स्मृति भ्रंश और विगत के बलिदानों का विस्मरण हमारी बड़ी कमजोरी है। मंदिरों की अपरमित आय उच्च जातियों द्वारा नियंत्रित रहती है। हिन्दुओं का कौन सा एक भी मंदिर है जो अपने ही रक्तबंधु दलितों के प्रति समता और सच्चे आत्मीयता का भाव जन जन में पैदा करने के लिए दो चढ़ावा खर्च करता होगा? अथवा देश के कोने कोने मं हिन्दुओं को धर्मान्तरित करने वाली शक्तियों के सामने हिन्दू रक्षक और समरसता के यथार्थ प्रहरी भेजने हेतु अपने करोड़ो रुपये के हिन्दू-धर्म-दान का कोई अंश खर्च करता होगा? इन हिन्दू मंदिरों के संचालक एवं धर्म कोष के अधिपति अपनी राजनीतिक अभीप्साओं की पूर्ति के लिए मंदिर कोष कभी सरकारी कार्यों हेतु, कभी आगंतुक राजनीतिक महानुभाव के सरकारी सहायता कोष हेतु, कभी सड़क पानी बिजली के लिए खर्च कर अपने लिए राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा की संभावनाएं ढूंढते हैं। लेकिन अरुणाचल से लेकर अंडमान और लद्दाख तक जो संगठन हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रयासरत हैं उनको कभी दो रुपये की सहायता नहीं देते।

हिंदू पर्व केवल लोकाचार- रीति रिवाज और कर्मकांड के पालन द्वारा अपनी क्षुद्र मनोकामनाएं पूरी करवाने का पाखंड नहीं होना चाहिए। हिन्दू क्यों हारा? किन कारणों से आक्रमणकारी जीते? किन कारणों से हमारा संगठन जातियों, धन कुबेरों के स्वार्थों,



धार्मिक कुरीतियों और रूढ़िवादिता के कारण छिन्न भिन्न होता रहा? और किन महापुरुषों ने हिन्दू संगठन का बीड़ा उठाया जिस कारण आज सर्वत्र एक हिंदू उत्कर्ष का भाव दिखने लगा है ? इन पर विचार किये बिना भारत के नवीन भाग्योदय पर विमर्श अधूरा ही कहा जायेगा।

स्मरण रखिये महाशक्ति संपन्न, विष्णु के अवतार श्री राघव को भी रावण वध से पूर्व भगवती शक्ति का आवाहन कर आशीर्वाद लेना पड़ा था. हमारे अवतारी पुरुष और वीर पराक्रमी गुरु दुष्ट हन्ता, जनसंगठक, मर्यादा रक्षक, प्रजा वत्सल, अत्यंत सौम्य, अक्रोधी, शालीन, भद्र, सबकी सुनने वाले और विनम्र रहे हैं। हमारे महापुरुषों ने जीवन भर जन हित के लिए संघर्ष किया- उनको जीवन में कभी लौकिक सुख नहीं मिला -विलासिता और ऐश्वर्य से कोसों दूर रहे।

यदि कृष्ण शक्ति, नीति और पराक्रम के योद्धा पुरुष थे जिनको सुदर्शन चक्र के प्रतापी रूप से जाना गया तो राम मर्यादा भक्षक रावण तथा उसके पुत्रों के वध के बाद उसकी स्वर्णमयी लंका भस्म कर- जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी कहते हुये अयोध्या लौटे-और कृष्ण ने मथुरा वृंदावन से हज़ारों मील दूर गुजरात में देहोत्सर्ग किया। दोनों ही अवतारी पुरुष शक्ति और पराक्रम के अन्यतम उदाहरण हैं। अर्थात जहाँ आवश्यक हो वहां अरि हनन कर सज्जनों को अभय देना ही हिन्दू सनातन परंपरा का प्राचीनतम सन्देश रहा है। शक्ति का उपार्जन करना, स्वयं को शत्रु से अधिक बलशाली बनाना, पश्चाताप रहित शत्रु को कभी क्षमा नहीं करना, उसके प्रति कोई दया भाव नहीं दिखाना, सत्य और धर्म रक्षा के लिए प्रत्येक पग उठाने का साहस रखना ही सनातन नियम है।

वर्तमान सन्दर्भों में भारत के आराधकों का विजय पथ पर आरोहण एक नए युग के प्रवर्तन का प्रतीक है। एक ओर यदि हिंदू उत्कर्ष की पुनः प्राप्ति हमारे संघर्ष के अटूट सातत्य का स्वर्णिम अध्याय है तो यह भी सत्य है कि सनातन पथ पर सनातन का नाम लेने वालों ने ही अति दुर्गम कंटक भी बोये, हिन्दू निर्वीर्य दुर्बलताओं का अनुभव भी हुआ, शक्ति अर्जन और जन संगठन में कमियां रहीं। तुम विजयी हो गए तो क्या हुआ, पहले यह बताओ मुझको क्या मिला? इस प्रकार के भाव लेकर सनातन ही सनातन की पराजय का कारण बना। यह इस प्रकार था मानों लंका विजय के बाद हनुमान श्री रघुवीर से पूछें कि अब मुझे कौन सा मंत्रालय मिलेगा? अयोध्या वालों ने तो कोई युद्ध नहीं किया, इसलिए अधिकांश पद, वानर और रीछ जातियों के लिए आरक्षित होने चाहिए।इस भाव के विरुद्ध जन संगठन और राष्ट्र धर्म सर्वोपरि मानने का भाव सनातन की विजय सुनिश्चित करता है।



# हनुमान जयंती के दिन बन रहे हैं कई शुभ योग

**हनुमान जयंती 2024 में 23 अप्रैल को है। पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को अंजनी पुत्र हनुमान जी का जन्म हुआ था। हनुमान जी को सात चिरंजीवियों में से एक माना जाता है, यानि वो कलयुग में भी जीवित हैं। बल, बुद्धि और विद्या देने वाले हनुमान जी की जयंती के दिन अगर आप कुछ उपाय करते हैं तो आपकी सारी परेशानियों का अंत हो सकता है। आज इन्हीं उपायों के बारे में हम आपको अपने लेख में जानकारी देंगे।**

## हनुमान जयंती पर शुभ योग

इस साल हनुमान जयंती के दिन मंगलवार है, मान्यताओं के अनुसार जिस दिन बजरंगबली का जन्म हुआ था उस दिन भी मंगलवार था। इसके साथ ही जिस चित्रा नक्षत्र में हनुमान जी का जन्म हुआ था ये नक्षत्र भी हनुमान जयंती के दिन रहेगा और वज्र नामक योग भी इस दिन होगा। मंगल ग्रह भी इस दिन अपने मित्र की राशि मीन में प्रवेश करेंगे। इन शुभ योगों में क्या उपाय आपको लाभ दिला सकते हैं आइए इस बारे में जानते हैं।

## हनुमान जयंती के उपाय

हनुमान जयंती के दिन किसी हनुमान मंदिर में जाकर आपको मीठे पान का बीड़ा और सिंदूर अर्पित करना चाहिए। यह उपाय आपके सभी संकटों को दूर कर सकता है। इस उपाय को करने के बाद हनुमान चालसी का आपको कम-से-कम 108 बार जप करना चाहिए।

- आर्थिक तंगी और करियर से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए हनुमान जयंती के दिन घर के मंदिर में तेल का दीपक जलाएं और उसके बाद दो लौंग उसमें डाल दें। इसके बाद श्रद्धापूर्वक हनुमान जी की अर्चना करें। आपके करियर और धन से जुड़ी समस्याएं दूर हो सकती हैं।
- अगर किसी कानूनी मामले में आप फंसे हैं या कहीं कोई सरकारी कार्य अटका हुआ है तो हनुमान जयंती के दिन लाल चोला हनुमान जी को अर्पित आपको करना चाहिए। आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।
- इस दिन हनुमान चालीसा का पाठ करने से शनि दोष और मंगल दोष से भी मुक्ति मिलती है। यथा संभव जरूरतमंद लोगों की सहायता करने से भी आप बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।
- जीवन में आ रही किसी भी समस्या को दूर करने के लिए या फिर अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए आपको 11 पीपल के पत्तों पर जय श्री राम लिखकर किसी हनुमान मंदिर में रखकर आ जाना चाहिए। याद रखें कि इन पत्तों को हनुमान जी के पैरों में न रखें। ये उपाय करके आपकी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं, साथ ही जिस समस्या के कारण आप परेशान हैं वो भी दूर हो सकती है।
- किसी विशेष फल की प्राप्ति करना चाहते हैं तो बजरंगबाण का पाठ आप हनुमान जयंती के दिन कर सकते हैं।
- ऐसा माना जाता है कि हनुमान जयंती के दिन हनुमान चालीसा का 108 बार जप करने से आपके अंदर की नकारात्मकता दूर होती है और आपका आत्मविश्वास बढ़ता है।




# विशेष फल प्रदान करती है हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी अराधना

**चैत्र पूर्णिमा पर भगवान शिव के ग्यारहवें अवतार हनुमान का जन्म हुआ था और यह दिन हनुमान जयंती के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार हनुमान जयंती वर्ष में दो बार मनाई जाती है, पहली चैत्र मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन और दूसरी कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्दशी को।**

शास्त्रों के मुताबिक मंगलवार और शनिवार हनुमान जी का दिन होता है और उस दिन उनकी अराधना का साधक को विशेष लाभ होता है। लेकिन ऐसी मान्यता है कि हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी से जुड़ी कोई भी अराधना साधक या भक्त को अति विशेष फल प्रदान करती है। इस दिन अगर आप किसी भी भगवान हनुमान के मंदिर में संपूर्ण चोला चढ़ाते हैं तो उसका भी खास लाभ होता है। आइए जानते हैं हनुमान जयंती के दिन किन तीन उपायों का आपको विशेष लाभ प्राप्त हो सकता है। अक्सर देखा जाता है कि हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाया जाता है और कई लोग मन्नत पूरी होने के बाद भी हनुमानजी पर सिंदूर चढ़ाते हैं।



## सिंदूर का लेप

भगवान हनुमान को सिंदूर अर्पित किया जाता है। उनका चोला हर मंगलवार और शनिवार को बदला जाता है। लेकिन इससे पहले उनकी प्रतिमा पर सिंदूरी लेप किया जाता है। गौर हो कि सिंदूर असीम ऊर्जा का प्रतीक है। इससे जीवन में सकारात्मकता आती है। हनुमान जी को सिंदूर का चोला चढ़ाने से एवं मूर्ति का स्पर्श करने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस दिन आप सुबह ही अपने घर के नजदीक किसी भी हनुमान मंदिर में पहुंच जाएं। पंडित जी जो सिंदूर हनुमान जी को लेप करने के लिए बना रहे हों आप उसमें उनसे अनुरोध कर सहयोग करें। अगर आप खुद सिंदूर बनाकर लेप करने में पंडित जी का सहयोग करें तो यह बेहद उत्तम है। ऐसा करने से आपको हनुमान जी का विशेष आशीष प्राप्त होगा। इसके बाद आप निम्नलिखित मंत्र का उच्चारण करते हुए चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर या सीधे प्रतिमा पर हल्का सा देसी घी लगाकर उस पर सिंदूर का चोला चढ़ा दें-

*सिन्दूरं रक्तवर्णं च*
*सिन्दूरतिलकप्रिये।*
*भक्तयां दत्तं मया देव सिन्दूरं*
*प्रतिगृह्यताम।।*

लेपन और चोला चढ़ाने के बाद आप पंडित जी से तिलक जरूर लगवाएं।

## हनुमान चालीसा का पाठ

हनुमान चालीसा का पाठ कलिकाल में बेहद कल्याणकारी माना गया है। इसका पाठ बेहद सरल होता है। कहा जाता है कि इसकी हर चौपाई में असीम शक्ति छिपी है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करता है उसकी हर मनोकामना हनुमान जी पूरी करते हैं। शास्त्रों के मुताबिक जब कभी भी आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़े तो मन में हनुमान जी का ध्यान करके हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दीजिए। आपको काफी कम समय में सुखद परिणाम दिखना शुरू हो जाएगा। ऐसा करने से जल्द ही आर्थिक चिंताएं दूर हो जाएगी। अगर यह क्रम मंगलवार से शुरू करें तो बेहतर रहेगा और ध्यान रहें इसका पाठ किसी भी दिन छोड़ें नहीं। यह भी कहा जाता है कि जो व्यक्ति नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करता है उसके आस-पास नकारात्मक शक्तियां नहीं आती हैं और वह आत्म विश्वास और उर्जा से परिपूर्ण हो जाता है। हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने वाले व्यक्ति का मनोबल बढ़ जाता है और उसे किसी भी तरह का भय नहीं रहता है। हनुमान चालीसा के पाठ से मानसिक शांति मिलती है। जो लोग अक्सर बीमार रहते हैं या काफी उपचार के बाद भी जिनका रोग दूर नहीं होता उन्हें नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। जानकारों के मुताबिक हनुमान जयंती के दिन हनुमान चालीसा का पांच या 11 बार पाठ से आपको विशेष फल प्राप्त होता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। हनुमान जी की कृपा पाने के लिए छात्रों को नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। छात्र जीवन में चालीसा का पाठ करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है और शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी मिलती है।

## हनुमानजी को किसने दिया था चिरंजीवी रहने का वरदान?


हनुमानजी को चिरंजीवी माना जाता है यानी की अजर अमर। वे आज भी सशरीर मौजूद हैं। आखिर उन्हें कलियुग के अंत तक या कि एक कल्प तक शरीर में ही रहकर धरती पर रहने का वरदान किसने दिया था। आओ जानते हैं। वाल्मीकि रामायण के अनुसार लंका पर विजय प्राप्त करके जब प्रभु श्री राम अयोध्या लौट रहे थे। तब उन्होंने उन लोगों को उपहार दिए जिन्होंने रावण के साथ युद्ध में उनका साथ दिया था। इसमें विभीषण, अंगद और सुग्रीव शामिल थे। तभी हनुमान जी भगवान श्रीराम से याचना करते हैं कि -'यावद् रामकथा वीर चरिष्यति महीतले। तावच्छरीरे वत्स्युन्तु प्राणामम न संशय:।।

अर्थात : 'हे वीर श्रीराम! इस पृथ्वी पर जब तक रामकथा प्रचलित रहे, तब तक निस्संदेह मेरे प्राण इस शरीर में बसे रहें।'



यह सुनकर श्रीराम ने आशीर्वाद देते हुए कहा- 'एवमेत कपिश्रेष्ठ भविता नात्र संशय:। चरिष्यति कथा यावदेषा लोके च मामिका ताव ते भविता कीर्ति: शरीरे प्यवस्तथा। लोकाहि यावत्स्थास्यन्ति तावतस्थास्यन्ति में कथा।।

'अर्थात : 'हे कपि श्रेष्ठ, ऐसा ही होगा, इसमें संदेह नहीं है। इस संसार में जब तक मेरी कथा प्रचलित रहेगी, तब तक तुम्हारी कीर्ति अमिट रहेगी और तुम्हारे शरीर में प्राण भी रहेंगे ही। जब तक ये लोक बने रहेंगे, तब तक मेरी कथाएं भी स्थिर रहेंगी। यह भी कहा जाता है कि माता सीता को जब हनुमानजी ने अंगुठी दी थी तब माता सीता ने हनुमानजी को चिरंजीवी होने का वरदान दिया था। भगवान इंद्र ने उन्हें इच्छामृत्यु का वरदान दिया था।



# हनुमान जन्मोत्सव पर घर में इस विधि से करें बजरंगबली की पूजा

हर साल चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है। पूरे भारत में हनुमान जयंती को बड़े उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस साल हनुमान जयंती 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन मनाई जाएगी। हालांकि, हनुमान जयंती को हनुमान जन्मोत्सव कहना ज्यादा उचित रहेगा क्योंकि मान्यता है कि बजरंगबली आज भी धरती पर सशरीर मौजूद हैं। वह आज भी सभी के संकटों का निवारण करते हैं इसलिए उन्हें संकटमोचन के नाम से जाना जाता है। इस दिन बजरंगबली के भक्त उनकी पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिरों में कई शुभ मांगलिक कार्यक्रम भी किए जाते हैं। अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए इस दौरान कई उपाय भी किए जाते हैं। इन उपायों को करने से आरोग्य और लाभ की प्राप्ति होती है। साथ ही नकारात्मक शक्तियां भी दूर हो जाती है। यदि आप हनुमान जन्मोत्सव के दिन मंदिर जाकर हनुमान जी की पूजा करने में असमर्थ हैं, तो घर पर भी आप कुछ नियमों का पालन कर के उनकी पूजा कर सकते हैं। आइए उस विधि को जान लेते हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पूजा मुहूर्त

हनुमान जन्मोत्सव या जयंती पर ब्रह्म मुहूर्त प्रात: 04 बजकर 20 मिनट से 05 बजकर 04 मिनट तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 53 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक है। इसके अलावा हनुमान जी की पूजा का मुहूर्त सुबह 09 बजकर 03 मिनट से 10 बजकर 41 मिनट तक है।

## घर पर ऐसे करें पूजा

- हनुमान जन्मोत्सव के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान-ध्यान करें।
- इसके बाद साफ वस्त्र धारण करें और सूर्यदेव को अर्घ्य दें
- फिर एक चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं। फिर उसपर हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करें।
- हनुमान जी की प्रतिमा पर सिंदूर, अक्षत, फूल अर्पित करें।
- इस दौरान बेसन के लड्डू या बूंदी का प्रसाद रख सकते हैं, क्योंकि यह उन्हे अधिक प्रिय है।
- इसके बाद आसन पर बैठकर 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ करें।
- पाठ के बाद हनुमान जी की आरती जरूर करें।
- हनुमान जन्मोत्सव के दिन श्री राम जी की पूजा अवश्य करें।


## भूलकर भी न करें ये काम

हनुमान जन्मोत्सव के दिन भूलकर भी मांस-मदिरा का सेवन ना करें। इस दिन क्रोध करने से बचना चाहिए। इसके अलावा हनुमान जन्मोत्सव के दिन बाल कटवाने की भी मनाही है। साथ ही किसी का अपमान भी ना करें अन्यथा अशुभ परिणामों को झेलना पड़ सकता है।

# बजरंगबली अवतरण दिवस पर 7 शुभ प्रसाद का भोग लगाएं

**23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए उन्हें तरह तरह के भोग लगाए जाते हैं। जानते हैं उन्हीं में से उनके प्रिय 7 भोग।**

- **गुड़-चना** : हनुमानजी को गुड़ और चने का प्रसाद तो अक्सर चढ़ाया ही जाता है। यह मंगल का उपाय भी है। इससे मंगल दोष मिटता है। यदि आप कुछ भी चढ़ाने की क्षमता नहीं रखते या किसी और कारण से चढ़ा नहीं पाते हैं तो सिर्फ गुड़ और चना ही चढ़ाकर हनुमानजी को प्रसन्न कर सकते हैं। हर मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी को गुड़ और चने का भोग लगाएं। इससे आपकी सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी। हालांकि आजकल गुड़ की जगह चिरौंजी ज्यादा मिलती है लेकिन चने के साथ गुड़ का ही संयोग होता है।
- **इमरती** : इमरती का भोग लगाने से संकटमोचन अत्यंत प्रसन्न होते हैं। आपकी जो भी मनोकामनाएं हैं, वे पूर्ण हो जाएंगी। बस, मंगलवार के दिन हनुमानजी को इमरती चढ़ा आएं।
- **लड्डू** : हनुमानजी को 3 तरह के लड्डू पसंद हैं- एक केसरिया बूंदी लड्डू, दूसरा बेसन के लड्डू और तीसरा मलाई-मिश्री के लड्डू। इसमें बेसन के लड्डू उन्हें खास पसंद हैं। लड्डू चढ़ाने से हनुमानजी भक्तों को दे देते हैं मनचाहा वरदान और उसकी मनोकामना पूर्ण कर देते हैं। लड्डू चढ़ाने से पापी ग्रह भी काबू में रहते हैं।
- **केसर-भात** : उज्जैन में मंगलनाथ पर केसर-भात से मंगल की शांति होती है। हनुमानजी को भी केसर-भात का भोग लगाया जाता है। इससे हनुमानजी बहुत जल्द प्रसन्न होते हैं। कोई व्यक्ति 5 मंगलवार हनुमानजी को यह नैवेद्य लगाता है, तो उसके हर तरह के संकटों का समाधान होता है।
- **रोट या रोठ** : ऐसी मान्यता है कि अगर हनुमानजी को मंगलवार के दिन रोट या मीठा रोटी का भोग लगाया जाता है तो मनवांछित फल मिलता है। गेहूं के आटे में गुड़, इलायची, नारियल का बूरा, घी, दूध आदि मिलाकर रोट बनाया जाता है। कुछ जगह इसे सेंककर रोटी जैसा बनाकर भोग लगाते हैं और कुछ जगह इसे पूरियों की तरह तलकर इसका भोग लगाते हैं। यह रोट हनुमानजी को बहुत प्रिय है।
- **पान का बीड़ा** : आपने सुनी होगी एक प्रचलित लोकोक्ति 'बीड़ा उठाना'। इसका अर्थ होता है- कोई महत्वपूर्ण या जोखिमभरा काम करने का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेना। यदि आपके जीवन में कोई घोर संकट है या ऐसा काम है जिसे करना आपके बस का नहीं है, तो आप अपनी जिम्मेदारी हनुमानजी को सौंप दें। इसके लिए आप मंगलवार के दिन किसी मंदिर में पूजा-पाठ करने के बाद उन्हें पान का बीड़ा अर्पित करें। रसीला बनारसी पान चढ़ाकर मांग लीजिए मनचाहा वरदान।
- **पंच मेवा** : काजू, बादाम, किशमिश, छुआरा, खोपरागिट पंचमेवा के नाम से जाने जाते हैं। इसका भी हनुमानजी को भोग लगता है।



## संक्षिप्त समाचार

### इजराइल के चीफ ऑफ स्टाफ ने गाजा युद्ध जारी रखने को दी मंजूरी

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइली चीफ ऑफ स्टाफ हरजी हलेवी ने गाजा में युद्ध जारी रखने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने दी। इज़राइली कान चैनल ने बताया कि मिस्र की सीमा पर दक्षिणी गाजा पट्टी शहर राफा में सैन्य अभियान की भी मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि इज़राइल के सहयोगियों ने राफा में हमले के खिलाफ चेतावनी दी है। लेकिन इज़राइल हमास की शेष बटालियनों को नष्ट करने के लिए राफा में सैन्य अभियान आवश्यक मानता है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने रविवार को हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों के लिए कहा, जब तक आप घर नहीं आ जाते, हम लड़ते रहेंगे।

### पहली बार शुरू हुआ हिंदी में रेडियो का प्रसारण, भारतीय दूतावास ने की कुवैती संचार मंत्रालय की तारीफ

**कुवैत सिटी , एजेंसी।** कुवैत में पहली बार हिंदी में रेडियो का प्रसारण शुरू हुआ है। वहां मौजूद भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी दी है। भारतीय दूतावास ने प्रत्येक रविवार को कुवैत रेडियो पर एफएम 93.3 और एएम 96.3 पर एक हिंदी कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुवैती संचार मंत्रालय की सराहना की है। भारतीय दूतावास ने कहा कि कुवैत की तरफ से उठाया गया यह कदम दोनों देशों के बीच रिश्ते को मजबूत बनाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए भारतीय दूतावास ने कहा, कुवैत में पहली बार हिंदी रेडियो प्रसारण की शुरुआत! भारतीय दूतावास 21 अप्रैल 2024 से प्रत्येक रविवार (साढ़े आठ से नौ बजे) कुवैत रेडियो पर एफएम 93.3 और एएम 96.3 पर एक हिंदी कार्यक्रम शुरू करने के लिए कुवैती संचार मंत्रालय की सराहना करता है। यह कदम भारत-कुवैत के रिश्तो को और मजबूत करेगा।

### बाल्टीमोर बंदरगाह तक आने-जाने के लिए खोला गया तीसरा अस्थायी चैनल

**बाल्टीमोर, एजेंसी।** बाल्टीमोर बंदरगाह तक नौकाओं के आने और जाने के लिए एक तीसरा अस्थायी चैनल खोला गया है। फ्रांसिस स्काट ब्रिज का एक हिस्सा ढह जाने से बंदरगाह तक पहुंच में अवरोध उत्पन्न हो गया था। ब्रिज के ढह गए भागों को पुनर्निर्माण से पहले बचाने का प्रयास जारी है। बंदरगाह अधिकारियों ने शुक्रवार देर रात घोषणा की कि ढह गए ब्रिज के उत्तर-पूर्व में स्थित वैकल्पिक चैनल व्यावसायिक रूप से आवश्यक जहाजों के लिए खोला गया है। नया अस्थायी मार्ग 20 फीट गहराई के साथ बड़ी संख्या में जहाजों को बंदरगाह तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता है। तटरक्षक बल और बंदरगाह कैप्टन ओ कोन्नल ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा है कि क्रू मुख्य चैनल को फिर से खोलने में जुटे हैं। मालवाहक जहाज के टकराने से 26 मार्च को ब्रिज ढह गया और उसके बाद आवाजाही बाधित हो गई थी। आवाजाही के लिए पहला अस्थायी चैनल एक अप्रैल को खोला गया।

### सात अक्टूबर को हुए हमास हमले को नहीं रोक पाया था इजरायल

**तेल अवीव , एजेंसी।** इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। इजरायल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजरायली अधिकारी हैं। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजरायल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी।

अक्टूबर में ही आरोप को किया था स्वीकार

युद्ध के कुछ ही समय बाद, हलीवा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि सरकार और सेना को खुफिया चेतावनियां और दैनिक अलर्ट प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सैन्य विभाग के प्रमुख के रूप में हमले को न रोक पाने का दोष उन पर है और वह इस आरोप को स्वीकार करते हैं।

### श्रीलंका में कार रेस दुर्घटना में सात की मौत, 23 लोग घायल

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के सेंट्रल हिल्स में रविवार को एक कार रेस के दौरान एक कार ट्रैक से उतर गई। इसकी चपेट में आकर कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मीडिया प्रवक्ता डीआईजी निहाल थल्दुवा ने कहा कि सात मृतकों में रेस मार्शल और दर्शक शामिल थे। एक आठ साल की लड़की की भी हादसे में मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में पड़ने वाले राष्ट्रीय नववर्ष के अनुसार श्रीलंका सेना द्वारा आयोजित, फॉक्सहिलसुपर क्रॉस 2024 नामक रेस देखने के लिए एक लाख से अधिक प्रशंसक इकट्ठा हुए थे। यह दौड़ श्रीलंका के मध्य हाइलैंड्स में एक पूर्व गैरीसन शहर दियातलावा में आयोजित की गई थी, जहां सभी सैन्यकर्मी सैन्य प्रशिक्षण लेते हैं।नव वर्ष की छुट्टियों के मौसम के दौरान छुट्टियां मनाने वाले लोग सेंट्रल हिल्स में इकट्ठा होते हैं। जहां कार रेस और घुड़दौड़ जैसी कई प्रतियोगिताएं होती हैं।श्रीलंकाई सेना ने आखिरी बार 2019 में फॉक्सहिल रेस का आयोजन किया था, लेकिन देश भर में 2019 ईस्टर हमलों के बाद इसे अचानक रोकना पड़ा।

## इजरायली हिंसा के विरोध में वेस्ट बैंक में हड़ताल

**यरूशलेम, एजेंसी।** तुल्कर्म और गाजा पट्टी के शरणार्थी शिविरों में इजरायल द्वारा फिलिस्तीनियों की हत्या के विरोध में वेस्ट बैंक में रविवार को हड़ताल है।हड़ताल का आह्वान अन्य समूहों के अलावा फ़तह आंदोलन ने भी किया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार सुबह रामल्लाह की सड़कों पर बहुत कम गाड़ियां दिखी और दुकानें बंद हैं।


इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर हेब्रोन में रविवार सुबह इजरायली सैनिकों ने दो फिलिस्तीनियों की गोली मारकर हत्या कर दी। फ़िलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि उसे इजरायल के अधिकारियों ने ही मौत की सूचना दी। इजरायली सेना के मुताबिक, फिलिस्तीनियों ने पहले एक चेकपॉइंट पर इजरायली सैनिकों पर हमला किया था। 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी में इजरायल और उग्रवादी फिलिस्तीनी संगठन हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में स्थिति काफी खराब हो गई है। अकेले वेस्ट बैंक में ही 450 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, उनमें से अधिकांश की मौत इजरायली हमलों में हुई।

उधर गाजा में पिछले छह महीनों में 33,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और कई हजार से अधिक घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने शनिवार शाम वेस्ट बैंक में एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया।

# चांद के कुछ हिस्सों पर कब्जा करना चाहता है चीन: नासा प्रमुख बिल नेल्सन

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने चीन को लेकर एक हैरान करने वाला दावा करते हुए कहा कि वे (चीन) अंतरिक्ष में एक गुप्त सैन्य कार्यक्रम चला रहे हैं ताकि वह चंद्रमा पर अपना दावा कर सकें। नेल्सन के मुताबिक इसकी जानकारी वे छुपा रहे हैं। चीन हमेशा से यह कहता रहा है कि अंतरिक्ष में उसकी गतिविधियां पूरी तरह वैज्ञानिक हैं। उसका उद्देश्य किसी भी तरह से अतिक्रमण करने का नहीं है। लेकिन चीन के इरादे कुछ और ही हैं। हमें लगता है कि वे अंतरिक्ष के क्षेत्र में चीन ने असाधारण प्रगति की है, लेकिन उसके ज्यादातर कार्यक्रम गोपनीय रहे हैं। अमेरिका और चीन दोनों चंद्रमा पर स्थायी अड्डे बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी साल मार्च में चीन के वैज्ञानिकों ने डिज्नीलैंड के आकार का चंद्र बेस बनाने का ऐलान किया था।

**चीन को अहम प्रतिद्वंदी मानता रहा है अमेरिका:** नेल्सन ने कहा, चीन के इरादों से लगता है कि वह चांद के कुछ हिस्सों पर अपना कब्जा जमाना चाहता है। हम एक रेस में है। 2030 तक चांद पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। हम वहां जल्द पहुंचना चाहते हैं। आर्टेमिस आईआईआई सितंबर, 2026 में लॉन्च किया जाएगा। दरअसल, अमेरिका चांद को लेकर हमेशा




चिंतित रहता है। वह चीन को अपना सबसे अहम प्रतिद्वंद्वी मानता है। लेकिन नेल्सन का दावा है कि अमेरिका चीन से काफी आगे है। उन्होंने कहा कि अगर चीन पहले वहां अपना आधार बनाना शुरू करता है तो वह चांद के कुछ हिस्सों पर दावा कर सकता है। नासा की ये चिंता इसलिए है, क्योंकि चीन अपना अंतरिक्ष स्टेशन 2022 में ही बना चुका है। इसके साथ ही उसने अपने उपग्रहों की संख्या दोगुनी कर दी है। चीन ने बीते चार साल में अंतरिक्ष मिशन के लिए अरबों डॉलर का निवेश किया है। अमेरिकी स्पेस फोर्स के कमांडर ने चीन के ट्रैकिंग उपग्रहों को लेकर चेताया है, जिनका उपयोग सैन्य अभियानों की निगरानी के लिए किया जा सकता है। चीन विशाल जासूसी गुब्बारे और हाइपरसोनिक मिसाइलें भी विकसित कर रहा है। नेल्सन ने पहले कहा था कि दक्षिण चीन सागर में जिस तरह चीन का व्यवहार है, उससे साबित होता है कि वह अंतरिक्ष में किस तरह का व्यवहार करेगा।

# चीन में भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी

### 44 नदियां खतरे के निशान से ऊपर, 1 हजार से ज्यादा स्कूल बंद; 11 लापता और 6 घायल

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन में आज (22 अप्रैल) भारी बारिश और बाढ़ आने की संभावना है। इसका असर दिखने भी लगा है। दक्षिण चीन के कई शहरों में 16 अप्रैल से हो रही तेज बारिश के चलते पानी भर गया है। 44 से ज्यादा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

सिंगापुर की नेशनल न्यूज एजेंसी ष्ट्ठ के मुताबिक बाढ़ के कारण अब तक 11 से ज्यादा लोग लापता हैं। वहीं भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 6 लोग घायल हो चुके हैं। हालांकि, किसी के हताहत होने की अभी कोई खबर नहीं है।

लोकल प्रशासन लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए लगातार रेस्क्यू मिशन चला रहा है। अब तक 60 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है। इमरजेंसी सेवाएं अलर्ट मोड पर हैं। बाढ़ के चलते अब तक 165 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विभाग के मुताबिक 21




अप्रैल की शाम को साउथ चीन के तटीय क्षेत्रों से एक तूफान टकराया है, जिसके कारण चीन में सदी की सबसे बड़ी बाढ़ आ सकती हैं। माना जा रहा है कि इस तूफान से लगभग 12 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। मौसम विभाग ने पहले ही इस तूफान को लेकर चेतावनी जारी कर दी थी।

गुआंग्शी शहर और हेझोउ शहर में 65 भूस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं। पिछले 4 दिनों से लगातार बारिश के कारण गुआंग्डोंग शहर में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे पर्ल रिवर डेल्टा पानी से भर गया है। कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है और एक मंजिला तक घर डूब गए हैं। सरकार ने हालत ठीक होने तक समुद्री इलाकों में जाने पर रोक लगा दी है। साउथ चीन की सबसे मुख्य बेई नदी उफान पर है, यहां सोमवार तक रिहायशी इलाकों में 19 फीट ऊपर तक पानी भर गया है। चीन में हर 50 साल में एक बार ऐसी बाढ़ आती है। गुआंग्डोंग में प्रशासन इमरजेंसी मोड की तैयारी में है। इसके अलावा जियांग्शी और फुजियान में मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना जताई है। तूफान का असर झाओकिंग, शोगुआन, क्विंगयुआन और जियांगमेन शहरों पर भी दिखने लगा है। यहां 12 घंटों से भारी बारिश हो रही है। झाओकिंग के पूरे शहर में बिजली गायब है। तीन प्रांतों में अगले आदेश तक 1 हजार से ज्यादा स्कूलों को बंद कर दिए गया है। शहर में मोबाइल सिग्नल भी गायब हो गए है। गुआंग्डोंग में किंगयुआन और शोगुआन में सेना को मदद के लिए भेजा गया है। गुआंग्डोंग में 27 हाइड्रोलॉजिकल स्टेशन अलर्ट पर है। यहां बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो रही है। इससे पहले जून 2022 में चीन में इतनी भीषण बाढ़ आई थी।

## 375 मिलियन डॉलर के सौदे के तहत भारत से फिलीपींस तक ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति जारी

**फिलीपींस , एजेंसी।** रक्षा अधिकारियों ने कहा कि 375 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत भारत से फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति दोनों देशों के बीच अनुबंध के हिस्से के रूप में जारी है। मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति रविवार को एक चार्टर्ड इल्युशिन-76 परिवहन विमान में भारत से मनीला के एक हवाई अड्डे पर पहुंची। रक्षा अधिकारियों ने आगे कहा कि भारत और फिलीपींस के अधिकारी अनुबंध के तहत उस देश को आपूर्ति किए गए उपकरणों की पहली खेप प्राप्त कर रहे हैं। विशेष रूप से भारत ने 2022 में हस्ताक्षरित सौदे के हिस्से के रूप में 19 अप्रैल को फिलीपींस को सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप सौंपी। रक्षा सूत्रों के अनुसार, भारतीय वायु सेना ने फिलीपींस के मरीन कोर को हथियार प्रणाली पहुंचाने के लिए अपने अमेरिकी मूल सी-17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान को मिसाइलों के साथ फिलीपींस भेजा था। मिसाइलों के साथ-साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली के लिए ग्राउंड सिस्टम का निर्यात पिछले महीने ही शुरू हुआ था। फिलीपींस ऐसे समय में मिसाइल प्रणालियों की डिलीवरी ले रहा है जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पों के कारण उनके और चीन के बीच तनाव बढ़ गया है।



# पाकिस्तान उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, नहीं चला इमरान खान का जादू

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।

पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए। वहीं पंजाब की 12 असेंबली सीटों, खैबर पख्तूनख्वा की दो और बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए गए। इन उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी ने दो नेशनल असेंबली की सीटों और 10 असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है। इस उपचुनाव में पीएमएलएन के अलावा इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थन वाली सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने हिस्सा लिया। वहीं मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जमीयत



उलेमा ए इस्लाम ने उपचुनाव का बहिष्कार किया।

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएलएन ने दो नेशनल असेंबली सीटों पर जीत दर्ज की है तो पीपीपी और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल ने एक-एक सीट पर और एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। असेंबली सीटों में से पीएमएलएन ने पंजाब की नौ सीटों पर, बलूचिस्तान की एक सीट पर जीत दर्ज की।

# अमेरिकी संसद ने यूक्रेन-इजराइल की मदद के लिए 95 अरब डॉलर किए मंजूर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन 'हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने शनिवार को एक दुलर्भ सत्र में यूक्रेन, इजराइल और अन्य सहयोगियों की सहायता के लिए 95 अरब अमेरिकी डॉलर की मंजूरी दे दी। सहयोगी देशों की मदद के लिए विदेशी सहायता के मद में इस राशि को मंजूर करने के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी एक साथ आईं, जिनके बीच गत कई महीनों से रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन की नए सिरे से अमेरिकी मदद को लेकर गतिरोध चल रहा था।हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव द्वारा विदेशी सहायता के मद में मंजूर की गई 95 अरब डॉलर की राशि में 61 अरब डॉलर अकेले यूक्रेन के लिए है, जबकि 26 अरब डॉलर की व्यवस्था गाजा में हमास से लड़ रहे इजराइल और गाजा में मानवीय सहायता के लिए की गई है। यूक्रेन और पश्चिमी देशों के नेताओं ने अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा से पारित सहायता पैकेज की सराहना की, जबकि रूस ने आगाह करते हुए कहा है कि विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद यूक्रेन और तबाह होगा तथा और ज्यादा मौतें होंगी। प्रतिनिधि सभा ने शनिवार को विशेष सत्र के दौरान अमेरिका के सहयोगी देशों यूक्रेन, इजराइल व अन्य के लिए 95 अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी सहायता को तत्काल मंजूरी दे दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह फैसले के लिए अमेरिकी सांसदों के आभारी हैं। इससे



पहले उन्होंने आगाह किया था कि अमेरिकी सहायता के बिना यूक्रेन युद्ध हार जाएगा। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट किया, हम अपने देश, इसकी स्वतंत्रता और लोगों को मिले हर तरह के समर्थन की सराहना करते हैं, जिसे रूस मलबे के नीचे दफन करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिका ने युद्ध के पहले दिन से ही अपना नेतृत्व प्रदर्शित किया है। नियमों पर आधारित व्यवस्था कायम करने के लिए बिल्कुल इसी तरह के नेतृत्व की जरूरत है।

# लेबनान में वर्षों तक बंधक रहे अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी पत्रकार टेरी एंडरसन का निधन हो गया है। टेरी एंडरसन को इस्लामी आतंकियों ने लेबनान में करीब सात वर्षों तक बंधक बनाकर रखा था और पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हुई थी। टेरी एंडरसन ने रविवार को 76 वर्ष की उम्र में अपने न्यूयॉर्क स्थित घर पर अंतिम सांस ली। टेरी एंडरसन मीडिया जगत के एक बड़े संस्थान के मध्य पूर्व के मुख्य संपादक थे और लेबनान में बंधक बनाए गए पश्चिमी नागरिकों में सबसे लंबे समय तक बंधक रहे।

### लेबनान में करीब सात वर्षों तक रहे बंधक टेरी एंडरसन

टेरी एंडरसन की बेटी सुलोम एंडरसन ने यह जानकार दी। टेरी को शिया मुस्लिम आतंकी संगठन ने बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान टेरी को हाथ-पैर बांधकर, आंखों पर पट्टी बांधकर एक ऐसी कोठरी में रखा गया, जहां रोशनी भी कम आती थी। टेरी ने रिहाई के बाद बताया था कि वह एक समय पागल जैसे हो गए थे और खुदकुशी करना चाहते थे, लेकिन उनकी रोमन कैथोलिक आस्था की वजह से वे बचे रहे। आखिरकार दिसंबर 1991 में टेरी को रिहा कर दिया गया। टेरी की बेटी सुलोम ने बताया कि उसके पिता ने बंधक रहते हुए काफी कष्ट झेला। सुलोम ने कहा वह चाहेंगे कि लोग उन्हें उनके सबसे बुरे अनुभव के लिए याद न रखें बल्कि उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए उन्हें याद रखा जाए। जैसे उन्होंने वियतनाम के बच्चों के लिए फंड बनाया। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए समिति बनाने समेत कई अच्छे काम किए।

**शिया आतंकियों ने किया था अपहरण:** टेरी एंडरसन का जन्म 27 अक्तूबर 1947 को ओहियो में हुआ था। टेरी का बचपन बटाविया, न्यूयॉर्क जैसे शहरों में बीता। आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी से स्नातक करने के बाद टेरी ने छह वर्षों तक मरीन कॉर्प्स में भी



काम किया। इसके बाद टेरी ने मीडिया में काम करते हुए डेट्रॉयट, लुइसविले, न्यूयॉर्क, टोक्यो, जॉहानेसबर्ग और फिर बेरूत में काम किया। बेरूत से ही टेरी का अपहरण किया गया। 16 मार्च 1985 को जब टेरी बेरूत स्थित अपने घर पर टेनिस खेल रहे थे, उसी दौरान एक कार में आए कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने उनका अपहरण कर लिया। आतंकियों ने टेरी के बदले कुवैत की जेलों में बंद अपने साथी आतंकियों को छोड़ाने की मांग की। अगले छह साल टेरी के लिए नारकीय साबित हुए। टेरी के बंधक रहने के दौरान ही उनके पिता और भाई की कैंसर से मौत हो गई थी। टेरी की रिहाई के लिए उनकी बहन ने काफी कोशिश की थी। अमेरिकी सरकार ने भी टेरी की रिहाई के लिए काफी कोशिश की, लेकिन सब बेकार गईं।

## एलन मस्क का काम देखने टेस्ला की फैक्ट्री पहुंच गई उनकी मां



**टेक्सास, एजेंसी।**एलन मस्क की मां मेय मस्क जो कि अपने लुक, फैशन की वजह से लाइमलाइट में रहती हैं, वे टेक्सास में टेस्ला गीगाफैक्टरी गई थीं। मेयी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एलन मस्क के साथ नजर आ रही हैं। मेय मस्क ने हाल ही में अपना 76 वां जन्मदिन से मनाया है। एलन मस्क की मां मेय मस्क एक मॉडल और डाइटिशियन हैं। वे अक्सर फिल्म फेस्टिवल में भी नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर भी वे अपने फैशन और अपने खूबसूरत अंदाज के चलते छाई रहती हैं। शनिवार को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के टेक्सास में टेस्ला गीगीफैक्ट्री का दौरा किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि शनिवार को आप क्या करते हैं एलन मस्क के साथ टेस्ला गीगाफैक्ट्री गई। यहां की लॉबी बहुत ही सुंदर है। सोशल मीडिया पर पोस्ट की इस तस्वीर में मेय नीले रंग की डेनिम जैकेट और जींस पहने नजर आ रही हैं। इस लिबास में वे बहुत ही खूबसूरत लग रहीं थीं। वहीं एलन काले रंग की जींस, टी-शर्ट और जैकेट पहने दिख रहे हैं। उनके फैंस ने कमेंट पर उनकी खूब तारीफ भी की।

# एसी, फ्रिज की बिक्री में काफी उछाल आया

## कंपनियों को आने वाले समय में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। तापमान लगातार बढ़ रहा है। गर्मी के चलते एसी, फ्रिस और आइसक्रीम की बिक्री काफी बढ़ गई है। डिमांड बढ़ते ही कीमतों में भी उछाल आ गया है। गर्मी को देखते हुए इस बार कंपनियां काफी शानदार बिक्री की उम्मीद कर रही हैं। अब मिडिल क्लास फैमिली में भी लोग जमकर एसी खरीदने लगे हैं। कूलर भी डिमांड भी काफी बढ़ गई है। रेफ्रिजरेटर की भी खूब बिक्री हो रही है। गोदरेज अप्लायंसेज के बिजनेस हेड और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कमल नंदी के मुताबिक, 'यह उद्योग के लिए सबसे अच्छी गर्मियों में से एक है।' विजय सेल्स के डायरेक्टर नीलेश गुप्ता ने बताया कि इस साल पिछले 10-15 सालों में सबसे अच्छी गर्मी हो सकती है, क्योंकि इस सेक्टर में पिछले साल के मुकाबले 30 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। उद्योग सूत्रों ने बताया कि पिछले साल एसी बाजार में 15 फीसदी की वृद्धि हुई थी, जबकि रेफ्रिजरेटर की बिक्री लगभग स्थिर रही है।

कई आइसक्रीम और कोल्ड बेवरेज कंपनियों को भी बिक्री में 20-30 फीसदी की बढ़ोतरी की उम्मीद है। गर्मी की तपिश को देखते हुए आइसक्रीम बनाने वाली कंपनी बास्किन रॉबिन्स को इस सीजन में साल-दर-साल करीब 20 फीसदी की बिक्री वृद्धि की उम्मीद है। भारत में अमेरिकी ब्रांड के मास्टर फ्रैंचाइजी अधिकार रखने वाले ग्रेविस फूड्स के सीईओ मोहित खट्टर ने कहा कि ब्रांड के सनडे और डेजर्ट विकल्पों की मांग कई गुना बढ़ गई है।

### आइसक्रीम की बढ़ रही डिमांड

नेचुरल्स आइसक्रीम सभी क्षेत्रों में दोहरे अंकों की वृद्धि देख रही है। कंपनी पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी की वृद्धि के साथ सीजन को बंद करने का लक्ष्य रखती है। इसकी नारियल और आम के स्वाद वाली आइसक्रीम की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। निदेशक श्रीनिवास कामथ के मुताबिक, ई-कॉमर्स में काफी वृद्धि हुई है और गर्मी की लहर के कारण उपभोक्ता दिन के समय घर पर ही खाना पसंद कर रहे हैं। वहीं पेय पदार्थ बनाने वाली दिग्गज कंपनी कोक ने ज्यादा कस्टमर तक पहुंचने के लिए वितरण बढ़ा दिया है। कोका कोला कंपनी के प्रवक्ता ने बिक्री के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा, भारत में हम हमेशा बाजार की गतिशीलता और उपभोक्ता वरीयताओं के प्रति सजग रहते हैं। मोंडेलेज के स्वामित्व वाले पाउडर पेय पदार्थ टैंग ने दावा किया कि साल की शुरुआत मजबूत रही है। मोंडेलेज इंडिया के उपाध्यक्ष (मार्केटिंग) नितिन सैनी ने कहा कि चूंकि यह बाजार में अन्य खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है, इसलिए ब्रांड विभिन्न टचपॉइंट्स पर अपनी उपस्थिति के माध्यम से उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने की कोशिश कर रहा है।

### एसी की खूब हो रही बिक्री

फैशन और व्यापक फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स जैसी कुछ अन्य केटेगरी के विपरीत, जहां अधिकारी मास और प्रीमियम बाजारों के बीच मांग के अंतर की ओर इशारा कर रहे हैं। इसमें टिकाऊ वस्तुओं के क्षेत्र में दोनों खंडों से आकर्षण देखने को मिल रहा है। देश भर में जिस तरह की गर्मी बढ़ रही है, उसे देखते हुए रेफ्रिजरेटर या एसी अब एक जरूरत बन गई है। उदाहरण के लिए, ब्लू स्टार के लिए, एसी खरीदने वाले 90 प्रतिशत ग्राहक पहली बार प्रोडक्ट खरीद रहे हैं और उनमें से लगभग 60 प्रतिशत छोटे शहरों से हैं। एमडी बी त्यागराजन ने कहा, घरों में, एसी को कई कमरों में लगाया जा सकता है और इसलिए इस कैटेगरी की वृद्धि की संभावना बहुत अधिक है। हायर अप्लायंसेज इंडिया ने इस (पूरे) साल में एसी की बिक्री में 35-40 प्रतिशत और रेफ्रिजरेटर की बिक्री में 30 फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि गोदरेज अप्लायंसेज के लिए रेफ्रिजरेटर श्रेणी में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं एसी में 60 फीसदी का इजाफा देखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ रही सोने-चांदी की कीमतों में आज ब्रेक लगा है। सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,150 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 82,350 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज यानी सोमवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 656 रुपए की गिरावट के साथ 72,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। सोने में आज सुबह से गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 668 रुपए सस्ता होकर 72,093 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। एमसीएक्स पर आज 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 1286 रुपए की गिरावट के साथ 82,221 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 जुलाई 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 1196 रुपए सस्ती होकर 83,950 रुपए के स्तर पर ट्रेड कर रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 1.30 फीसदी या 31.40 डॉलर की गिरावट के साथ 2,382.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय तेजी के साथ 2,368.48 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 2.69 फीसदी या 0.78 डॉलर की गिरावट के साथ 28.35 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 27.90 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है।

### मॉरीशस से कर संधि में बदलाव के बीच ईपीआई ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ से अधिक निकाले




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपए से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए गए निवेश की अधिक पड़ताल करेगा। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले मार्च में 35,098 करोड़ रुपए और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपए का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

# उम्मीद से बेहतर रही सरकार की कमाई, डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 18 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए हो गया। टैक्स डिपार्टमेंट ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। इनकम टैक्स और कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपए अधिक रहा। इनकी डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपए हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए रही।

प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया।

### बजट अनुमान से अधिक

बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपए रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपए के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपए हो गया।

### कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन बढ़ा

वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपए से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपए के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

# प्रीमियम दोपहिया वाहनों के लिए बढ़ती प्राथमिकता : एथर एनर्जी के सीईओ ने भारत के बाजार की गतिशीलता में बदलाव पर प्रकाश डाला



**मुंबई, एजेंसी।** एथर एनर्जी के को फाउंडर और सीईओ, तरुण मेहता ने भारत के दोपहिया बाजार में एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति पर प्रकाश डालने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने प्रीमियम मोटरसाइकिलों और स्कूटरों के लिए बढ़ती प्राथमिकता पर जोर दिया, प्रीमियमीकरण की ओर बदलाव गति पकड़ रहा है, प्रवेश स्तर के मॉडल को धीरे-धीरे उच्च-स्तरीय विकल्पों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है।

मेहता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि 110सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली प्रीमियम बाइक की ओर बदलाव कुछ समय से जारी है, स्कूटर में बदलाव विशेष रूप से तेजी से हुआ है। पिछले पांच वर्षों में, >110सीसी बाइक की हिस्सेदारी 43 प्रतिशत से बढ़कर 52 प्रतिशत हो गई है, और स्कूटर के लिए, यह 25 प्रतिशत से बढ़कर 47 प्रतिशत हो गई है। यह बदलाव केवल आईसीई संचालित वाहनों के बारे में नहीं है; इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) भी शामिल हैं। विशेष रूप से, 2 वाट इवी स्कूटर की बहुत सारी बिक्री अब प्रीमियम बाज़ार से होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे-जैसे भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी बढ़ती जा रही है, इस प्रवृत्ति में और तेजी आने की उम्मीद है। मेहता ने जोर देकर कहा कि यह बदलाव बेंगलुरु, दिल्ली या मुंबई जैसे प्रमुख शहरों तक ही सीमित नहीं है बल्कि एक राष्ट्रव्यापी घटना है। यहां तक कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में खरीदार भी समान आकांक्षाएं और खरीदारी व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। यह बदलाव पूरे भारत में हो रहे एक बड़े रुझान को दर्शाता है, न केवल महानगरीय शहरों में बल्कि प्रमुख रूप से टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में भी। यह दर्शाता है कि कैसे भारतीय उपभोक्ता बेहतर गुणवत्ता और अधिक प्रीमियम और उन्नत उत्पादों को पसंद करने लगे हैं।

यह कंपनियों के लिए उभरते भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुसार अपनी योजनाओं को समायोजित करने के महत्व पर जोर देता है। एथर एनर्जी के सीईओ का बयान कंपनियों के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि वे भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करें जो अधिक प्रीमियम उत्पाद खरीदने की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसा करने से, कंपनियां इस बदलाव से पैदा हुए बढ़ते अवसरों का लाभ उठाने के लिए खुद को अच्छी स्थिति में रख सकती हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे लगातार आगे बढ़ें और भविष्य में प्रासंगिक बने रहें। एथर एनर्जी 450ङ्ग और 450ट्ठ जैसे अपने प्रसिद्ध वाहनों के माध्यम से उपभोक्ताओं की मांगों पर गतिशील रूप से प्रतिक्रिया दे रही है, जो नवीनता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बढ़ सकती हैं तेल और एलएनजी की कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की।

संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है।

# हांगकांग ने भारतीय मसालों की बिक्री पर लगाई रोक, उत्पादों में कीटनाशक मिलने का दावा




**हांगकांग एजेंसी।** हांगकांग की सरकार ने भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हांगकांग की सरकार का दावा है कि जांच में इन मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। हांगकांग सरकार ने मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। इससे पहले सिंगापुर की सरकार ने भी भारतीय मसाला ब्रांड्स पर रोक लगा दी थी। हांगकांग के सेंटर फॉर फूड सेफ्टी विभाग ने बताया है कि कई मसाला उत्पादों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मिला पाया गया है। हांगकांग की सरकार ने लोगों से इन उत्पादों का सेवन नहीं करने की अपील की है और साथ ही इन उत्पादों की बिक्री पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। जिन मसालों पर रोक लगाई गई है, उनमें एमडीएच का उत्पाद मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला मिक्स मसाला पाउडर और करी पाउडर मिक्स मसाला और एवरेस्ट का उत्पाद फिश करी मसाला शामिल है। हांगकांग की सरकार ने इन उत्पादों के आयात पर रोक लगाने और तुरंत उन्हें दुकानों में बिक्री की जगह से हटाने के निर्देश के साथ ही पहले से मौजूद उत्पादों को वापस भेजने का निर्देश दिया था। हांगकांग सरकार के अधिकारियों ने रुटीन फूड सर्विलांस के दौरान तीन रिटेल दुकानों से इन मसालों के सैंपल लिए थे।

# भारत में पांच लाख लोगों को नौकरी देगी अमेरिका की यह दिग्गज कंपनी ऐपल !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल भारत में बड़े पैमाने पर बिजनस करने की तैयारी में है। कंपनी अपने वेंडर्स के जरिए अगले तीन साल में भारत में पांच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है। फिलहाल ऐपल के वेंडर्स और सप्लायर भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार दे रहे हैं। ऐपल के लिए दो प्लांट चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि ऐपल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रही है। एक पुराने अनुमान के अनुसार कंपनी अपने वेंडर्स और कंपोनेंट सप्लायर्स के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है।÷

इस संबंध में ऐपल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया। ऐपल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार 2023 में ऐपल रेवेन्यू के मामले में भारतीय बाजारम में सबसे आगे रही जबकि वॉल्यूम के लिहाज से दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग ने बाजी मारी। फर्म ने अपना हालिया रिपोर्ट में कहा कि ऐपल भारत में एक करोड़ यूनिट से ज्यादा आईफोन बना चुकी है और 2023 में पहली बार उसने रेवेन्यू के मामले में पहला स्थान हासिल किया। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में भारत से ऐपल के आईफोन का एक्सपोर्ट 12.1 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 में 6.27 अरब डॉलर रहा था। इस तरह भारत से कंपनी के एक्सपोर्ट में करीब 100 फीसदी तेजी आई।

### टाटा के साथ कॉन्ट्रैक्ट

हाल में खबर आई थी कि ऐपल के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर आईफोन बनाने वाली ताइवान की एक और कंपनी टाटा ग्रुप की झोली में आने वाली है। सूत्रों के मुताबिक टाटा ग्रुप ताइवानी कंपनी पेगाट्रॉन की इंडिया यूनिट में मैज्योरिटी स्टेक खरीदने के लिए की तैयारी में है। दोनों कंपनियों के बीच बातचीत एडवांस स्टेज में है। इससे पहले टाटा ग्रुप ऐपल की एक और कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर विस्ट्रॉन को खरीद चुकी है। टाटा ग्रुप ने पिछले साल नवंबर में 12.5 करोड़ डॉलर (1,000 करोड़ रुपये) में इसकी लोकल यूनिट को खरीदा था

# इरडा का बड़ा ऐलान, अब 65 की उम्र के बाद भी खरीद सकेंगे हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडा ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडा ने कहा, 'बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं।'

इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किस्?तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे कर सकते हैं।

# सिंकदर में सलमान के साथ नजर आ सकती हैं कियारा

सलमान खान की आने वाली फिल्म सिंकदर की कुछ समय पहले ही घोषणा हुई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा सलमान खान ने ईद के अवसर पर की थी। इसके बाद से सलमान खान की इस फिल्म को लेकर सिने गलियारों में काफी बज है।

इस फिल्म की स्टारकास्ट का अभी तक निर्माताओं ने ऐलान नहीं किया है। फिल्मफेयर के अनुसार इस फिल्म में पहली बार सलमान खान के साथ कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। कियारा के इस फिल्म के पीछे जुड़ने का सबसे बड़ा कारण निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। कियारा साजिद की फिल्म सत्य प्रेम की कथा में नजर आ चुकी हैं। अभी कुछ दिन पहले ही अदाकारा कियारा आडवाणी को निर्माता साजिद नाडियाडवाला के दफ्तर के बाहर देखा गया।


अदाकारा को साजिद नाडियाडवाला के घर के बाहर उस वक्त स्पॉट किया गया, जब इससे कुछ ही दिन पहले उन्होंने सलमान खान के साथ अपनी अगली फिल्म सिंकदर का धमाकेदार ऐलान किया था।

इसके बाद से ही कयास लग रहे हैं कि कियारा आडवाणी सलमान खान के साथ सिकंदर में नजर आ सकती हैं। हालांकि अभी तक ये रिपोर्ट्स कंफर्म नहीं हुई हैं। ऐसे में हमें भी इस खबर के आधिकारिक ऐलान का इंतजार है।



# तारा ने अपनी खूबसूरती से फैंस को किया हैरान

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने सोशल मीडिया पर एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली फोटो शेयर की। इस फोटो में उनकी सुंदरता देखकर उनके फैंस आश्चर्यचकित रह गए। तारा के इंस्टाग्राम पर 86 लाख फॉलोअर्स हैं। उन्होंने काले रंग की ड्रेस में एक अनदेखी क्लोज-अप फोटो शेयर की। चमकदार मेकअप लुक और फ्रिंज हेयरस्टाइल अपनाते हुए, वह सीधे कैमरे के लेंस में देख रही हैं। एक्ट्रेस की फोटो की तारीफ करते हुए एक फैन ने लिखा, सो क्यूट जबकि दूसरे ने लिखा, स्टनिंग। तारा को पिछली बार 2023 की सर्वाइवल थ्रिलर अपूर्वा में राजपाल यादव और अभिषेक बनर्जी के साथ देखा गया था। इससे पहले वह एक विलेन रिटर्न्स, तड़प और हीरोपंती 2 जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।





# आयुष्मान खुराना की डेब्यू फिल्म विकी डोनर की रिलीज को 12 साल हुए पूरे, एक्टर ने शेयर किया खास पोस्ट

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना लीक से हटकर फिल्में करने के लिए जाने जाते हैं। वह फिल्मों में अलग ही तरह के किरदारों में नजर आते हैं। आयुष्मान खुराना ने अपना बॉलीवुड डेब्यू भी ऐसी ही एक फिल्म से किया था, जिसका नाम था विक्की डोनर। इस फिल्म का निर्देशन शुजित सरकार ने किया था।

फिल्म विकी डोनर में आयुष्मान खुराना ने स्पर्म डोनर का किरदार निभाया था। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज को 12 साल पूरे हो गए हैं। इस खास मौके पर आयुष्मान खुराना ने एक पोस्ट भी शेयर किया है। दरअसल, आयुष्मान के एक फैन पेज ने फिल्म का एक एनीमे एडिट बनाया है जिसे एक्टर ने शेयर किया है।



इन तस्वीरों को शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा, 12 साल... ये विश्वास करना कठिन है कि समय कैसे बीत जाता है। विकी डोनर ने मुझे एक एक्टर/स्टार के रूप में कन्वेअन्स किया है। और आप सभी को इसकी सालगिरह को इतनी रचनात्मकता के साथ मनाते हुए देखना दिल को छू लेने वाला है। यह उस जादू के लिए जो आप मेरी यात्रा में लेकर आए हैं।

बता दें कि शूजित सरकार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ यामी गौतम अहम किरदार में नजर आई थीं। इस फिल्म की कहानी विक्की नाम के लड़के की जिंदगी पर आधारित थी, जो पैसे कमाने के लिए अपना स्पर्म डोनेट करता है। लेकिन जब उसकी शादी होती है तो उसकी पत्नी को मां बनने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी शादीशुदा जिंदगी में दूरी आ जाती है।

# पिशाचिनी फेम एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने शेयर की बेहद हॉट तस्वीरें

पिशाचिनी फेम एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने अपनी कुछ बेहद हॉट तस्वीरों से इंटरनेट पर आग लगा दी है। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 64 लाख फॉलोअर्स हैं। उन्होंने कार में बैठे हुए अपनी कुछ फोटोज शेयर की। फोटो में उन्हें स्वीटहार्ट नेकलाइन वाली हरे रंग की स्लीवलेस ड्रेस में देखा जा सकता है। वह मेकअप के साथ बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है। दिवा ने गोल्डन हूप इयररिंग्स को चुना। सेल्फी लेते समय वह सीधे लेंस में देख रही है। पोस्ट पर प्रशंसकों ने तारीफों की झड़ी लगा दी। एक ने टिप्पणी की, सो हॉट जबकि दूसरे ने कहा, आपकी वाइब्स दिन में भी चमकती हैं।नायरा स्टंट-आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 का हिस्सा रह चुकी हैं।वह वन नाइट स्टैंड, वीटा और कुथारा जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

# प्रेरणा सिंह ने बताया, मीठा खट्टा प्यार हमारा का किरदार सजीरी क्यों है उनके दिल के करीब



अपकमिंग शो मीठा खट्टा प्यार हमारा में सजीरी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस प्रेरणा सिंह ने अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की है। शो में अविनाश मिश्रा और आर्ची सचदेवा भी हैं। पुणे की पृष्ठभूमि पर आधारित इस शो में सजीरी (प्रेरणा द्वारा अभिनीत) नाम की एक लड़की की कहानी दिखाई गई है, जो आसानी से दोस्त बन जाती है, भरोसेमंद है और उसे हमेशा फॉर ग्रांटेड लिया जाता है। प्रेरणा ने शो के बारे में कहा कि मीठा खट्टा प्यार हमारा शो का हिस्सा बनने के लिए आभारी होने के साथ-साथ मैं उत्साहित भी हूं। उन्होंने कहा कि सजीरी की भूमिका के लिए मैंने शो के निर्माताओं से संपर्क किया। मैंने सोचा कि इसे आजमाना उचित है क्योंकि सजीरी और प्रेरणा में समान गुण हैं। एक किरदार के रूप में सजीरी दर्शकों को पसंद आएगी, दर्शकों को उसकी मासूमियत देखने को मिलेगी और वह हर स्थिति को मुस्कुराहट के साथ संभाल लेती हैं। प्रेरणा ने कहा कि मुझे सजीरी का किरदार निभाने में मजा आ रहा है। सजीरी मेरे दिल के बहुत करीब है। यह शो सजीरी और शिवम की पेचीदगियों और समीकरणों पर भी केंद्रित है और दिखाएगा कि जब वह खाना बनाती है तो सजीरी का आत्मविश्वास कैसे जीवंत हो जाता है, क्योंकि वह भविष्य में शेफ बनने की उम्मीद करती है। मीठा खट्टा प्यार हमारा का प्रीमियर 24 अप्रैल को शाम 6.30 बजे स्टार प्लस पर होगा।

# अश्विनी अय्यर तिवारी ने दूसरी बार जीता फोर्ब्स सेल्फ मेड वूमन ऑफ इंडिया अवार्ड

अश्विनी अय्यर तिवारी दिलचस्प कहानियाँ सुनाने में बहुत माहिर मानों जाती हैं, जिन्हें लोग बहुत पसंद करते हैं। वह ऐसी कहानियाँ बनाने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं, ताकि



लोग उन्हें याद रखें और जिनका समाज पर गहरा असर हो। यह सब दिखाता है कि वह एक मजबूत महिला हैं जो अपनी कहानियों से बहुत से लोगों को प्रेरित कर सकती हैं। ऐसे में उनके दृढ़ संकल्प को सलाम करते हुए, उन्होंने दूसरी बार फोर्ब्स सेल्फ-मेड वूमन ऑफ इंडिया का अवॉर्ड जीता है। अश्विनी अय्यर तिवारी ने सम्मान प्राप्त करने पर अपनी खुशी और आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। हमारे देश में कई ऐसे साइलेंट ड्रेमर देखने वाले लोग हैं, जो अपना भविष्य बदलना चाहते हैं। जब आप अपनी अंदर की आवाज को पहचान लेते हैं, तो यह न सिर्फ आपको मजबूत बनाता है, बल्कि आपके आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करता है। यहाँ और भी लोग किंडनेस के साथ कहानियाँ सुनाते हैं।



# कल्कि 2898 एडी के नए पोस्टर में अमिताभ बच्चन का लुक हुआ जारी

भारतीय सिनेमा के इस  साल की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित और नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जबकि इंटरनेट पर इस फिल्म के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। पिछले साल  हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए सिनेमा आइकन का एक नया पोस्टर आज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफ़ेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। जल्द ही एक बड़ी घोषणा की उम्मीद जताते हुए पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है जिससे दर्शक इस महान रचना के लिए और अधिक उत्साहित हो गए हैं।

- साभार एजेंसी

## संक्षिप्त समाचार



### चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था। हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था। सीएनएन के मुताबिक टाइगर्ट ने ये भी आरोप लगाया कि एजेंसी खेलों में ड्रग्स के इस्तेमाल के खिलाफ असरदार नियम बनाने में नाकाम रही है।



### लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

**मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी।** साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे।

ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े।

हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।इस जीत के साथ गुजरात आठ में से चार मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब की टीम आठ में से छह मैच हारकर नवें स्थान पर है।

इससे पहले, साई किशोर की फिरकी के जाल में चार बल्लेबाज फंस गये।पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पावर-प्ले में पचास रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।साई किशोर 4-33 के अलावा नूर अहमद 2-20 और राशिद खान 1-15 पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा, जिन्होंने आईपीएल 2024 में अब तक पंजाब किंग्स के लिए कई लड़ाईयां लड़ी हैं, क्रमशः आठ और तीन रन पर आउट हो गए और पंजाब को नाटकीय पतन का सामना करना पड़ा।ओपनक सैम कुरेन (20) और प्रभसिमरन सिंह (21 गेंद में 35) के बाद निचले क्रम में हरप्रीत बरार (12 गेंद पर 29) को छोड़कर बाकि बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।

# 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास

### ● विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी।

गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है। गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

चेन्नई से आने वाले 17 साल के डी गुकेश ने इस टूर्नामेंट को अपने नाम करने के साथ दिग्गज



गैरी कास्परोव के 40 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया, जिन्होंने उस समय वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने के लिए 22 साल की उम्र में क्वालीफाई किया था। डी गुकेश और अमेरिकी खिलाड़ी के बाद मैच 109 चालों तक चला जिसके बाद दोनों ड्रा करने पर अपनी सहमति जताई थी। इस टूर्नामेंट में डी गुकेश के प्रदर्शन को देखा जाए तो उन्होंने 5 मैचों में जहां जीत हासिल की तो उन्हें एक में हार का सामना करना पड़ा जो फ्रांस के खिलाफ अलिरेजा फिरौजा के खिलाफ मिली थी।

### डी गुकेश की उपलब्धि पर विश्वनाथन आनंद ने जताई खुशी

कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए डी गुकेश को भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बधाई देने के साथ अपनी खुशी को भी जताया। विश्वनाथन आनंद ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई।

आपने जो किया है उस पर परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। ये पल आपका है और इस पल का आप आनंद लें। बता दें कि डी गुकेश को प्राइज मनी के रूप में लगभग 80 लाख रुपए भी मिले हैं।



### हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

# पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रियंका और अक्षदीप ने इस दौरान 03:05:03 मिनट का समय लिया और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। भारतीय पैदल चाल एथलीट प्रियंका गोस्वामी और अक्षदीप सिंह ने अंताल्या में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। टॉप्स स्कीम योजना के एथलीट प्रियंका और अक्षदीप की जोड़ी ने पैदल चाल की मिक्स्ड मैराथन रेस में 18वें स्थान पर रहकर कोटा हासिल किया।

### शीर्ष-22 टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी

इस चैंपियनशिप में शीर्ष 22 टीमें स्वतः ही ओलंपिक के लिए क्वलीफाई कर लेंगी। प्रियंका और अक्षदीप की भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42.195 किमी की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकेंड में पूरी की और पेरिस ओलंपिक के लिए कट हासिल करने के मानदंड को पूरा किया। इस रेस में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य भारतीय एथलीट मुनिता प्रजापति और परमजीत सिंह तीन घंटे नौ मिनट और 58 सेकेंड के समय के साथ 35वें स्थान पर रहे और ओलंपिक का कोटा हासिल करने से चूक गए।

### वैकल्पिक रूप से दूरी तय करते हैं एथलीट

मिक्स्ड टीम रिले पैदल चाल में पुरुष और महिला खिलाड़ी को वैकल्पिक रूप से यह दूरी तय करनी होती है। पुरुष खिलाड़ी 12.195 किलोमीटर चलता है और फिर महिला 10 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इसके बाद पुरुष और महिला 10-10 किमी चलते हैं। हर चरण के शुरू होने से पहले 20 किलोमीटर चेंजओवर के लिए होते हैं। इटली की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान और स्पेन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### ओलंपिक में डेब्यू करेगा पैदल चाल में मिक्स्ड रिले इवेंट

पैदल चाल वर्ग में मैराथन मिक्स्ड रिले इवेंट पेरिस ओलंपिक में डेब्यू करेगा। यह इवेंट रिले प्रारूप में टीमों के साथ आयोजित किया जाता है। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होगा। भारतीय एथलीटों की नजरें पेरिस ओलंपिक में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल सात पदक जीते थे।

# इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बढ़ी तकरार अब डेविड वॉर्नर ने दिया यह सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अपनी राय रखी है। आईपीएल के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ी वॉर्नर ने सलाह देते हुए कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम के चलते प्लेइंग-11 में पाच खिलाड़ियों को शामिल करने की मंजूरी मिलनी चाहिए। हाल के दिनों में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई खिलाड़ियों ने सवाल खड़े किए हैं, लेकिन वॉर्नर इस नियम के खिलाफ नहीं हैं।

### इंपैक्ट प्लेयर नियम के समर्थन में आए वॉर्नर

वॉर्नर ने इस नियम को लेकर राय व्यक्त करते हुए एक वेबसाइट से कहा, इंपैक्ट प्लेयर नियम होने से टीम में 12 खिलाड़ी खेलते हैं इसलिए आपको पांच विदेशी खिलाड़ियों को प्लेइंग-11 में शामिल होने की मंजूरी देनी चाहिए। अगर आप 12 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे हैं तो यह मदद करेगा क्योंकि इससे आप छह गेंदबाजों के साथ उतर सकते हैं और इससे इंपैक्ट के तौर पर ऑलराउंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन वे ऐसा कर रहे हैं और बल्लेबाजी ऑलराउंडर को जगह मिल रही है। मुझे लगता है कि यह खेल के लिए अच्छा है।

### रोहित ने इंपैक्ट प्लेयर नियम का किया था विरोध

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। रोहित ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था, मैं इंपैक्ट नियम का बड़ा फैन नहीं हूं। यह नियम ऑलराउंडर खिलाड़ियों को पीछे धकेलने वाला है। आमतौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाला खेल, 12 नहीं। आप वैसे ही मैच से लोगों का



काफी मनोरंजन करते हैं। अगर आप इससे क्रिकेट पर पड़ने वाले एक प्रभाव की बात करें तो मुझे लगता है कि शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी नहीं मिल रही है जो हमारे लिए अच्छी चीज नहीं है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप इससे क्या हासिल करेंगे।

### आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे वॉर्नर

वॉर्नर दो प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने कहा कि वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि वह आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे और अगले साल फिर इस टूर्नामेंट के लिए भारत लौटेंगे।

# सहवाग ने सैम करन की जमकर आलोचना की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के स्टैंड-इन कप्तान सैम करन की टीम में भूमिका पर सवाल उठाया। पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर गुजरात से 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो इस सीजन टीम की छठी हार है। सहवाग की यह टिप्पणी पीबीकेएस को कम स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में गुजरात जाइंट्स के हाथों हार झेलने के बाद आई। करन ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए और अपने दो ओवरों में 18 रन देकर एक विकेट लिया। सहवाग ने कहा, अगर मैं पीबीकेएस डगआउट में होता, तो मैं उसे अपनी टीम में नहीं चुनता, न तो बल्लेबाजी ऑलराउंडर के रूप में और न ही गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में।

वो खिलाड़ी किसी काम का नहीं अगर वह थोड़ी गेंदबाजी और थोड़ी बल्लेबाजी कर सकता है। या तो आप ठीक से बल्लेबाजी करें और हमें मैच जिताएं, या फिर अपनी गेंदबाजी से हमें जिताएं। मुझे यह छोटे-छोटे हिस्से में बंटे खिलाड़ी समझ में नहीं आते। इस सीजन में करन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। उन्होंने 8 पारियों में 116.03 की स्ट्राइक रेट से केवल 152 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम एक अर्धशतक भी शामिल है। गेंदबाजी के मामले में उन्होंने 8 मैचों में 8.79 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं।

### रॉबिन उथप्पा ने कर दी बड़ी भविष्यवाणी

# शुभमन गिल करेंगे भारतीय टीम की कप्तानी...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी की है। उथप्पा का कहना है कि गिल निकट भविष्य में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे।



बता दें कि 24 वर्षीय गिल आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस (जीटी) की कमान संभाल रहे हैं। जीटी ने रविवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ करीबी मुकाबले में तीन विकेट से जीत दर्ज की। बौतर ओपर उतरे गिल ने 29 गेंदों में 35 रन की अहम पारी खेली, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।

उथप्पा ने गिल को भारतीय क्रिकेट के लिए एक गिफ्ट करार दिया। उन्होंने जियो सिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि वह इंडियन क्रिकेट के लिए एक गिफ्ट है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो भारतीय क्रिकेट जगत में एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हो रहा है। हमने उन्हें सफल होते देखा। हम उन्हें एक बहुत ही शानदार लीडर के रूप में विकसित होते हुए देख रहे हैं, जो ना केवल अपनी आईपीएल टीम का नेतृत्व करेगा बल्कि मुझे लगता है कि निकट भविष्य में भारतीय टीम का भी नेतृत्व करेगा।

# तीसरे टी20 में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को चटाई धूल

### 7 विकेट से दी शिकस्त, मार्क चैपमैन बने कहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ का तीसरा मुकाबला रविवार (21 अप्रैल) को रावलपिंडी में खेला गया. सीरीज़ के तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटा दी. दूसरा टी20 गंवाने वाली न्यूज़ीलैंड ने तीसरे मैच में बदला लेते हुए पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर रौंद दिया. न्यूज़ीलैंड को जीत दिलाने में मार्क चैपमैन ने अहम भूमिका अदा की, जिन्होंने 207.14 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करते हुए 87* रन बनाए. न्यूज़ीलैंड ने मुकाबले में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया. पहले बैटिंग के लिए उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 178/4 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए शादाब खान ने 20



गेंदों में 40 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने सबसे ज़्यादा विकेट झटके.

### लक्ष्य हासिल कर आसानी से जीती न्यूज़ीलैंड

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड ने बड़ी ही आसानी से 18.2 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली. ओपनिंग पर उतरे टिम सेफर्ट और टिम रॉबिन्सन ने न्यूज़ीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 (30) रनों की साझेदारी की. कीवी टीम को पहला झटका टिम सेफर्ट के रूप में लगा, जो 5वें ओवर में अब्बास अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हुए. सेफर्ट ने 16 गेंदों में 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 21 रन बनाए. फिर छठे ओवर में नसीम शाह ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर दिया. रॉबिन्सन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल रहे. इसके बाद मार्क चैपमैन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने तीसरे विकेट के लिए 117 (68) रनों की शानदार साझेदारी कर मैच को न्यूज़ीलैंड के पक्ष में डाल दिया. यहां से टीम को चौथा झटका 18वें ओवर में लगा, जब फॉक्सक्रॉफ्ट 29 गेंदों में 1 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे. फिर इसके बाद मार्क चैपमैन और जेम्स नीशम ने चौथे विकेट के लिए 9* रनों की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत की लाइन पार करवाई. इस दौरान चैपमैन ने 42 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से 42 रन स्कोर किए.

# आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हुई आरसीबी ?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रविवार (21 अप्रैल) तक 37 मैच खेले जा चुके हैं. इसी दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में केकेआर ने आखिरी बॉल पर 1 रन से जीत दर्ज की. यह इस सीजन में विराट कोहली की टीम आरसीबी की 8 मैच में 7वीं हार है. साथ ही आरसीबी ने लगातार अपना छठा मैच गंवाया है. इस टीम की हालत इतनी बुरी है कि वो अभी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है. इन्हीं सब सवालों के जवाब में फैन्स के लिए थोड़ी निराशा वाली बात सामने आती है. दरअसल, अब यहां आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 6 मैच और जीत लेती है, तो उसके कुल 14 पॉइंट्स हो जाएंगे. ऐसे में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना एकदम नामुमकिन की तरह नजर आ रहा है.

**अब यही एक चमत्कार आरसीबी को बचा सकता है!**

इसकी बड़ी वजह है कि आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. मगर आसीबी को चमत्कार की दरकार जरूर रहेगी. यदि बाकी टीमें अपने मैच हारती हैं और समीकरण चौथे नंबर की टीम के लिए 14 अंक पर लाकर खड़ा करता है, तब कहीं जाकर आरसीबी की उम्मीदें बन सकती हैं. उसके लिए भी आरसीबी को अपने बचे हुए बाकी मुकाबलों को अच्छे अंतर से जीतकर नेट रनरेट अच्छा रखना होगा. मगर इसकी उम्मीद बेहद ही कम नजर आ रही है.

### छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट, विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी. बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे. हार्षित ने जिस तरह की गेंद फेंकी थी वह देखने में तो नो बॉल लग रही थी, लेकिन जब थर्ड अंपायर ने चेक किया तो यह लीगल गेंद मानी गई और कोहली को आउट करार दिया गया. यह वाक़या कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच की दूसरी पारी के दौरान तीसरे ओवर की पहली गेंद पर हुआ था, जब आरसीबी बैटिंग कर रही थी.

## संक्षिप्त समाचार

### 14 साल की दुष्कर्म पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट से की अबॉर्शन की मांग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता को उसकी लगभग 30 सप्ताह की गर्भावस्था का चिकित्सीय गर्भपात कराने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने अस्पताल द्वारा प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट को ध्यान में रखकर आदेश दिया। रिपोर्ट में नाबालिग की चिकित्सीय समाप्ति की राय दी गई थी और कहा गया था कि गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### राम मंदिर का केवल ग्राउंड फ्लोर तैयार, परिसर में लगेंगी 6 और मूर्तियां- चंपत राय

**अयोध्या, एजेंसी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में जारी राम मंदिर निर्माण को लेकर अहम जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि केवल ग्राउंड फ्लोर का मंदिर बना है। वहां पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। फर्स्ट फ्लोर का काम चल रहा है और इसके ऊपर सेकंड फ्लोर को लेकर तैयारी है। उन्होंने कहा, मंदिर के चारों ओर 14 फीट चौड़ी सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। इस दीवार को मंदिर का परकोटा कहा जाता है। यह परकोटा कई उद्देश्यों को साथ तैयार किया जाएगा। यहां पर 6 और मंदिर बनाए जाएंगे। एक कोने पर शंकर, दूसरे कोने पर भगवती, एक कॉर्नर पर पार्वती और एक कॉर्नर पर सूर्य भगवान का मंदिर बनेगा। दो भुजाओं में एक भुजा पर भगवान हनुमान और मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जाएगा। ये सभी मंदिर पत्थर के बनेंगे। इनका परिसर छायादार होगा और सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चंपत राय ने कहा, इस परिसर में महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त्य के मंदिर भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा निषाद राज, मां शबरी, मां अहिल्या और जटायु के मंदिर भी बनाए जाएंगे। मंदिर परिसर में एक समय में 25,000 तीर्थयात्री आ सकेंगे। यहां पर इन्हें अपने सामान रखने की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी तरह का प्रदूषण न हो, इसकी व्यवस्था की गई है। यहां के पेड़-पौधे संरक्षित हैं। परिसर में 600 पौधे थे और सभी सुरक्षित हैं। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट भी वहां पर हैं। यह मंदिर अपने आप में स्वतंत्र होगा। अयोध्या के लोगों को मंदिर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। हर दिन 1 लाख से अधिक लोगों ने किए मंदिर में दर्शन राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा, हर दिन एक लाख से अधिक लोग मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद से लगभग 1.5 करोड़ लोग रामलला के दर्शन के लिए आए हैं। देश भर से भक्तों के अयोध्या आने का सिलसिला जारी है। बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नए मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्रतिष्ठा हुई। इसके बाद पहली रामनवमी हाल ही में बीती है। सूर्य तिलक के लिए राम मंदिर में ऑप्टो-मैकेनिकल सिस्टम लागू करने से पहले, रुड़की इलाके के लिए उपयुक्त एक छोटा मॉडल सफलतापूर्वक मान्य किया गया। मार्च 2024 में बेंगलुरु में ऑप्टिका साइट पर एक पूर्ण पैमाने के मॉडल को सफलतापूर्वक मान्य किया गया।

### मोदी के मुसलमान वाले बयान पर खरगे बोले- पीएम ने जो कहा वो हेट स्पीच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुसलमान वाले बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। मुख्य विपक्षी दल की ओर से इसे घृणास्पद भाषण करार देते हुए कहा गया कि यह लोगों का ध्यान भटकाने की सोची-समझी चाल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, आज मोदी जी के बौखलाहट भरे भाषण से दिखा कि प्रथम चरण के नतीजों में इंडिया जीत रहा है। मोदी जी ने जो कहा वो हेट स्पीच तो है ही, ध्यान भटकाने की एक सोची समझी चाल है। प्रधानमंत्री ने वही किया जो उन्हें संघ के संस्कारों में मिला है। उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए झूठ बोलना, बातों का अनर्गल संदर्भ बनाकर विरोधियों पर झूठे आरोप मढ़ना यह संघ और भाजपा की प्रशिक्षण की खासियत है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओं- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे।

# हनुमान जी भगवान राम से अधिक शक्तिशाली क्यों थे?



श्रीश्री रवि शंकर

हनुमान जी का जीवन इसी बात का प्रतीक है कि भक्त भगवान से अधिक शक्तिशाली होते हैं।

हनुमान जी श्री राम से अधिक शक्तिशाली थे, तभी तो वे राम जी के वनवास के समय उनकी मदद कर पाए। यदि आपके सहायक आपसे मज़बूत न हों तो आपका सूटकेस कैसे उठा पायेंगे? और आपके साथ वाले आपसे कमज़ोर हैं तो क्या आपका मन भी करेगा कि अपना थैला उनके हाथ में पकड़ायें? आपका सूटकेस उठाने के लिए आपका आदमी भी तो मज़बूत होना चाहिए न? ऐसे ही राम का काम करने वालों को राम से तो बलवान होना ही चाहिए। इसलिए कभी-कभी चेले गुरु से ज्यादा मज़बूत होते हैं। और गुरु उन्हें मजबूती भी देते हैं ताकी वे उनका काम कर पायें। हनुमान जी यह बात जानते थे कि 'मेरा बल मुझसे नहीं राम जी से आया है। राम जी ने मुझे इतना बल इसलिए दिया है ताकि मै उनका काम कर पाऊं।' यही सहजता और सरलता ही हनुमान जी की खूबी है।

तो एक बार श्री राम ने खुद हनुमान जी से पूछा कि तुम तो हमसे मज़बूत हो हनुमान; हनुमान बन कर रहना कैसा लगता है? तब हनुमान जी बोले ÷जब मैं देहबुद्धि वाला होता हूँ, तब मै आपका दास हूँ; जब मुझमें जीव बुद्धि आ जाती है तब मैं आपका एक अंश, एक टुकड़ा हूँ; मगर जब मैं आत्मबुद्धि में होता हूँ तब मेरी और आपकी आत्मा एक है। मै आपसे अलग नहीं हूँ, आप मुझसे अलग नहीं हैं। हम दो हैं ही नहीं।÷ यह प्रेम का लफ्ज़ है। जैसे माँ बच्चे के साथ प्रेम करती है कि यदि कोई बच्चे को थोड़ा सा डांट भी दे तो माँ रोने लगती है। क्योंकि उसको यह लगता है कि बच्चा मेरा अपना लगता है। ऐसे ही बच्चे को भी लगता है।



अगर इस ब्रह्मांड में कुछ भी ऐसा है जिसे परिभाषित करना असंभव है, तो वह प्रेम है। यदि आप इसका वर्णन कर सकते हैं, तो इसका मतलब है कि आपने इसे नहीं जाना है। आप प्रेम को परिभाषित कर ही नहीं सकते। आप प्रेम में फूल देते हैं, गले मिलते हैं, उपहार देते हैं लेकिन फिर भी, कुछ ऐसा रह जाता है जिसे अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता। हम प्रेम की केवल एक झलक ही पा सकते हैं, इसे पूरी तरह से नहीं जान पाना संभव नहीं है। हनुमान जी भगवान राम से प्रेम करते थे।

एक बार भगवान राम ने हनुमान जी से पूछा÷ बताओ तुम मुझसे कितना प्रेम करते हो? हनुमान जी ने कहा- प्रभु, मैं आपके प्रति अपना प्रेम व्यक्त नहीं कर सकता, लेकिन यदि आप देखना चाहते हैं तो मैं अपना हृदय फाड़कर आपको दिखाऊंगा कि केवल आप ही मेरे हृदय में निवास करते हैं। आप हनुमान जी की वह तस्वीर देख सकते हैं जिसमें वे अपना हृदय फाड़कर दिखाते हैं।

'हनुमान' का अर्थ है आपकी साँसें। 'राम' आपकी आत्मा हैं, 'सीता' मन का प्रतीक हैं, 'लक्ष्मण' सजगता का प्रतीक हैं और 'रावण' नकारात्मकता और अहंकार का प्रतीक है। जब रावण ने सीता का हरण कर लिया तब हनुमान जी की ही सहायता से भगवान राम और लक्ष्मण ने माता सीता को रावण से मुक्त कराया।

जब नकारात्मकता आपके मन पर हावी हो जाती है, तो आत्मा और सजगता को सांसों का सहारा लेना पड़ता है। तो इस तरह से आत्मारुपी राम और सजगतारुपी लक्ष्मण, सांसरुपी हनुमान के कंधे पर बैठकर लंका पहुँचते हैं और नकारात्मकतारुपी रावण पर विजय प्राप्त करते हैं और मनरुपी सीता को मुक्त कराते हैं। अक्सर भक्ति और शक्ति को विपरीत माना जाता है। कुछ लोग समर्पित होते हैं लेकिन वे कमजोर होते हैं और जो ताकतवर होते हैं, ऐसा देखा जाता है कि वे अहंकारी होते हैं; लेकिन हनुमान जी ऐसे नहीं हैं। वे शक्ति के साथ समर्पण, प्रेम और भक्ति का प्रतीक हैं। हनुमान वीरता, शक्ति, ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ-साथ विनम्रता और सरलता के भी प्रतीक हैं।

**(लेखक विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु हैं)**

# अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए: चंद्र कुमार बोस

**शिमला, एजेंसी।**
नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी है। चंद्र कुमार बोस ने कंगना के उस दावे की आलोचना की है जिसमें भाजपा प्रत्याशी ने कहा था कि सुभाष चंद्र बोस भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि किसी को भी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इतिहास को तोड़ना मरोड़ना नहीं चाहिए। मेरी कंगना से अपील है कि उनको नेताजी सुभाष चंद्र बोस की लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए।





दरअसल, हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि पहले मुझे यह बात क्लियर करने दीजिए। जब हमें आजादी मिली तो भारत के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस, वो कहां गए थे? इस बयान को लेकर वह आलोचकों के निशाने पर भी आ गई थीं। एक विशेष बातचीत में चंद्र कुमार बोस ने कंगना रनौत को नसीहत दी कि उन्हें (कंगना रनौत) अपने राजनीतिक लाभ के लिए या अपने पार्टी नेतृत्व को खुश करने के लिए इतिहास को विकृत नहीं करना चाहिए। जहां तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर उनके बयान का सवाल है, तो यह अधूरा है। नेताजी निश्चित रूप से राष्ट्र प्रमुख, अखंड, अविभाजित भारत के प्रधानमंत्री थे। मैं यहां बता दूं कि महत्वपूर्ण कारक एकजुट और अविभाजित भारत है, जिसका जिक्र करने से वह चूक गईं।

चंद्र कुमार बोस ने कहा- नेताजी अविभाजित और अखंड भारत के अंतिम प्रधानमंत्री भी थे। आपको नेताजी के जीवन और समय, उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों का अध्ययन करने की जरूरत है। मैं न केवल कंगना से वरन उन सभी लोगों से, जो नेताजी में रुचि रखते हैं, अनुरोध करूंगा कि वे भारत की उनकी अवधारणा, विचारधारा और देश के लिए उनके नजरिये को समझने के लिए उनके लेखों का अध्ययन करें। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे।

## मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही बीजेपी, हम सुरक्षित नहीं; ममता बनर्जी ने लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम हर किसी से तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का आग्रह करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को तवज्जो नहीं देते हैं। उन्होंने कहा, हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने के जुमले को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं।

## सचिन पायलट के ट्रंप कार्ड ने किया कमाल तो फंस जाएगी बीजेपी? कई सीटों पर पड़ेगा असर

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में पहले चरण की 12 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। इन सीटों पर इस बार बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। हाई प्रोफाइल सीट दौसा को लेकर दोनों ही दल जीत का दांवा कर रहे है। इस सीट पर लड़ तो रहे हैं कांग्रेस के मुरारी लाल मीणा और बीजेपी कन्हेयालाल मीणा, लेकिन परीक्षा सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की होगी। पूर्वी राजस्थान में वर्चस्व की राजनीति को लेकर सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की बीच अदावत किसी छिपी नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दौसा सीट को लेकर इस बार पेच फंस गया है। बीजीपे की यह सीट फंस सकती है। सचिन पायलट ने गुर्जर कॉर्ड का बखूबी इस्तेमाल किया है। ऐसे में सियासी जानकारों का कहना है कि पायलट का ट्रंप कार्ड कमाल दिखा देता है कि बीजेपी की कम से कम 4 सीटें कांग्रेस को मिल सकती है। दौसा, टोंक सवाई माधोपुर, कोटा -बूंदी और अजमेर। इन सीटों पर गुर्जर वोटर निर्णायक भूमिका में रहते रहे हैं।

हालांकि, सचिन पायलट ने अपनी किसी भी सभा या रैली में अपनी जाति का उल्लेख नहीं किया है। पायलट हमेशा समाज से जुड़े कार्यक्रमों से भी दूरी बनाते आए है। लेकिन जिस तरह से पायलट समर्थकों ने गुर्जर वोटरों के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ रखी है। उससे बीजेपी को नुकसान होने का अंदाजा है। दौसा की तरह टों-सवाई माधोपुर से परिणाम चौंकाने वाले आ सकते है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल ने इस बार दौसा पर पूरा ध्यान दिया है। किरोड़ी ने एक दर्जन से ज्यादा सीटें की है। इसके बावजूद किरोड़ी की सभा में भीड़ की



उपस्थिति कम रही है। यहीं वजह है कि बस्सी में आयोजित एक सभा में किरोड़ी लाल मीणा नाराज हो गए। मंच छोड़कर चले गए। किरोड़ी लाल दांवा कर रहे है कि इस बार भी दौसा सीट बीजेपी के पास रहेगी। दौसा पूर्वी राजस्थान की सियासत का प्रमुख केंद्र माना जाता है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने सचिन पायलट के गढ़ में सेंध लगा दी। बीजेपी को 5 में से 4 सीट मिली है। जबकि कांग्रेस को एक सीट। वह भी दौसा से खुद मुरारी लाल मीणा जीते। मुरारी लाल सांसद का चुनाव लड़ रहे है। बता दें मुरारी लाल को सचिन पाययट कैंप का माना जाता है।

सियासी जानकारों का कहना है कि दौसा से सचिन पायलट के पिता 5 बार सांसद रहे है। ऐसे में इस सीट को लेकर पायलट ने ताबड़तोड़ रैलियां की है। एक दर्जन से ज्यादा सभाएं की है। दौसा चुनाव किरोड़ी और पायलट की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल कह चुके है कि महुआ से बीजेपी हारती है तो वह मंत्री पद छोड़ देंगे। इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि दौसा सीट किरोड़ी लाल के लिए कितनी अहमियत रखती है। दौसा सीट पर सचिन पायलट और किरोड़ी लाल की परीक्षा होगी।

## योगी के रोड शो में बुलडोजर का काफिला, सीएम ने की छत्तीसगढ़ के भाचा राम से लेकर अयोध्या के राम की बात

बिलासपुर , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बिलासपुर दौरे पर पहुंचे।? लोकसभा चुनाव में बिलासपुर सीट से प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर के काफिलों के साथ स्वागत किया गया। बिलासपुर लोकसभा के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के बीआर यादव स्टेडियम बहतराई स्टेडियम में हुई इस सभा के दौरान उनका स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बुलडोजर रैली निकालते हुए किया है। बिलासपुर में सीएम योगी को सुनने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ स्टेडियम में जमा हुई।?

सीएम योगी आदित्यनाथ के स्वागत में बिलासपुर और बेलतरा के भाजपा कार्यकताओं ने शहर में बुलडोजर रैली निकालते? हुए स्टेडियम पहुंचे। शहर के सरकंडा इलाके से रैली निकाली गई। 30 बुलडोजर को रैली के रूप में शहर भर में घुमाया गया। बुलडोजर यात्रा शहर के अलग-अलग इलाकों से होकर निकालकर अंत में सभी बुलडोजर को सभा स्थल में ले जाया गया है।? मुख्यमंत्री आज बिलासपुर के बहतराई इंडोर स्टेडियम में बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा बुलंद किया। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचार करने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिलासपुर पहुंचे हुए थे, जहां उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर सबसे अधिक उत्साह छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। सीएम योगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ श्री राम भगवान का ननिहाल है और ननिहाल जाकर सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि, श्री राम भगवान का भव्य मंदिर 500 साल बाद आज अयोध्या में बनकर तैयार हो गया है।

# केजरीवाल पर चार्जशीट ला रही ईडी, आप पर सबसे बड़े संकट की होगी शुरुआत!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** झकथित शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जल्द चार्जशीट दायर की जा सकती है। ईडी 15 मई से पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है, जिसमें आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ईडी यदि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाती है तो यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। इससे आप के लिए बड़े संकट की शुरुआत हो सकती है।



रिपोर्ट में बताया गया है कि चार्जशीट को ड्राफ्ट किए जाने का काम फाइनल होने वाला है। यह भी बताया गया है कि पुराने चार्जशीट्स में आरोपी लगाए गए लोगों के अलावा इस बार 4-5 और नए नाम हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल और के कविता के अलावा सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गोवा के राजनीतिक कार्यकर्ता चनप्रीत सिंह का भी नाम हो सकता है। सिंह को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह गोवा विधानसभा चुनाव में उन्होंने आप की फंडिंग का प्रबंधन किया था। ईडी का दावा है कि घोटाले की रकम का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया गया। हवाला लेनदेन में शामिल कुछ और लोगों नाम भी चार्जशीट में सामने आ सकते हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक दल को आरोपी बनाना अभूतपूर्व है, लेकिन उन्होंने इसके लिए कानूनी सलाह ली है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने भी संकेत दिए थे।

# यूपी के बस्ती जिले में आग का तांडव, एक दिन में 18 जगह तबाह

**बस्ती, एजेंसी।**
बस्ती जिले में लगातार तीन हफ्ते से आग का तांडव जारी है। आग बुझाने के लिए जब तक अग्निशमन विभाग टीम दमकल लेकर पहुंचती है तब तक लोगों के आशियाने, फसल व उनके अरमान जलकर बर्बाद हो जा रहे हैं। रविवार को भी आग का कहर जिले में बना रहा। तेज पछुआ की हवाएं आग में घी का काम रही हैं। आग की लपटें तेजी से फैल कर गेहूं के प्लाट का प्लाट साफ कर दे रहीं हैं। रुधौली थानाक्षेत्र के पड़इयाचेत सिंह व उमरा दसिया गांव में इरशाद के गेहूं के खेत में आग लगी। दमकल ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नगर क्षेत्र के राजघाट गांव में, कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट, मलिकपुरवा, अमहट व सियरापार गांव



में गेहूं के खेत में तथा वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के छरौरा, पोखरभिटवा, बड़ेवन गनेशपुर में बाग में व पलानी मझौआमीत गांव में गेहूं के खेत में, पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के मरवटिया गांव में, कप्तानगंज थानाक्षेत्र के महराजगंज के गेहूं के खेत में, पैकोलिया के घाटमपुर गांव में, सोनहा थानाक्षेत्र के परसोइया गांव में खड़ी गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई। मुंडेरवा थानाक्षेत्र के रामपुर गांव में, सोनहा थानाक्षेत्र के बढौया नगवरिया में तकरीबन पचास बीघे से अधिक गेहूं की फसल आग की चपेट में आकर नष्ट हो गई।

लालगंज क्षेत्र के जिगनादेव में रविवार को लगभग 12.30 बजे पर घर में दूध गर्म करते वक्त राम बेलास पांडेय के घर उठी चिंगारी से मकान में रखा घर गृहस्थी का सारा सामान आग में जलकर राख हो गया है। घर में रखा 20 बोरी धान, 10 कुंतल चावल व 15 कुंतल गेहूं 10 हजार कैश, जेवर कपड़े सहित घर गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया है।

भानपुर में सोनहा थाने के बनटिकरा गांव के सिवान में गेंहू के डंठल में लगी आग को बुझाने के लिए फायर स्टेशन भानपुर के चालक सहित चार फायरमैन चार घंटे तक जूझते रहे।

## बुर्का नहीं पहना और कुमकुम लगाया तो... पत्नी के सामने महिला के साथ की हैवानियत

**बेलगावी।** कर्नाटक में 28 वर्षीय महिला की निजी तस्वीरों का उपयोग करके उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई। वहीं, महिला पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान रफीक और उसकी पत्नी के रूप में हुई, जो उसके साथ यौन गतिविधियों में लिप्त था।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे बुर्का पहनने और माथे पर कुमकुम नहीं लगाने के लिए मजबूर किया गया है। तीनों एक साथ रह रहे थे और 2023 में उसके पति रफीक ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया और उसे इस्लाम में परिवर्तित करने की मांग की। बेलगावी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भीमाशंकर एस गुलेद ने कहा, अप्रैल 2024 में आरोपी ने पीड़िता को पांच बार नमाज पढ़ने, बुर्का पहनने और कुमकुम न पहनने के लिए मजबूर किया।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)